माघ मास, शुक्ल पक्ष 4, वर्ष 11, अंक 348, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, बुधवार, 25 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा



अंदर - आक्सफैम रिपोर्ट: भारत में गैर बराबरी की इंतहा

# लखनऊ में अपार्टमेंट गिरा, 5 की मौत

## मलबे में 30-40 लोगों के दबे होने की आशंका

**बड़ा हादसा**

### डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की निगरानी में राहत कार्य जारी

### अस्पताल और ब्लड बैंक अलर्ट पर, बड़ी तादाद में पुलिस तैनात



**लखनऊ।** लखनऊ के वजीर हसन रोड स्थित अलाया अपार्टमेंट मंगलवार शाम अचानक भरभराकर गिर गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस व राहत टीमें बचाव कार्य में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि इसमें करीब 30 से 40 लोग दबे हो सकते हैं। हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। बचाव दल द्वारा मलबे से बाहर निकाले गए दो लोगों ने सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इमारत गिरने की दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमों को मौके पर जाकर राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। आसपास के लोगों के मुताबिक, बेसमेंट ड्रिल मशीन से खुदाई चल रही थी। इसी दौरान एक सिलिंडर भी फटा, फिर पूरी बिल्डिंग बेसमेंट मे सीधे बैठ गई। आलिया अपार्टमेंट याजदान बिल्डर ने बनाया था। यहां संकरे रास्ते होने के कारण एम्बुलेंस व फायर की गाड़ियों को जाने में दिक्कत हो रही है। बचाव दल ने कई लोगों को सुरक्षित निकाला। इन्हें सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया। बताया जा रहा है कि यह इमारत 15 साल पहले बनी थी। मौके पर पुलिस कमिश्नर एस. बी. शिरडकर पहुंच चुके हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मौके पर एसडीआरएफ व एनजीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इमारत में कोई रिपेयर वर्क चल रहा था। ड्रिलिंग की आवाज आ रही थी। तभी बिल्डिंग गिरी।

लोगों के मुताबिक, बेसमेंट सहित पांच मंजिला बिल्डिंग पूरी तरह ढह गई। स्थानीय निवासी राम कुमार माली ने बताया कि करीब 6:30 बजे अचानक तेज धमाके के साथ बिल्डिंग गिर गई। इसके करीब डेढ़ घंटे बाद रेस्क्यू शुरू हुआ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जानकारी दी कि फिलहाल सात लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा गया है। ये सभी बेहोश थे। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। लोग कह रहे हैं कि इमारत में 30-35 परिवार रह रहे थे।

### लोगों को बचाना हमारे लिए बड़ी चुनौती: उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि बिल्डिंग चार मंजिला थी। ढही इमारत के मलबे से सात लोग निकाले गए हैं, जिन्हें अचेत अवस्था में सिविल अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भेजा गया है। उन्होंने कहा कि अभी सबसे बड़ी चुनौती लोगों को बचाना है, लेकिन अभी यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि मलबे में कितने लोग फंसे हैं। उप मुख्यमंत्री के अनुसार, बिल्डिंग में कई परिवार रहते थे। इमारत में बेसमेंट बनाने का काम चल रहा था, जिसके लिए ड्रिलिंग की गई थी। शाम को काम बंद होने के बाद लगभग सात बजे बिल्डिंग ढह गई। पाठक ने कहा कि उन्हें जैसे ही हादसे की सूचना मिली, वे तुंरत एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस को राहत कार्य का निर्देश दिया और वह खुद भी मौके पर पहुंचे।



# यूपी में जन्म लेना गौरव की बात : योगी

**यूपी दिवस समारोह**

### योगी ने कहा कि पीएम का सपना यूपी देश का ग्रोथ इंजन बने

### सीएम और राज्यपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया



**लखनऊ।** अब से कुछ देर पहले उत्तर प्रदेश दिवस पर राजधानी के अवध शिल्पग्राम में आयोजित समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेना सौभाग्य की बात है और यूपी में जन्म लेना गौरव की बात है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि यूपी देश का ग्रोथ इंजन बने और इस दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। अपने सम्बोधन में सीएम ने कहा चाहे आजादी का संघर्ष हो या फिर वैदिक परंपरा दोनों में उत्तर प्रदेश के महानायकों ने अपना सहयोग पूरे देश को दिया है। राष्ट्र के फलक पर यूपी चमकता हुआ सितारा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में आपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इन सभी संभावनाओं को संसाधनों और निवेश के जरिये मूर्तरूप देने का काम लगातार कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी हमारे प्रदेश के काशी से पूरे देश का विश्व में प्रतिनिधित्व करते हैं , ये गर्व की बात है। सीएम योगी ने कहा आज हम आजादी का अमृत उत्सव मना रहे हैं। हमारी राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के मार्गदर्शन में यूपी विकास में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने पर प्रदेश नए दिशा की ओर आगे बढ़ा। सीएम ने कहा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट आज यूपी की पहचान बन चुका है। हमारा प्रदेश आज एक्सपोर्ट हब बन चुका है। उन्होंने कहा साढ़े सात लाख युवाओं को सीएम अप्रेंटिस योजना से जोड़ा जाएगा जिससे प्रदेश में रोजगार की कोई कमी न रहे। साथ ही इन्वेस्टर्स समिट के जरिये आने वाले निवेश से प्रदेश में विकास को गति मिलेगी।

समारोह के दौरान सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मी बाई और लक्ष्मण पुरस्कारों से सम्मानित किया। समारोह में 12 खिलाडियों को लक्ष्मी बाई पुरस्कार के अंतर्गत 3.11 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पात्र दिया गया। इसके आलावा 16 लोगों को विवेकानंद यूथ पुरस्कार और कामनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने वाले 14 खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया। इस समारोह के दौरान ओडीओपी से जुड़ी 6 योजनाओं को वर्चुअल माध्यम से ऑनलाइन जारी किया।

# भाजपा ने मेरी छवि बिगाड़ने के लिए करोड़ों रुपये लगाये: राहुल

**आरोप**

### भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने कहा कि कांग्रेस सबक सिखाएगी, देश में सच चलता है



**जम्मू।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उनकी छवि बिगाड़ने के लिए क्रमबद्ध तरीके से हजारों करोड़ रुपये लगाये हैं, लेकिन सच हमेशा सामने आता है। वह सोशल मीडिया पर उपहासपूर्ण तरीके से खुद को पप्पू कहे जाने के संदर्भ में यह बात कह रहे थे। अपनी भारत जोड़ो यात्रा के अंतिम चरण में पहुंचने के दौरान राहुल ने कहा कि कांग्रेस सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को यह सिखाएगी कि इस देश में सच चलता है, धन, ताकत और अहंकार नहीं चलता। कश्मीर घाटी की यात्रा शुरू करने से पहले जम्मू में संवाददाताओं से बातचीत में 52 वर्षीय कांग्रेस नेता से जब पूछा गया कि क्या कांग्रेस उनकी पप्पू वाली छवि के मुकाबले के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है तो उन्होंने कहा, मेरी छवि को खराब करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। भाजपा और उसके नेताओं ने क्रमबद्ध तरीके से ऐसा किया है। हजारों करोड़ रुपये से सच को नहीं छिपाया जा सकता और आपने इसे देखा है। सच हमेशा सामने आता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा के नेताओं को लगता है कि धन और ताकत से सबकुछ हासिल किया जा सकता है।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर लगाया 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने 6 दिसंबर की घटना की सूचना नहीं देने के लिए एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। नियमों का उल्लंघन के लिए एयर इंडिया पर ये जुमार्ना लगाया गया है। डीजीसीए ने 9 जनवरी को पेशाब करने की दूसरी घटना के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था। ये घटना 6 दिसंबर को एयर इंडिया की पेरिस-दिल्ली उड़ान में हुई थी जब एक पुरुष यात्री ने एक खाली सीट पर और एक महिला सह यात्री के कंबल पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया था। विमान के पायलट ने इस घटना के बारे में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना दी, जिसके बाद पुरुष यात्री को पकड़ लिया गया था। हवाई अड्डा प्रबंधन को सूचित किया गया था कि पुरुष यात्री शराब के नशे में था।

# बजट से पहले आम-राय बनाने में जुटी सरकार

**आम बजट**

### 30 जनवरी को बुलाई सर्वदलीय बैठक, पुराने संसद भवन में होगा सत्र



**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश करेंगी। इससे पहले सरकार ने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए 30 जनवरी को सभी दलों की एक बैठक बुलाई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। दरअसल, महंगाई और बेरोजगारी समेत कई मुद्दों को लेकर बजट सत्र में विपक्ष का रुख हमलावर रह सकता है। ऐसे में सरकार की कोशिश है कि सेशन को बिना किसी शोर-शराबे के सुचारू रूप से चलाया जाए। इसके लिए सरकार विपक्ष के साथ बैठकर आम राय बनाने की कोशिश करेगी।

बता दें कि इस साल बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और दो चरणों में 6 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दौरान संसद में कुल 27 बैठकें आयोजित होंगी। करीब एक महीने के अवकाश के बाद बजट सत्र का दूसरा चरण 12 मार्च से शुरू होगा और 6 अप्रैल तक चलेगा। 31 जनवरी को दोनों सदनों के संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संबोधित करेंगी। इसी दिन वित्त वर्ष 2022-23 का वार्षिक आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। इसके अगले ही दिन 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट पेश करेंगी। पिछले कुछ दिनों से इस बात की चर्चा गर्म थी कि इस बार होने वाले बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति का संयुक्त अभिभाषण नए संसद भवन में होगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सारे कयासों पर विराम लगा दिया है। ओम बिरला ने ट्वीट करके जानकारी दी है कि नए संसद भवन का कार्य अभी जारी है। ऐसे में पुराने संसद भवन में ही बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा।




### सीएम योगी के डुप्लीकेट से हुई पुलिसवालों की झड़प, वीडियो वायरल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के के ओरछा में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की तरह दिखने वाले एक शख्स और पुलिस के बीच झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, अभी तक इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को एक कार्यक्रम में शिरक्त करने के लिए निवाड़ी जिला पहुंचे थे। यहां उन्होंने ओरछा-टीकमगढ़ मार्ग पर बेतवा नदी के पुल का लोकार्पण सहित मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश की विभिन्न 550 किलोमीटर लंबी 18 सड़क परियोजनाओं के विस्तार का शिलान्यास किया। इसी दौरान कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ के तरह दिखने वाले शख्स ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। ये शख्स हू-ब-हू सीएम योगी आदित्यनाथ की तरह कपड़े पहनकर कार्यक्रम में आगे की सीट पर बैठा था। तभी पुलिस ने शख्स को वहां से उठकर पीछे बैठने को कहा। जिस पर पुलिस और व्यक्ति की तकरार हो गई। दरअसल निवाडी जिले के पृथ्वीपुर का रहने वाला दिलीप कुमार जैन बिल्कुल सीएम योगी का डुप्लीकेट है। कार्यक्रम में दिलीप आगे की सीट पर बैठा हुआ था।

# बाबा धाम में खुलेंगे सरकारी कार्यालय

**पहल**

### काशी विश्वनाथ धाम बोर्ड की बैठक में हुआ निर्णय

### 'पहले आओ- पहले पाओ' योजना के तहत होगा इम्पोरियम का आवंटन




**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद की 11वीं बैठक मंगलवार को आयुक्त सभागार में आयोजित की गई। इसमें पिछली बैठक की प्रगति रिपोर्ट को लेकर चर्चा की गई और आगामी प्रस्ताव भी बोर्ड के सदस्यों के सामने रखी गई। इस बैठक में सबसे पहले श्री काशी विश्वनाथ धाम में बने इंपोरियम में सरकारी विभागों को शॉप को खोलने की अनुमति बोर्ड के अध्यक्ष मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने दे दी। बोर्ड के सीईओ सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि इंपोरियम के ग्राउंड फ्लोर की बुकिंग प्रक्रिया चालू है । सरकारी विभागों को निर्धारित मूल्य पर देने का निर्णय लिया गया। प्रथम तल के इंपोरियम का आवंटन 21 प्रतिशत दर को कम करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा इस बैठक में स्प्रिचुअल बुक स्टोर के आवंटन के लिए धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन करने वाली संस्थाओं को रियायती दर पर उपलब्ध कराने की बात पर सदस्यों ने मुहर लगाई। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने समिति के समक्ष अपनी प्रगति आख्या में बताया कि परिसर के 10 से अधिक भवन का आवंटन हो चुका है। उनका सदुपयोग अगले माह से शुरू कर दिया जाएगा। वही 77 दुकानदारों को दुकानें भी आवंटित कर दी गई हैं। यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए मंदिर के हर प्रवेश द्वार पर काउंटर बनाकर टिकट और उचित जानकारी देने की व्यवस्था की जा रही है साथ ही बाबा के भोग प्रसाद बनाने के लिए नई भोगशाला तैयार कर ली गई है, जिसमें जल्द ही बाबा के आरती के समय बनने वाले भोग प्रसाद को तैयार कराया जाएगा। जिलाधिकारी एसराज लिंगम ने कहा कि परिसर में साइनेज और आवंटित दुकानदारों के लिए भी एक फ्रेम और एक डिजाइन के प्लेट्स लगाया जाए और उनकी सूचनाएं हर प्रवेश द्वार के आसपास लगाया जाए, इससे एक रूपता और खूबसूरती पूरे परिसर की बनी रहेगी। इस बैठक में डीसीपी काशी, वीडीए के उपाध्यक्ष सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भारत की यात्रा पर पहुंचे मिस्त्र के राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस पर बनाया चीफ गेस्ट

**नई दिल्ली।** भारत के 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह एल सिसी मंगलवार को यह दिल्ली पहुंच गये। पालम वायुसैनिक हवाईअड्डे पर मिस्त्र के राष्ट्रपति अपने विशेष विमान से करीब छह बजे उतरे। विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने उनकी अगवानी की। एल सिसी की यह तीसरी भारत यात्रा है। वह पहली बार 2015 में भारत अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन में भाग लेने आये थे और इसके बाद सितंबर 2016 में वह द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर आये थे। मोदी से उनकी यह तीसरी मुलाकात होगी। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार एल सिसी का कल सुबह दस बजे राष्ट्रपति भवन में रस्मी स्वागत किया जाएगा। वह तीनों सेनाओं की संयुक्त टुकड़ी की सलामी गारद का निरीक्षण करेंगे।

# दिल्ली के मेयर का चुनाव फिर टला

**सदन में नारेबाजी**

### एमसीडी की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की बैठक मंगलवार को शुरू हुई जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के विरोध के बावजूद निर्वाचित प्रतिनिधियों से पहले उपराज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्यों ने शपथ ली। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सदन की बैठक में भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी और मार्शल तैनात किए गए। कुछ पार्षदों के हंगामे के बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सदन की कार्यवाही मंगलवार को महापौर और उप महापौर का चुनाव कराए बिना स्थगित कर दी गई।एल्डरमैन और निर्वाचित पार्षदों की शपथ के बाद, सदन की कार्यवाही को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान भाजपा के पार्षदों ने सदन में मोदी, मोदी के नारे लगाये और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। मेयर चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के पार्षद मुकेश गोयल ने कहा जो लोग वोट डालने के पात्र नहीं है, उनको सदन के बाहर बैठाया जाए। फिलहाल 15 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। दिल्ली नगर निगम का सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। बीजेपी पार्षदों के लगातार हंगामे के बाद सदन स्थगित किया है। इससे पहले भी 6 जनवरी को मेयर का चुनाव नहीं हो सकता था। भाजपा पार्षद उस बेंच की ओर गए, जहां आप पार्षद बैठे थे और नारेबाजी की, जिसके बाद पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही को अगली तारीख तक के लिए स्थगित कर दिया।


# दिल्ली-एनसीआर समेत 5 राज्यों में कांपी धरती

## 30 सेकेंड तक महसूस हुए झटके, तीव्रता 5.8; नेपाल में था भूकंप का केंद्र

**कुदरत की मार**

### दिल्ली में नए साल के दिन व नवंबर में तीन बार आया था भूकंप

### नेपाल में आए भूकंप से राजस्थान हिला, अलवर, जयपुर में हल्के झटके महसूस हुए




**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को दोपहर 2:28 बजे 30 सेकेंड तक भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र नेपाल के कालिका से 12 किलोमीटर दूर बाजूरा में था। इसकी तीव्रता 5.8 आंकी गई। भूकंप का असर दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा,राजस्थान के भी कुछ इलाकों में महसूस किए गए। चीन में भी कई इलाकों में धरती कांपी है। नए साल के शुरूआत से लेकर अब तक राजधानी में भूकंप की यह तीसरी घटना है। इससे पहले 5 जनवरी को दिल्ली-ठउफ और कश्मीर में शाम 7:56 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 थी। इसका केंद्र अफगानिस्तान के फैजाबाद से 79 किमी दूर हिंदू कुश इलाका था। भूकंप दिल्ली में नए साल के पहले दिन यानी रविवार देर रात भी आया था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि देर रात 1:19 बजे 3.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। इसकी गहराई जमीन से 5 किमी नीचे थी। हालांकि इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ था। इससे पहले 29 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस समय तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.5 मापी गई थी। दिल्ली का पश्चिमी क्षेत्र भूकंप का केंद्र रहा था, जिसकी गहराई 5 किलोमीटर थी। 12 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर और उत्तराखंड में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। भूकंप आने के बाद लोग घरों और दफ्तरों से बाहर आ गए थे। तब दिल्ली के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, बिजनौर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में तीन फॉल्ट लाइन हैं। जहां फॉल्ट लाइन होती है, वहीं पर भूकंप का एपिसेंटर बनता है। दिल्ली-एनसीआर में जमीन के नीचे दिल्ली-मुरादाबाद फॉल्ट लाइन, मथुरा फॉल्ट लाइन और सोहना फॉल्ट लाइन हैं। भूगर्भ वैज्ञानिकों के मुताबिक भूकंप की असली वजह टेक्टोनिकल प्लेटों में तेज हलचल होती है। इसके अलावा उल्का प्रभाव और ज्वालामुखी विस्फोट, माइन टेस्टिंग और न्यूक्लियर टेस्टिंग की वजह से भी भूकंप आते हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता मापी जाती है। इस स्केल पर 2.0 या 3.0 तीव्रता का भूकंप हल्का होता है, जबकि 6 तीव्रता का मतलब शक्तिशाली भूकंप होता है। नेपाल में आए तेज भूकंप से राजस्थान का पूर्वी हिस्सा हिल गया। जयपुर, अलवर और दौसा के आसपास के इलाकों में मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे हल्के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- भूकंप का केन्द्र नेपाल का पहाड़ी इलाका रहा।

### बरेली, पीलीभीत व लखीमपुर खीरी में झटके

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बरेली, पीलीभीत और लखीमपुर खीरी में मंगलवार दोपहर करीब 2.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके महसूस होने पर लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। एक-दूसरे से जानकारी करने लगे। बाद में उन्हें पता चला कि भूकंप के कारण धरती डोली है। हालांकि यहां तीव्र झटके नहीं थे। उधर, दिल्ली-एनसीआर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बताया जा रहा है कि भूकंप के झटके काफी देर तक महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.8 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल था। पीलीभीत में मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप आते ही लोगों दहशत के कारण घरों व कार्यालयों से बाहर आ गए। विकास भवन में काम कर रहे लोगों की दोपहर ढाई बजे एकाएक जब मेज कुर्सी हिलना शुरू हुई तो घबराकर वह कार्यालय से बाहर निकल आए। कुछ ही देर में वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। कई स्कूलों में बच्चों को कक्षाओं से निकालकर मैदान में खड़ा करवा दिया गया। भूकंप को लेकर लोग दहशत में रहे। बाजार में भी खलबली मची रही। लोग एक-दूसरे को फोन कर जानकारी लेते रहे।

### केंद्र न्यायपालिका पर 'कब्जा' करना चाहता है : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार न्यायपालिका पर कब्जा करना चाहती है। उन्होंने न्यायिक प्रणाली पर केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू की हालिया टिप्पणी को भी गलत करार दिया। केजरीवाल ने रीजीजू के संबोधन का एक वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, देश की सभी स्वतंत्र संस्थाओं पर गैर कानूनी रूप से कब्जा करने के बाद अब ये लोग न्यायपालिका पर कब्जा करना चाहते हैं। जनता ऐसा कभी नहीं होने देगी। न्यायपालिका के खिलाफ इस तरह की बयानबाजी सही नहीं है। रीजीजू ने सोमवार को तीस हजारी अदालत परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कहा कि चूंकि न्यायाधीश निर्वाचित नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें सार्वजनिक जांच का सामना नहीं करना पड़ता है, लेकिन लोग उन्हें देखते हैं और न्याय देने के तरीके से उनका आकलन करते हैं।

## संक्षेप

### अधिवक्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर को किया याद



वाराणसी। बिहार के दो बार सीएम रहे जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। बीबीए के पूर्व पुस्तकालय मंत्री और हुकुलगंज से पार्षद प्रत्याशी राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कचहरी स्थित कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ऐसे नेता थे जो आजादी के आंदोलनों में भाग लिया तो सक्रिय राजनीति में अधिकारों के लिए लड़ना सीखाया। इस दौरान सुभाष प्रसाद पटेल, विवेक शर्मा, रामरेणु चंदन, राम प्रवेश यादव,आनंद समेत अन्य अधिवक्ता रहे।

### रामचरित मानस पर दिये बयान पर अधिवक्ताओं में आक्रोश



वाराणसी। रामचरित मानस पर दिये विवादित बयान को लेकर वाराणसी में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ रपट दर्ज करने की मांग उठी। अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय संतोष कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपा और मांग की चेतगंज थाने में रपट दर्ज की जाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर थाने में रपट दर्ज नहीं होती तो कोर्ट के माध्यम से मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। अधिवक्ता अशोक कुमार के नेतृत्व में वकीलों का दल संतोष कुमार सिंह से मिला। अशोक कुमार का कहना है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान से हिंदू भावना आहत हुई है। रामचरित मानस पर दिया गया उनका बयान ना केवल बर्दाश्त करने योग्य है बल्कि संज्ञेय अपराध है।

### खड़े ट्रक में घुसा ट्रेलर, चालक की मौत



दानगंज। चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी अंतर्गत तराव के पास वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग पर मंगलवार भोर में वाराणसी से आजमगढ़ की तरफ जा रही अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मंगलवार की तड़के लोडर मशीन लदी ट्रेलर तराव गांव के पास सड़क किनारे पार्क हुए ट्रक में टकरा गयी। इस हादसे में ट्रेलर चालक केबिन के अंदर ही कुचल गया और उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राजेश त्रिपाठी ने क्षतिग्रस्त ट्रेलर के हिस्से को कटवाकर शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान प्रदीप तिवारी (35) निवासी नौतन ठाकरहा पश्चिमी चंपारण मधुमनी (बिहार) के तौर पर हुई। आगे की कार्रवाई में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

### फर्जी चेक लगाकर कराया बैनामा, रपट दर्ज

वाराणसी। लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के रमरेपुर निवासी एक व्यक्ति के लाखों रुपए की जमीन में फर्जी चेक लगा कर धोखाधड़ी से बैनामा कराए जाने का मामला लालपुर थाने पहुंचा। पीड़ित के शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध पुलिस धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के संजयनगर कॉलोनी, रमरेपुर निवासी अखिलेश कुमार सिंह का आरोप है कि उनकी रमरेपुर स्थित 88 वर्ग मीटर जमीन को रोहनिया थाना क्षेत्र के भुल्लनपुर के रहने वाले अभिषेक सिंह के माध्यम से सुंदरपुर बीएचयू के रहने वाले एक व्यक्ति ने 20 लाख का फर्जी चेक लगाते हुए क्रेता ने बैनामा करा लिया। जब चेक संबंधित बैंक में लगाया तो चेक बाउंस हो गया। पीड़ित के अनुसार उसने दाखिल खारिज में भी आपत्ति लगाने का प्रयास किया लेकिन क्रेता ने बिना भुगतान किए संबंधित विभाग के सहयोग से दाखिल खारिज भी करा लिया।

### चार के खिलाफ गैंगस्टर

वाराणसी। लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस ने एक महिला सहित चार के खिलाफ गैंगस्टर में कार्यवाही की। गैंगस्टर में निरुद्ध संजय राजभर निवासी रमना जाल्हूपुर ,श्वेता पत्नी राकेश कुमार कुशवाहा निवासी सलारपुर सारनाथ , सुनील कुमार नेवादा कमौली चौबेपुर और सहादुर यादव निवासी विशुनपुरा चौबेपुर पर संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने का आरोप और रपट दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक लालपुर पाण्डेयपुर ने अभियुक्तगण के विरुद्ध मु0अ0स0 144/2022 धारा 376,419,420,364, 34, 120बी भादवि व 3(2)(र) स0/ज0 अ03 पंजीकृत है। जिसकी विवेचना सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ द्वारा की जा रही है जिसके क्रम में आज गैंगस्टर की कार्यवाही की गई है।

### जैतपुरा थाने के हिस्ट्रीशीटर की खुली एसएस

वाराणसी। जैतपुरा थाना का हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद जुबैर निवासी शक्कर तालाब जैतपुरा की हिस्ट्रीशीट पुलिस ने खोली। जुबैर के ऊपर हत्या का प्रयास, गोवध और गिरोहबंद अपराध करने का मुकदमा दर्ज है।

### बार और बेंच के बीच अटूट रिश्ता: जिला जज



पिंडरा। बार और बेंच का सम्बन्ध अटूट है। इसे तोड़ने के लिए कई बार प्रयास हुए लेकिन बार बेंच ने अपने सम्बन्ध से उसे हल किया है। उक्त बातें पिण्डरा तहसील बार एसोसिएशन के विजेता पदाधिकारियों शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने कही। उन्होंने ग्रामीण न्यायालय की स्थापना व भवन के बाबत अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितेश कुमार सिंह ने कहा कि वकील समाज के पीड़ित को न्याय दिलाने का काम करते हैं। भाजपा नेता रजनीकांत मिश्रा ने वकीलों के टिन शेड को पक्का कराने का आश्वासन दिया। अध्यक्षता पूर्व बार अध्यक्ष कमलाकांत मिश्र, संचालन अश्वनी मिश्र स्वागत अशोक पांडेय धन्यवाद ज्ञापन बार अध्यक्ष राजेश पटेल ने दिया। समारोह को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितेश कुमार सिंह, एसीपी अमित पांडेय, प्रदेश बार कॉउंसिल के सदस्य विनोद पांडेय, सेंट्रल बार अध्यक्ष प्रभुनारायण पांडेय, बनारस बार अध्यक्ष का रामप्रवेश सिंह, पूर्व बार अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, सुबाष दुबे, जवाहर लाल वर्मा, श्रीनाथ गोंड़, सुमन्त दुबे, मनोज श्रीवास्तव, प्रितराज माथुर, मनीष पाठक आदि मौजूद रहे।

# ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने दुकानदारों को घेरकर पीटा

**विवाद**

## आक्रोशित व्यापारी पहुंचे थाने मिली 24 घंटे की मोहलत

जनसंदेश न्यूज



कोतवाली थाने में मारपीट में घायल और उसके समर्थन में जुटे व्यापारी

**वाराणसी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मृत्युंजय महादेव मंदिर के पास दुकान लगाने वाले चार भाइयों को ऑटो चालकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। हमलावर हाथ में लोहे की फाइटर पहले थे। मामले की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में व्यापारी कोतवाली थाने पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए 24 घंटे का समय दिया।

जानकारी के अनुसार मृत्युजंय महादेव के पास अजय कुमार, अजीत कुमार समेत अन्य दो भाइयों की चीनी की आढ़त है। यहां ऑटो और ईरिक्शा वालों ने दुकान के रास्ते को घेरकर वाहन पार्क किया था। पीड़ितों ने इसका विरोध किया और दुकान के सामने से वाहन हटाने को कहा। इस बात को लेकर ऑटो व ईरिक्शा चालकों में कहासुनी हुई। इसके बाद लोहे की फाइटर पहने एक दर्जन की संख्या में आये चालकों ने चारों भाइयों के जमकर पीटा और लहूलुहान कर दिया। घायलों ने कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल में इलाज कराने के बाद कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये। पुलिस का कहना है कि 24 घंटे के अंदर सभी आरोपित गिरफ्तार होंगे।

# सीपी ने जांची महाशिवरात्रि से पहले की तैयारी



काशी विश्वनाथ परिसर में सुरक्षा के बाबत निरीक्षण करते सीपी

**वाराणसी।** आगामी पर्व महाशिवरात्रि को लेकर मंगलवार को पुलिस कमिश्नर मुथा आशोक जैन ने काशी विश्वनाथ परिसर का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींचा। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सूर्यकांत त्रिपाठी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

सीपी ने पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ना केवल भ्रमण किया बल्कि मातहतों को निर्देशित भी किया। सीपी ने इस दौरान आने वाले दर्शनार्थियों के लिए क्या बंदोबस्त होने चाहिए या इंट्री आउट प्वाइंट क्या हो इस बारे में जानकारी ली और सुझाव दिया। उन्होंने अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा। पुलिस को निर्देशित किया गया कि अगर कोई व्यक्ति सहयोग मांगते हैं तो उसे प्राथमिकता दी जाए। दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े इस बाबत भी निर्देश दिया।

महाशिवरात्रि से जुड़े सभी बिंदुओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान पुलिस उपायुक्त सुरक्षा सूर्यकांत त्रिपाठी, अपर पुलिस उपायुक्त सुरक्षा वीरेंद्र कुमार, सीआरपीएफ सहायक कमांडेंट विनोद कुमार सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्रा, कार्यपालक मजिस्ट्रेट विजय प्रकाश यादव।

# कोर्ट ने अपनाया कड़ा रुख पूछा कहां है आतंकी

जनसंदेश न्यूज

**सुनवाई**

## 17 साल पहले जम्मू ले जाते शिवपुर में ट्रेन से कूदकर भाग गया था अली अहमद

## कोर्ट ने कहा नौ फरवरी को करें पेश, या उपलब्ध कराएं स्पष्ट जानकारी

**वाराणसी।** 17 साल पहले सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन से जम्मू ले जाते समय शिवपुर के पास ट्रेन से कूदकर भागे पाकिस्तान राज्य के पंजाब प्रांत ओकरा गांव निवासी आतंकी अली अहमद उर्फ अबू हैदर के कोर्ट में पेश न होने पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (उत्तर रेलवे) पवन कुमार सिंह की अदालत ने इस मामले में डीजीपी उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि आरोपी अली अहमद उर्फ अबू हैदर को कोर्ट में नौ फरवरी को पेश करें या उसकी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराए। अदालत ने इस बाबत डीजीपी समेत गृह सचिव उत्तर प्रदेश व गृह सचिव जम्मू काश्मीर व डीजीपी जम्मू कश्मीर कोआदेश की प्रति भेजने का निर्देश दिया है की वह इस आतंकी के बारे में पता लगाकर बताएं कि वह वर्तमान समय में कहां पर निरुद्ध है।

18 जनवरी 2006 को जम्मू पुलिस ने आतंकी अली अहमद उर्फ अबू हैदर को सियालदाह - जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन से जम्मू ले जा रही थी। उसी दौरान शिवपुर रेलवे स्टेशन के समीप आतंकी अली अहमद उर्फ अबू हैदर ने पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी समेत ट्रेन से कूदकर भाग निकला।

जिसके बाद जम्मू काश्मीर पुलिस के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने इसकी सूचना वाराणसी पुलिस प्रशासन को दी। जिसके बाद वाराणसी पुलिस ने शिवपुर स्टेशन से लेकर आसपास के गांवों में नाकेबंदी कर उसकी तलाश शुरू की।

जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से पुलिस उसे शिवपुर थाना क्षेत्र के वीरापट्टी गांव के एक बगीचे से गिरफ्तार किया था। इस दौरान वह गांव के बगीचे में कंबल ओढ़कर छिपा हुआ था। बाद में इसके खिलाफ जीआरपी थाने में पुलिस अभिरक्षा से भागने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया था।

बाद में उसे जम्मू भेजा गया था, जहां से फिर वह पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया और वर्तमान में वह कहां है इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते मुकदमा विलंबित है।

इसके खिलाफ जम्मू के जेआई सी थाना क्षेत्र अन्तर्गत में बम ब्लास्ट समेत कई संगीन मामले के वांछित है। जम्मू कश्मीर के परमौर क्षेत्र से भी वो भागने के मामले में। मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# ज्ञानवापी से जुड़े छह मामलों की सुनवाई टली


**वाराणसी।** ज्ञानवापी प्रकरण में सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अश्वनी कुमार की अदालत में मंगलवार को लंबित छह मामलों की सुनवाई टल गई। एक अधिवक्ता के निधन होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में अगली सुनवाई 13 फरवरी की तिथि नियत की गई है। केदार घाट के श्रीविद्यामठ की साध्वी पूर्णाम्बा देवी शारदाम्बा की ओर से दाखिल वाद भी है। इसमें ज्ञानवापी परिसर स्थित मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन-पूजन की मांग की गई है। ज्ञानवापी से जुड़े सात मुकदमों को एक ही अदालत में सुनने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन-पूजन की मांग करने वाली चार महिलाओं की ओर से दाखिल किया गया है। इसकी सुनवाई जिला जज की अदालत में होगी थी मगर सुनवाई टल गई। इस मामले में अगली सुनवाई चार फरवरी की तिथि नियत की गई है।

# अपार्टमेंट की छत से गिरकर वृद्ध की मौत

जनसंदेश न्यूज

**दुखद**

## टहलने के दौरान हुआ हादसा



शिवबली सिंह (फाइल फोटो)

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के बजरडीहा चौकी अंतर्गत बड़ी गैबी इलाके में स्थित एक अपार्टमेंट में रहने वाले शिवबली सिंह (85) की छत से गिर कर मौत हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को आगे की कार्रवाई में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार अकोहरा बड़ागांव के रहने वाले शिवबली सिंह बड़ी गैबी क्षेत्र में एक अपार्टमेंट के 301 फ्लैट में अपने छोटे बेटे अरविंद सिंह के साथ रहते थे। प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी छत पर टहले गए थे। टहले के बाद छत के किनारे बैठे थे।

इसी दौरान उन्हें चक्कर आया और संतुलन बिगड़ने की वजह से सीधे चार मंजिला मकान से नीचे गिरे। घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। मृतक के 2 बेटे एक बेटी है। बड़ा बेटा डॉ.धनंजय सिंह बंगलोर रहते है। छोटा बेटा अरविंद बनारस में ही दवा का व्यपार करता है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से 'खुली' निविदा आमंत्रित करते है।

**ई निविदा सूचना सं0:– एनईआर–बीएसबी–2022–169 कार्य का नाम:** आर0डी0एस0ओ0 स्पेशिफिकेशन (अद्यतन शुद्धि पर्ची के साथ) जून/2016 के अनुसार (प्राइवेट खदान से) मशीन से टूटी 65 एमएम आकार की पत्थर गिट्टी का निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे के औड़िहार–छपरा अनुभाग के विभिन्न स्टेशनो के लिए सेस पर आपूर्ति एवं लदाई। (अनु0 मात्रा 23,500.00 घनमीटर), अनुमानित लागत : ₹ 6,90,58,160.00, अमानत राशि: ₹4,95,300.00, निविदा बन्द होने की तिथि: 17.02.2023, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 12 माह

**ई निविदा सूचना सं0:–एनईआर–बीएसबी–2022–170 कार्य का नाम:** आर0डी0एस0ओ0 स्पेशिफिकेशन (अद्यतन शुद्धि पर्ची के साथ) जून/2016 के अनुसार (प्राइवेट खदान से) मशीन से टूटी 65 एमएम आकार की पत्थर गिट्टी का निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा–मटनी एवं गोरखपुर छावनी–पनियहवा अनुभाग के विभिन्न स्टेशनो के लिए सेस पर आपूर्ति एवं लदाई। (अनु0 मात्रा 24,450.00 घनमीटर), अनुमानित लागत : ₹8,93,55,542.00, अमानत राशि:₹5,96,800.00, निविदा बन्द होने की तिथि: 17.02.2023, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 12 माह।

निविदा सूचना सं:–एनईआर–बीएसबी–2022–169 से एनईआर–बीएसबी–2022–170 दिनांक 17.02.2023 को 14.30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक/(इंजी)
मुजाधि/डब्लू–352 वाराणसी

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# दूसरे के क्रेडिट कार्ड से की लाखों की खरीदारी

## कार्रवाई हुई नहीं और एफआर भी लग गयी

जनसंदेश न्यूज

**सेवापुरी।** सेवापुरी क्षेत्र के तेंदुई गांव निवासी राज कुमार सोनकर के क्रेडिट कार्ड से जालसाजी कर खाते से 2.46 लाख की खरीदारी कर ली गयी। इस मामले में पीड़ित ने बैंक शाखा के अलावा बड़ागांव थाने में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी। आरोप है कि बजाय कार्रवाई के इस मामले में विवेचक ने एफआर भी लगा दी।

पीड़ित की माने तो उसका खाता वाजिदपुर बड़ागांव स्थित एक निजी बैंक में है। भतीजी की शादी के लिए उसने पैसे जुटाया था। लेकिन किसी प्रकार से उसका क्रेडिट कार्ड हैक कर जालसाज ने 2.46 लाख की ऑनलाइन खरीदारी कर ली। मामले की जानकारी होने पर उसने ऑनलाइन शिकायत बड़ागांव थाने में दर्ज करायी थी। लेकिन बजाय ठोस कार्रवाई के एफआर लगा दी गयी। पीड़ित ने साइबर थाने में भी इस प्रकरण को अवगत कराया। लेकिन कार्रवाई अभी ढीली पड़ी है।

### कार्ड बदलकर निकाला पैसा

**सेवापुरी।** सेवापुरी क्षेत्र के करधना गांव निवासी अरशद अंसारी एटीएम मशीन के अंदर जालसाजी का शिकार हो गया। 18 जनवरी को पैसा निकालते वक्त वहां मौजूद एक व्यक्ति ने उसे झांसे में लिया और पिन नंबर प्राप्त कर मौका देख कार्ड बदल दिया और हजारों रुपये निकाला। मामले की जानकारी कुछ समय बाद पीड़ित के मोबाइल पर मैसेज आने के बाद हुई। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ जंसा पुलिस थाने में रपट दर्ज करायी।




# गेटमैन को युवक ने पीटा, मुकदमा दर्ज



केबिन के अन्दर तोड़फोड़

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह क्षेत्र के बरेका नाथुपुर में रेलवे फाटक पर बाइक सवार ने गेटमैन को केबिन के अंदर मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद वहां से भाग निकला। मामले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची आरपीएफ और मंडुवाडीह थाना पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह गेटमैन राजेश तिवारी 56 वर्ष निवासी कंचनपुर सुबह आठ बजे नाथुपुर गेट पर ड्यूटी पर आया। किसी ट्रेन के गुजर जाने के बाद रेलवे फाटक खोला, लेकिन सुबह ड्यूटी व स्कूल जाने वालों की भीड़ के चलते रेल फाटक पर जाम लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी बीच बुलेट सवार युवक 2 बच्चों को लेकर रेलवे ट्रैक बाइक उतार दी। इसपर राजेश ने उसे मना किया और वापस लौटा दिया। कुछ देर बाद आरोपी युवक वहां पहुंचा और ड्यूटी पर तैनात गेटमैन राजेश तिवारी को मारपीट कर घायल कर दिया। लहूलुहान हाल में उसे रेलवे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। मंडुवाडीह थानाप्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया की पीड़ित राजेश की तहरीर पर अज्ञात युवक के खिलाफ धारा 332 , 353,504,506 व (1984) 3 के तहत रपट दर्ज कर तलाश तेज कर दी गयी है।

**जिला विकास कार्यालय वाराणसी**

**वाहन नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय की अप्रयुक्त जिप्सी संख्या यूपी 65B4000 की नीलामी 09.02.2023 को अपरान्ह 2.00 बजे गठित समिति के समक्ष विकास भवन सभागार में की जाएगी। नीलामी की शर्तें नाजिर विकास से कार्यालय दिवस में विकास भवन में भूतल से प्राप्त की जा सकती है। उक्त वाहन विकास खण्ड हरहुआ परिसर में खड़ी है, वाहन की नीलामी जहां है जैसी है कि दशा में ही नीलाम किया जाएगा।

पत्रांक: 4311/15-नाजिर/वाहन नीलामी
दिनांक: 23 जनवरी 2023

जिला विकास अधिकारी
वाराणसी

**जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 3530094 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। संदीप कुमार यादव पुत्र श्री मदन मोहन यादव निवासी-ग्राम-नोनखरा, पोस्ट-गोराई, थाना-जंसा, विकास खण्ड-सेवापुरी, जनपद-वाराणसी

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**–वी0 ब0 सिंह पू0 वि0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध इन्द्रदेव रामनवल बनाफर महाविद्यालय डहरमौवा, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय (बी0 एड0) में प्रवक्ता–3, कला प्रवक्ता–1 की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता एन0सी0टी0ई0/यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण–पत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में दें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।

प्रबन्धक

# रेलवे बोर्ड वित्त सदस्य व पदेन सचिव बनीं अंजलि

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बरेका महाप्रबंधक अंजली गोयल को ब्सदस्य वित्त रेलवे बोर्ड व पदेन सचिव बनाया गया है। इसके पूर्व वह बनारस रेल इंजन कारखाना में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थी। अंजली गोयल ने 1985 बैच की भारतीय रेल लेखा सेवा (आईआरएएस) के अधिकारी के रूप में रेल सेवा की शुरूआत की लेडी श्री राम कॉलेज दिल्ली से अर्थशास्त्र में स्नातक की उपाधि हासिल करने के बाद दिल्ली में स्कूल आफ इकनोमिक से मास्टर डिग्री प्राप्त की है।

इसके पूर्व रेलवे बोर्ड नई दिल्ली में प्रधान कार्यकारी निदेशक व लेखा, मंडल रेल प्रबंधक, जयपुर तथा रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक व फाइनेंस बजट तथा कार्यकारी निदेशक फाइनेंस स्थापना सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुकी है। सुश्री अंजली गोयल ने प्रतिनियुक्ति पर नीति आयोग में एडवाइजर व केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण विभाग में डायरेक्टर फाइनेंस के पदों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, नकदी समेत सामान बरामद

जनसंदेश न्यूज



**बड़ागांव।** बड़ागांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार की देर रात बसनी कठिरांव मार्ग पर चोरी के सामान के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से मोबाइल फोन, लैपटॉप, हार्ड डिस्क समेत 32 हजार नकद बरामद हुआ। आगे की कार्रवाई में दोनों को जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार बीते दिसंबर महीने में बसनी में स्थित एसबीआई के जनसेवा केंद्र में चोरी की घटना हुई थी इस मामले में पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच और पकड़ शुरू की। इस बीच उप निरीक्षक द्वय उपेन्द्र कुमार यादव, एजाज अहमद को सूचना मिली कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर बसनी कठिरांव मार्ग पर हैं। सूचना के आधार पर बड़ागांव पुलिस ने घेराबंदी कर बसनी बिसेनपुर गांव निवासी जय गनेश और राजीव कुमार को दबोचा। जमा तलाशी में अभियुक्तों के पास से उनके पास से चोरी का लैपटॉप, हार्ड डिस्क, स्मार्ट फोन और 32 हजान नकदी मिली।

### लूट की मोबाइल के साथ 2 गिरफ्तार

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह क्षेत्र के शिवदासपुर से मंडुवाडीह पुलिस ने लूट की मोबाइल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के पास से लूट का एक एंड्रायड मोबाइल बरामद किया। अभियुक्तों की पहचान शुभम शर्मा निवासी लंका और मनीष सेठ बड़ागांव के तौर पर हुई।

**यू0 पी0 स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कॉरपोरेशन लि0**

**कृषि उत्पादन मण्डी समिति रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र**

पत्रांक: 492/डी0ई0पी0/डी0एम0एफ0/टेण्डर/2022-23 दिनांक: 23.01.2023

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 2022-23**

यू0 पी0 स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कॉरपोरेशन लि0 सोनभद्र द्वारा वर्ष 2022-23 में विन्ध्याचल मण्डल मिर्जापुर के जनपद सोनभद्र में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास योजनान्तर्गत कार्य हेतु जी0एस0टी0 पंजीकृत एवं सरकारी/ अर्ध सरकारी/निगमों एवं राजकीय विभागों से मान्यता प्राप्त जी0एस0टी0 पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से ई-टेण्डर निम्न विवरण के अनुसार जनपद सोनभद्र में दिनांक 24.01.2023 से दिनांक 30.01.2023 सायं 5.00 बजे तक ई-टेण्डर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (एफ0डी0आर0) | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद सोनभद्र में जल प्रदूषण को रोकने हेतु वाटर रिचार्ज एवं फिल्टरेशन द्वारा भू-गर्भ जल वृद्धि का कार्य निम्न विकास खण्डवार- 1, च्तरा, 2 करमा, 3 रॉबर्ट्सगंज, 4. घोरावल | 1.00 लाख का एफ0डी0आर0 प्रति विकास खण्डवार | 31.01.2023 | 1:00 |
| 2. | जनपद सोनभद्र में वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट स्थापना का कार्य निम्न विकास खण्डवार- 1, चोपन, 2. म्योरपुर | 1.00 लाख का एफ0डी0आर0 प्रति विकास खण्डवार | 31.01.2023 | 1:00 |

तकनीकी एवं वित्तीय निविदायें निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 30.01.2023 को अपरान्ह 3:00 बजे तक वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड करना अनिवार्य होगा एवं निविदा फार्म का मूल्य (मु0 3000.00 एवं जी0एस0टी0 18 प्रतिशत की दर से) एवं धरोहर धनराशि जनपद सोनभद्र में उक्त कार्य के लिए मु0 1.00 लाख (अनु0 जाति/जनजाति को नियमानुसार छूट दी जायेगी) का एफ0डी0आर0, जो "यू0 पी0 स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कॉरपोरेशन लि0, पेयबुल एट सोनभद्र" के पक्ष में देय हो, को मूलरूप में मण्डलीय कार्यालय/सेवा केन्द्र सोनभद्र पर दिनांक 30.01.2023 को सायं 5:00 बजे तक जमा करना होगा तथा अन्य जानकारी हेतु मण्डलीय कार्यालय/सेवा केन्द्र पर किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। निविदादाताओं हेतु किसी प्रकार की निविदा सम्बन्धी संशोधन सूचना वेबसाइट पर ही डाली जायेगी, पृथक से प्रकाशन नहीं किया जायेगा। जिन निविदादाताओं की तकनीकी निविदा पूर्ण पाये जाने पर ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी। समिति को यह अधिकार होगा कि वह कोई अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त कर दें।

(राकेश दत्ता)
मंडलीय अभियंता
विन्ध्याचल मण्डल मिर्जापुर

पत्रांक: 491/डी0ई0पी0/वाटर रिचार्जिंग कार्य/टेण्डर/2022-23
दिनांक: 23.01.2023



# वाराणसी

# रोपवे के लिए टावर्स बनाने को चल रही मिट्टी की जांच

## जापानी कल्चर को भी बुद्धिस्ट सर्किट में जगह दी जाए : कमिश्नर

**समीक्षा बैठक**

**टेंट सिटी के लिये नमो घाट व एयरपोर्ट पर खुलेगी टिकट खिड़की**



शहर में प्रस्तावित व चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने शहर में चल रहे विविध निर्माण तथा प्रस्तावित निर्माण कार्यों की मंगलवार को समीक्षा बैठक की। रोपवे निर्माण के बाबत बैठक में बताया गया कि कार्यदायी एजेंसी की तरफ से दो प्रमुख स्टेशन तथा नौ टावर्स के लिए चिह्नित स्थलों पर मिट्टी जांच की कार्यवाही की जा रही। मंडलायुक्त ने रोपवे निर्माण के संबंध में पूरी प्रगति की समयावधि जानकारी ली।

सारनाथ में अंतर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट सर्किट के तहत चल रहे प्रो-पूअर प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने बुद्धिस्ट कल्चर, जापानी कल्चर को प्रोजेक्ट में जगह देने को कहा ताकि प्रस्तावित प्रोजेक्ट को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति दी सके। बैठक में विकास प्राधिकरण ने ट्रांसपोर्ट नगर तथा टेंट सिटी के बारे में जानकारी दी। मंडलायुक्त ने टेंट सिटी के लिये नमो घाट तथा एयरपोर्ट पर टिकट खिड़की खोलने की बात कही। उन्होंने कहा कि टेंट सिटी के बारे में पर्यटकों से फीडबैक भी लिया जाये तथा कस्टमर फीडबैक पर कार्रवाई जरूर हो। उन्होंने शहर में नई टाउनशिप, प्रस्तावित बस अड्डे तथा साड़ी कारोबारियों के लिये चिह्नित स्थलों के संबंध में बकायदा जानकारी हासिल करने को कमेटी बनाकर चिह्नित स्थलों के सम्बन्ध में जानकारी देने को कहा।

बैठक में वीडीए ने आगामी जी-20 के आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी भी दी, जिसमें मंडलायुक्त ने थीम बेस्ड पेंटिंग तथा क्षेत्र की प्रमुखता के हिसाब से पेंटिंग कराने की बात कही। मंडलायुक्त ने कहा कि जनसहभागिता के माध्यम से जो कार्य हो सकें, उनकी बैठक करते हुए पूरी जानकारी देने को कहा। बैठक में कमिश्नर कंपाउंड में प्रस्तावित मंडलीय कार्यालय के संबंध में भी जानकारी दी गयी। लोकनिर्माण विभाग ने जी-20, नये सड़क व पुलों के संबंध में बने प्रस्ताव तथा सुगम यातायात के संबंध में प्रस्तावित निर्माण कार्यों की जानकारी दी। मंडलायुक्त ने संबंधित विभागों को अपने विभागों के प्रमुख सचिव से वार्ता करते हुए सभी प्रोजेक्ट्स में तेजी लाने को कहा, ताकि जी-20 सम्मेलन तक कार्यों को उचित रूप दिया जा सके। बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल भी मौजूद रहे।


## सील तोड़कर अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम द्वारा मंगलवार को सील तोड़कर अवैध निर्माण किए जाने के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई। जिसमें वार्ड नगवां में रामानंद पटेल द्वारा शिवपुरी कालोनी नगवां में लगभग 12 गुणे 25 वर्गफीट में बेसमेंट, भूतल का अवैध निर्माण किया गया था। अवैध निर्माण के विरुद्ध उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा में नोटिस निर्गत करते हुए आवश्यक कार्रवाई की गयी थी। वीडीए की ओर से बताया गया कि भवन सील होने के बाद की निर्माणकर्ता द्वारा सील तोड़कर कार्य किया गया, जिसके विरुद्ध थाना लंका में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। मंगलवार को संयुक्त सचिव, जोनल अधिकारी एवं अवर अभियंता द्वारा मौके पर प्रथम तल की छत का आंशिक ध्वस्तीकरण कराया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान निर्माणकर्ता सहित महिलाओं व क्षेत्रीय पार्षद इत्यादि का प्रबल विरोध भी हुआ। बताया गया कि पुलिस बल एवं महिला पुलिस सहित अवशेष ध्वस्तीकरण को आगामी तिथि में पूर्ण कराया जायेगा।

# वसंत पंचमी पर होगा बाबा विश्वनाथ का तिलकोत्सव

**आयोजन**

**बाबा का दुग्धाभिषेक कर अर्पित की जायेगी ठंडई**



**वाराणसी।** वसंत पंचमी पर 26 जनवरी को बाबा विश्वनाथ के तिलक का उत्सव टेढ़ीनीम स्थित विश्वनाथ मंदिर के महंत आवास पर होगा। लोकमान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि पर शिव-विवाह के पूर्व वसंत पंचमी पर भगवान शिव का तिलकोत्सव किया गया था। काशीवासी परंपरानुसार तिलक की रस्म पूरी करते है। गुरूवार को महंत आवास पर भोर में मंगला आरती के बाद परंपरानुसार दिनभर तिलकोत्सव के लोकाचार संपादित होंगे। ब्राह्मणों द्वारा चारो वेदों की ऋचाओं के पाठ के साथ बाबा का दुग्धाभिषेक कर विशेष पुजनोपरांत फलाहार के साथ विजयायुक्त ठंडाई का भोग अर्पित किया जायेगा। इस दौरान महिलाओं का मंगल गीत होगा। सायंकाल भक्तों को बाबा विश्वनाथ (राजसी-स्वरूप) दूल्हा स्वरूप में दर्शन देगें। सायंकाल काशीवासी परंपरानुसार शहनाई की मंगल ध्वनि और डमरुओं के निनाद के बीच तिलकोत्सव की रस्म पूरी करेगें। तिलकोत्सव की शोभायात्रा महंत आवास पहुंचने पर महंत डॉ.कुलपति तिवारी के सानिध्य में तिलकोत्सव की रस्म पूरी की जाएगी। महंत डॉ कुलपति तिवारी ने बताया वसंत पंचमी गुरूवार को सायंकाल बाबा विश्वनाथ की पंचबदन रजत प्रतिमा का तिलकोत्सव टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास पर होगा। तिलकोत्सव के पूर्व भोर में 4 से 4.30 बजे तक बाबा विश्वनाथ की पंचबदन रजत मूर्ति की मंगला आरती के साथ आयोजन की शुरूआत होगी। प्रातः 6 से 8 बजे तक ग्यारह वैदिक ब्राह्मणों द्वारा चारों वेदों की ऋचाओं के पाठ के साथ बाबा का दुग्धाभिषेक करने के बाद बाबा को फलाहार का भोग अर्पित किया जायगा। दोपहर भोग आरती के बाद बाबा विश्वनाथ की रजत प्रतिमा का विशेष राजसी श्रृंगार के बाद सायंकाल 5 बजे से प्रतिमा का दर्शन श्रद्धालुओं को होगा। 7 बजे लग्नानुसार बाबा का तिलकोत्सव किया जायगा। 26जनवरी दिन गुरुवार को होने वाले तिलकोत्सव के लिए बाबा को दूल्हे के परिधान धारण कराए जाएंगे। बाबा को खादी के परिधान धारण कराए जाएंगे।

## सरस्वती पूजा को लेकर आयोजक तैयारियों में जुटे

**वाराणसी।** वसंत पंचमी पर सरस्वती पूजनोत्सव की तैयारियां जोरशोर से चल रही है। मां सरस्वती की प्रतिमाओं को स्थापित करने के लिए पंडालों का निर्माण



कार्य तेजी से चल रहा है। सरस्वती पूजनोत्सव 26 जनवरी को मनायी जायेगी। शिल्पकारों के यहां वाग्देवी की प्रतिमाएं लगभग बन कर तैयार है। कई जगहों पर प्रतिमाओं को फाइनल टच भी दिया जा रहा है। विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की घर-घर स्थापित कर पूजी जाने वाली मिट्टी की प्रतिमाओं में इस बार बंगाल का टच दिया जा रहा। वसंत पंचमी के मद्देनजर तैयार की गई छोटी प्रतिमाओं पर शहर के कुछ चुनिंदा शिल्पकारों ने कुछ अलग हट कर अभिनव प्रयोग किया है। लक्सा जद्दूमंडी के शिल्पकार बद्री प्रसाद प्रजापति ने इस बार छोटी प्रतिमाओं के साथ ही बड़ी प्रतिमा भी तैयार की है। वे बताते हैं कि इस बार उन्होंने 12 फुट की आर्ट बंगला शैली की मां वाग्देवी की प्रतिमा बनायी है। इसमें मां सरस्वती हाथ में वीणा लिये हुए आशीर्वाद की मुद्रा में हैं। उनके साथ हंस व मोर भी है।

# बनारसी साड़ी को मिलेगा सौर ऊर्जा संयंत्र का साथ

**जितेंद्र श्रीवास्तव**

**नयी पहल**

**बिजली बिल से मिलेगी निजात कारीगरों को मिलेगा और काम, होगा लाभ**

**20 हजार महिलाओं समेत एक लाख बुनकरों को लाभांवित करने की योजना**

**सौर ऊर्जा संयंत्र की लागत का 50 से 75 प्रतिशत तक खर्च वहन करेगी सरकार**

**वाराणसी।** बुनकरों की आमदनी बढ़ाने और बनारसी साड़ी को विश्व पटल पर अधिक से अधिक पहुंचाने की दृष्टि से केंद्र और प्रदेश सरकार ने एक नयी पहल की है। इसके तहत बुनकरों को सौर ऊर्जा संयंत्र से लैस करने की योजना बनायी गयी है। सौर ऊर्जा संयंत्र के माध्यम से बुनकर आसानी से बनारसी साड़ी की बुनाई 24 घंटे कर सकेंगे। इससे उनको बिजली के खर्च से जहां निजात मिलेगी। वहीं, अधिक से अधिक बनारसी साड़ी तैयार कर सकेंगे। लिहाजा, उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। सोलर पावर का साथ मिलने से बनारसी साड़ी और निखर कर सामने आएगी। शादी-ब्याह का सीजन हो या फिर अन्य समारोह। इस दौरान महिलाएं बनारसी साड़ी पहनने से नहीं चूकती। दुल्हन को तो बनारसी साड़ी चाहिए ही चाहिए। माना जाता है कि



बिना बनारसी साड़ी के शादी-ब्याह सूना-सूना सा लगता है। तमाम फिल्मों में भी बनारसी साड़ी का प्रयोग बखूबी होता चला आ रहा है। वर्तमान में बनारसी साड़ी तैयार करने वाले बुनकरों को बिजली पर निर्भर रहना पड़ता है। शहरी क्षेत्र में तो अमूमन 23 से साढ़े 23 घंटे बिजली मिल रही है, लेकिन जो बुनकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, उनको बिजली संकट का सामना करना पड़ता है। बिजली बिल की मार से बुनकरी का वाजिब लाभ बुनकरों को नसीब नहीं हो पाता। ऐसे में सरकार ने बुनकरों को सोलर पावर से जोड़ने का प्लान बनाया है। शहर के करीब एक लाख बुनकरों को इससे लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें 20 हजार से अधिक महिला बुनकरों को लाभ मिलेगा।

विभागीय सूत्रों की मानें तो सौर ऊर्जा संयंत्र मिलने के बाद सभी बुनकर कारीगर केला, कतान से लेकर टसर सिल्क की साड़ी की भी एक से एक डिजाइन तैयार कर सकेंगे। विश्व पटल पर प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए हैंडलूम एण्ड टेक्सटाइल्स विभाग शहर के करीब एक लाख से अधिक साड़ी कारीगरों को सौर ऊर्जा सौर ऊर्जा संयंत्र से जोड़ने की तैयारी में जुट गया हैं। इन कारीगरों को सौर पावर की सुविधा मिलने के बाद इनको घरेलू बिजली के बिल से मुक्ति मिल जाएगी और इनके उत्पादन भी बढ़ जाएंगे। इसकी डिमांग कई साल से साड़ी कारीगर, बुनकर और कारोबारी कर रहे थे। विभागीय सूत्रों की मानें तो पावरलूम कारीगरों के लिए सोलर प्लांट की लागत का 50 प्रतिशत सरकार वहन करेगी। शेष 50 प्रतिशत रकम कारीगरों को वहन करना होगा। जबकि अनुसूचित जाति व जनजाति के पावरलूम बुनकरों के लिए 75 प्रतिशत सरकार सब्सिडी के रूप में प्रदान करेगी, जबकि 25 प्रतिशत उन्हें खुद देना होगा।

### महिला कारीगरों को भी होगा फायदा

विभागीय सूत्रों की मानें तो साड़ी सेक्टर में करीब 20 हजार से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं, जो नए डिजाइन के साथ ही कतरन, रंगाई और पॉलिस वर्क करती हैं। सभी काम के लिए बिजली का होना बहुत ही जरूरी होता हैं। रात-दिन बिजली की रोशनी में काम करने पर महीने का बिल बढ़कर आमदनी से अधिक हो जाता हैं। बिल के भार से बचने के लिए कई महिलाएं फैक्ट्री में ही जाकर काम करना पसंद करती है। सौर ऊर्जा संयत्र का पावर मिल जाने से उनकी बिजली की बचत के साथ ही उनका खर्च भी कम होगा और आय में भी इजाफा होगा। इससे उनकी मालीय हालत सुधरेगी।

# हाथ से बने मिट्टी के रुद्राक्ष और बीड वर्क ने मोहा मन



सात दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते एसडीएम पिंडरा डा.ज्ञानप्रकाश व सहायक निदेशकद्वय गोपेश व अब्दुल्ला



**हस्तकला प्रदर्शनी**

**पं.दीनदयाल हस्तकला संकुल में सात दिवसीय हस्तकला प्रदर्शनी में वाराणसी सहित अन्य जिलों के उत्पादों की लगी प्रदर्शनी**

**वाराणसी।** बड़ालालपुर स्थित पं. दीनदयाल हस्तकला संकुल में सात दिवसीय हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शनी का मंगलवार को शुभारम्भ किया गया। कुल बीस स्टॉलों पर वाराणसी सहित आसपास के जिलों से आये कारीगरों के हाथों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है। वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय डिजाइन केंद्र की ओर से आयोजित इस सात दिवसीय हस्तकला उत्पाद प्रदर्शनी का शुभारम्भ बातौर मुख्य अतिथि एसडीएम पिंडरा डॉ.ज्ञानप्रकाश यादव, दीनदयाल हस्तकला संकुल के सहायक निदेशकद्वय गोपेश कुमार मौर्य, अब्दुल्ला ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। निदेशकद्वय की ओर से मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। वाराणसी सहित आसपास के विभिन्न जिलों से आये हस्त शिल्पी की ओर कुल बीस स्टॉल लगाये गये हैं। 23 जनवरी से 29 तक चलने वाले इस प्रर्दशनी के अवलोकनार्थ निःशुल्क रखा गया है। मुख्य अतिथि एसडीएम पिंडरा डॉ. ज्ञानप्रकाश यादव ने कहा कि ऐसे प्रदर्शनी हस्तशिल्यिों को ना सिर्फ प्रमोट करते हैं, बल्कि एक ही छत के नीचे उन्हें अन्य स्थानों के हाथ से निर्मित उत्पादों को देखने का मौका मिलता है। हस्तकला संकुल के सहायक निदेशक गोपेश कुमार मौर्य ने बताया कि हस्तशिल्पियों को उनके उत्पाद का पूरा लाभ मिल सके इसी उद्देश्य से इस सेंटर पर स्टॉल को व्यवस्थित किया गया है। सहायक निदेशक अब्दुल्ला ने बताया कि हस्तशिल्पियों को यहां स्टॉल के साथ अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती है। नेशनल डिजाइन सेंटर नई दिल्ली के प्रेमचंद ने बताया कि कारीगरों को उनके आने से लगातय खाने तक का पूरा खर्च भी दिया जा रहा है।

वाराणसी के खोजवां की काष्ठकला तो गाजीपुर की वॉल हैंगिंग पर आकर्षण डिजाइन लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहीं हैं। इन स्टॉलों पर बीड्स की मीनकारी भी देखी जा सकती है तो मिट्टी का रुद्राक्ष भी अद्भुत है। हाथ के बने स्कूलों के बैच व फैजाबाद के डिजाइनिंग बैग की कलाकारी कारीगर को उनके हुनर को प्रदर्शित करता है। जरी जरदोजी, गुलाबी मिनाकारी, कढ़ाई शिल्प लोगों को आकर्षित कर रही है।

## कवि वियोगी के निधन पर शोक श्रद्धांजलि

**वाराणसी।** वयोवृद्ध साहित्यकार व कवि योगेन्द्र नारायण चतुर्वेदी वियोगी के निधन को लेकर काशी के साहित्यकार मर्माहत हैं। काशी के साहित्यकारों ने उनके निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। कहा कि साहित्य में अपने श्रृंगार रस व पीड़ा लेखन के लिए वह लंबे समय तक याद किये जायेंगे। गत 22 जनवरी को लंबी बीमारी के बाद वह भावपूर्ण दुनिया को विदा कह गए। कवि वियोगी वाराणसी की संस्था उद्गार के लगभग 9 साल से अध्यक्ष थे। उनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिकाघाट पर हुआ। उद्गार संस्था के संस्थापक व त्रिगुट जोड़ी के कवि छतिश द्विवेदी कुंठित ने कहा कि शीघ्र ही वियोगी के नाम से उनपर आधारित संस्मरणों की एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा।

# सहज जीवनशैली के पुरोधा थे कर्पूरी

**जयंती**

**समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि**



कर्पूरी ठाकुर के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित करते कार्यकर्ता

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी जिला व महानगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अर्दली बाजार स्थित पार्टी कार्यालय पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि वे सहज जीवनशैली के पुरोधा थे। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए निवर्तमान महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि बिहार की सियासत में जब भी सहज जीवन शैली और सर्वहारा समाज की सियासत करने वाले मुख्यमंत्री की चर्चा होगी, उसमें कर्पूरी ठाकुर का नाम जरूर शामिल होगा। उनकी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जननायक कहा जाता है। संचालन करते हुए निवर्तमान जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट ने कहा कि समतामूलक सोच के धनी कर्पूरी ठाकुर वंचित समाज के आवाज थे। बिहार में सामंतवाद का खात्मा करने के लिए वंचित समाज को जागृत करने में उनका बहुत बड़ा योगदान था। उन्होंने ही सबसे पहले बिहार में पिछड़े, अतिपिछड़े और महिलाओं के लिए नौकरियों में आरक्षण लागू किया था। उन्होंने गरीबी को देखा ही नहीं, भोगा भी था। गोष्ठी को जितेंद्र यादव, पूजा यादव, उमेश प्रधान, हर्ष राजभर, संजय यादव, बालकिशुन पटेल, रामकुमार यादव, गोपाल पांडेय आदि ने संबोधित किया।-

## दो साल बाद फिर से शुरू होगी काशी से काबा की उड़ान

**पहल**

**एक बार पुनः जायरीनों से गुलजार होगा अस्थायी हज हाउस**

**वाराणसी।** दो साल के बाद एक बार फिर काशी से काबा की उड़ान शुरू होगी। एक बार पुनः अस्थायी हज हाउस जायरीनों से गुलजार होगा। इस संदर्भ में एक बार फिर पत्राचार शुरू हो गया है। इसको लेकर सेन्ट्रल हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाफिज नौशाद आजमी ने काशी से काबा की पुनः उड़ान कराने को लेकर केन्द्र व राज्य सरकार से पत्राचार किया था। 29 सितंबर 2022 को उन्होंने केन्द्रीय हज मंत्री स्मृति ईरानी को पत्र लिख कर एक बार फिर वाराणसी से इंबारकेशन शुरू कराने की मांग की। इस पत्र के जवाब में 11 नवम्बर को मिले पत्र में यह बताया गया कि वाराणसी समेत रांची, गया, जयपुर, भोपाल, चेन्नई, कालीकट, नागपुर व औरंगाबाद से 2023 से फिर काबा की उड़ान शुरू करायी जायेगी। दरअसल कोरोना संक्रमण काल के दौरान हज हाउस से रवानगी पर रोक लगा दी गई थी। वाराणसी इंबारकेशन को भी बंद कर जायरीन को लखनऊ या दिल्ली एयरपोर्ट से हजयात्रा के लिए रवाना किया गया था। बता दें कि वाराणसी इंबारकेशन से पूर्वांचल के 16 जिलों के जायरीन काशी से काबा के लिए उड़ान भरते रहे हैं। 2022 की हज यात्रा के लिए इन जिलों के जायरीन ने लखनऊ से हजयात्रा पर रवाना हुए थे। लेकिन, अब एक बार फिर वाराणसी से काशी के काबा की उड़ान की तैयारी है। अगर काशी से काबा की उड़ान शुरू होती है तो पूर्वांचल के 16 जिलों के जायरीन को राहत मिलेगी। उधर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र के मुताबिक फिलहाल उन्हें अभी तक विभागीय या फिर सेन्ट्रस हज कमेटी से कोई जानकारी नहीं मिली है।










# साथी के निलंबन पर बिफरे अवर अभियंता

**दिया धरना**

### अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर दिन भर चला ध्यानाकर्षण कार्यक्रम

### बिना जांच के कुंदन सिंह के निलंबन से जूनियर इंजीनियर्स संगठन में रोष


सिगरा स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना देते अवर अभियंता

**वाराणसी।** साथी के निलंबन पर अवर अभियंताओं में खासी नाराजगी है। इसी नाराजगी के चलते तमाम अवर अभियंता सिगरा स्थित नगरीय विद्युत वितरण मंडल द्वितीय के अधीक्षण कार्यालय के समक्ष मंगलवार को एकत्रित हुए और ध्यानाकर्षण कार्यक्रम के तहत पूरे दिन धरना दिया।

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन शाखा वाराणसी के बैनर तले जुटे अवर अभियंताओं ने कहा कि बिना जांच के जेई कुंदन सिंह का निलंबन करना और एसडीओ मनोज गुप्ता के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही के लिए संस्तुति करना नाइंसाफी है। संगठन इसी घोर निन्दा व भर्त्सना व्यक्त करता है। सभा में वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन जहां मानक के अनुरूप सुरक्षा संसाधन की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। वहीं, अपना गला बचाने के लिए अवर अभियंता को बलि का बकरा बना दिया गया। हम सभी ऐसी हिटलरशाही सहन नहीं करेंगे। तब तक धरने पर डटे रहेंगे, जब तक की निलंबन के आदेश को निरस्त नही किया जाता है। हम अपनी मांगों पर अडिग रहेंगे। अध्यक्षता संजय भारती ने की। संचालन प्रमोद कुमार ने किया। धरनास्थल पर अभिषेक मौर्या, रत्नेश सेठ, रवि चौरसिया, सर्वेश शुक्ला, राजेश यादव, सुनील कुमार, नागेंद्र सरोज, मुरलीधर मौर्या, जितेंद्र सिंह, अनिल शुक्ला, शिवेंद्र यादव, सर्वेश विश्वकर्मा, लालव्रत, सतेंद्र, सूर्यनाथ, गुलाब चंद, उपेंद्र कुमार, कुन्दन आदि उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों की भूमिका अहमः आशुतोष सिन्हा

**चौबेपुर।** क्षेत्र के उमरहा स्थित जयप्रकाश महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्नातक विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों की भूमिका अहम होती है। शिक्षक हमारे समाज के धरोहर हैं। उन्होंने महाविद्यालय में किसी भी तरह का सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहने का वादा किया।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक शिवप्रकाश सिंह ने कहा कि सड़क पर चलते हुए यदि हम एक सामान्य व्यक्ति बन कर नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटना से बच सकते हैं। इस मौके पर महाविद्यालय के अध्यक्ष मनीष बक्शी, लल्लू यादव, अनिल कुमार, संजीव यादव, सूबेदार यादव, सुनील, डा. राजमन प्रसाद, डा. राजकुमारी, शीलू त्रिपाठी, मुनिलाल, रीना देवी, किरन, पूजा, राजेश आदि मौजूद थे।

# बाबतपुर और छितौनी वार्ड से बीडीसी का निर्विरोध निर्वाचन तय

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव**

### रिक्त पदों के लिए पिंडरा और आराजीलाइन ब्लॉक में हुआ नामांकन

### चिरईगांव में बीडीसी के दो वार्डों के लिए 10 लोगों ने दाखिल किये पर्चे

**वाराणसी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत मंगलवार को पिंडरा ब्लॉक के बाबतपुर एवं चिरईगांव ब्लॉक के छितौनी वार्ड के रिक्त बीडीसी सीट के लिए एकमात्र नामांकन होने से निर्विरोध निर्वाचन तय है। दूसरी तरफ, आराजीलाइन ब्लॉक के बीडीसी के रिक्त पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जबकि चिरईगांव में बीडीसी के दो वार्डों के लिए 10 लोगों ने पर्चा दाखिल किया।पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार, आरओ/एसीएम द्वितीय अशोक यादव की उपस्थिति में बाबतपुर की रिक्त सीट पर गायत्री देवी ने एकमात्र नामांकन किया। एआरओ/ एडीओ एसटी कैलाश यादव ने बताया कि दो माह पूर्व महिला बीडीसी शीला देवी के निधन पर यह सीट रिक्त हुई थी। बताते दें कि बाबतपुर के महिला बीडीसी के निधन पर सीट रिक्त होने पर मृतका की देवरानी गायत्री देवी ने नामांकन किया है। रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार, आराजीलाइन ब्लॉक मुख्यालय पर दरेखु गांव के वार्ड नंबर 1 से 6 तक के क्षेत्र पंचायत सदस्य के रिक्त सीट के लिए तीन प्रत्याशियों जानकी देवी, रीना उर्फ संगीता व राधा यादव ने नामांकन किया। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी अपर नगर मजिस्ट्रेट सुरेंद्र बहादुर सिंह तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार ने दी।

चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार, स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय पर बीडीसी सदस्य पदों के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से नामांकन सम्पन्न हो गया। एआरओ हवलदार यादव ने बताया कि दोनों वार्डों के लिए कुल 17 नामांकन पत्र दाखिल हुए। जिसमें से वार्ड संख्या-66 सींवो में नौ लोगों तथा वार्ड संख्या-चार छितौनी के लिए केवल एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र की जांच के बाद छितौनी में निर्विरोध निर्वाचन होना तय माना जा रहा है। जबकि सींवों की प्रतिष्ठापरक सीट पर चुनाव होने की संभावना है।

### रविदास जयंती में पीएम और सीएम को किया गया आमंत्रित

**वाराणसी।** सन्त रविदास जयंती में पांच फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री के साथ ही राज्यपाल पंजाब के सीएम राज्यपाल के साथ केंद्रीय मंत्रियों और पंजाब के राज्यमंत्रियों को मन्दिर ट्रस्ट की तरफ से आमन्त्रित किया गया हैं। वीवीआईपी मूमेंट को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया। पंजाब से पहुंचे सेवादार तैयारियों अंतिम रूप देने में जुट गए।लंगर पकाने के लिए लकड़ी चिराई करने में मजदूर जुट गए हैं। पंडाल लंगर हाल में पानी के लिए मिनी ट्यूबेल को उखाड़ कर ट्यूबेल लगवाया गया है। संगत और सेवादारों को रहने के लिए पच्चीस पंडाल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चला है। पंडाल क्षेत्र में अस्थाई एक दर्जन शौचालय बनवाया गया। पण्डाल में जाने वाली मार्ग मरम्मत करवाया गया। सन्त रविदास मंदिर के मैनेजर रनवीर सिंह ने बताया कि मन्दिर ट्रस्ट की तरफ से पीएम सीएम राज्यपाल पंजाब के सीएम राज्याल कैबिनेट मंत्रियों सहित केन्द्रीय मंत्रियों को आमंत्रण पत्र भेजा गया है। वीवीआईपी आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन जयंती की तैयारियों में जुटी है। सन्त निरंजन दास दो फरवरी को स्पेशल ट्रेन दो हजार अनुयायियों के साथ जालन्धर से चलकर तीन फरवरी को कैंट स्टेशन पर पहुंचेंगे। दो फरवरी से बड़ा लंगर शुरू कर दिया जाएगा।

### राधा कृष्ण मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**वाराणसी।** कबीरचौरा स्थित भुवनेश्वरी देवी मंदिर में माघ माह के शुक्ल पक्ष पर राधा कृष्ण की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। मंगलवार के दिन बड़े धूम धाम से प्रतिष्ठा में क्षेत्र के बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही व कलश यात्रा निकाली। लोक गीत व भजनों की प्रस्तुति कर सभी ने राधा रानी का दर्शन किया, नटवर नागर को मक्खन का भोग भी लगाया गया। राधा रानी व बाकें बिहारी की छवि निहारने के लिए भक्तों की टोली दिन भर मंदिर में कतार में खड़ी रही। इस दौरान भक्तों के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें देर रात तक लोगों ने प्रसाद स्वरुप भंडारे में शामिल हुए। पार्षद प्रत्याशी सूरज यादव की ओर से लोगों में प्रसाद भी वितरित किया गया। मुख्य रूप से प्रीतम यादव, पप्पू यादव, राहुल यादव 'रूद्र', दीपक यादव, राजू यादव का सहयोग रहा।

# मरीजों को दिया गया एमएमडीपी किट

**फाइलेरिया**

### मरीजों को किया जागरूक, दिया रोग प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण

**वाराणसी।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले में हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिंडरा के अंतर्गत ओदार पंचायत भवन पर मंगलवार को फाइलेरिया (हाथी पांव) ग्रस्त 15 मरीजों को एमएमडीपी किट और आवश्यक दवा दी गई। साथ ही रोगियों को घाव की नियमित सफाई के तरीके बताए गए। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था ने सहयोग किया। पिंडरा पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल सिंह और सीफार के जिला समन्वयक अम्ब्रीश राय ने फाइलेरिया नेटवर्क के सभी रोगियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया ग्रस्त अंगों मुख्यतः पैर की साफ-सफाई रखने से इंफेक्शन का डर नहीं रहता है और सूजन में भी कमी रहती है। इसके प्रति लापरवाही बरतने पर अंग खराब होने लगते हैं। इससे समस्या बढ़ जाती है। इन्फेक्शन को बढ़ने से रोकने के लिए दवा भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिनके हाथ-पैर में सूजन आ गई है या फिर उनके फाइलेरिया ग्रस्त अंगों से पानी का रिसाव होता है। इस स्थिति में उनके प्रभावित अंगों की सफाई बेहद आवश्यक है। इसलिए एमएमडीपी किट प्रदान की जा रही है। इस किट में एक-एक टब, मग, बाल्टी तौलिया, साबुन, एंटी फंगल क्रीम आदि शामिल हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विवेक पाठक ने कहा कि फाइलेरिया नेटवर्क के सदस्य समुदाय को फाइलेरिया के प्रति जागरूक कर रहे हैं। साथ ही बीमारी से जुड़े मिथक को भी दूर कर रहे हैं। सभी को समझाया जा रहा है कि फाइलेरिया से बचने के लिए हर साल चलने वाले एमडीए राउंड के दौरान दवा का सेवन अवश्य करें। इस दवा का सेवन दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। लगातार पांच वर्षों तक साल में एक बार दवा खा लेने से इस बीमारी के होने से रोकने या नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

### चोलापुर सीएचसी में लगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर

**वाराणसी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर में मंगलवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. संदीप चौधरी ने किया। सीएमओ ने कहा कि वर्तमान परिवेश को देखते हुये मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता बेहद ही जरूरी है। ऐसे रोगियों के साथ हमेशा ही अच्छा व्यवहार करना चाहिए। इनका नियमित ख्याल रखना चाहिए' लिहाजा मानसिक रोगियों के प्रति जागरूक रहते हुए उनका समय से उपचार करना चाहिए। उन्हें दवा की जरूरत होती है साथ ही ऐसे रोगियों के प्रति सहानुभूति भी रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मानसिक रोग के प्रति जागरूकता के साथ ही उचित परामर्श व बेहतर उपचार के लिए यह शिविर आयोजित है। हम सभी को ध्यान रखना चाहिए कि मानसिक रोग से पीड़ित किसी भी व्यक्ति के साथ भूल से भी बुरा व्यवहार न करें। ऐसा इसलिए भी जरूरी है कि बुरे व्यवहार से उसके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव तो पड़ ही सकता है। रोग से परेशान होकर वह कोई घातक कदम भी उठा सकता है। हम थोड़ा सा भी संवेदनशील होकर मानसिक रोगी का सही समय से उपचार करायें तो उसका रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों की टीम ने कैंप में शामिल 710 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की। इसमें 72 लोगों को मानसिक स्वास्थ्य से सम्बंधित परामर्श भी दिया गया। 35 मानसिक रोगियों को देखा गया तथा उन्हें आवश्यक उपचार दिया गया। इसके अलावा तंबाकू नियंत्रण, क्षय रोग, दंत रोग, कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, रक्तचाप, वृद्धजनों की जांच व उपचार, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। मनोचिकित्सक डॉ रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि किशोरावस्था के प्रारंभिक वर्ष जीवन का एक ऐसा समय आता है जब कई परिवर्तन होते हैं और कुछ मामलों में यह भावनाएं मानसिक बीमारी का कारण बन सकती है। नौजवानों में मानसिक बीमारी का एक प्रमुख कारण अवसाद (डिप्रेशन) है। इसके साथ ही उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण, बचाव, नियंत्रण, रोकथाम आदि को लेकर विस्तार से जानकारी दी।

## संक्षेप

### रोप स्किपिंग चैंपियनशिप में विद्यापीठ तीसरे स्थान पर रहा

वाराणसी। अखिल भारतीय रोप स्किपिंग पुरुष व महिला चैंपियनशिप 21 से 24 जनवरी को भोपाल में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की पुरुष वर्ग की टीम ने अट्ठारह पॉइंट के साथ ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त किया। डबल-डच टीम स्पर्धा में गोल्ड पदक प्राप्त हुआ, जिसमें अभिषेक, संदीप, श्वेतांग एवं रोहित ने उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अगले टीम इवेंट स्पीड रिले में सिल्वर मेडल प्राप्त किया, अगले फ्री स्टाइल रोप स्किपिंग मास्टर इवेंट में रोहित पटेल ने फ्रीस्टाइल प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उक्त टीम की टीम मैनेजर डॉ. मृदुला व्यास है। इस उपलब्धि पर कुलपति एवं विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने खिलाड़ियों, टीम मैनेजर, खेल प्रभारी एवं क्रीड़ा परिषद को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

### वीडीए ने 20 बीघा अवैध प्लाटिंग किया ध्वस्त

वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम द्वारा मंगलवार को अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्रवाई हुई। जिसमें सारनाथ वार्ड के अंतर्गत निहोरी सिंह एवं मुन्ना सिंह व अन्य कालोनाइजर द्वारा मौजा-संदहा, रिंग रोड पर बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 20 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान जोनल अधिकारी चंद्रभान दीक्षित व अवर अभियंता आरके सिंह मौजूद रहे।

### कांग्रेस के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने सुधा का किया सम्मान



वाराणसी। कांग्रेस के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय मंगलवार को यूपीपीएससी में 11वीं रैंक हासिल करने वाली सुधा के घर पहुंचे और उसका सम्मान कर हौसला बढ़ाया। जंसा थाना क्षेत्र के कुंडरियां गांव निवासी किसान प्रमोद उर्फ बब्बू सिंह की बिटिया सुधा ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के जनरल कोटे के परीक्षा में 11वीं रैंक हासिल कर जिले और गांव का मान बढ़ाया है। सुधा का चयन समीक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय सुधा के घर पहुंचे और बधाई देते हुए अंगवस्त्रम व पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। कहा कि हम लोग गौरवान्वित है कि काशी की बिटिया सुधा ने जिले और गांव का मान-सम्मान बढ़ाया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, अरुण सिंह, रिंकू सिंह, विकास सिंह, तरंग सेठ आदि उपस्थित रहे।

### बालिका दिवस पर कई छात्राएं सम्मानित

वाराणसी। उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय के निर्देशन में छात्रा रिद्धि श्रीवास्तव, अंशिका सिंह, प्रियंका गुप्ता को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। कहा कि बेटी नहीं किसी से कम, और इन्हें आगे पढ़ने और अपने लक्ष्य को हासिल चाहिए। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की ओर से स्टॉल लगाकर संचालित सभी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को दी गई। कार्यक्रम में अंकिता श्रीवास्तव महिला कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक प्रियंका राय, रेखा श्रीवास्तव विशाल आदि उपस्थित रहे।

### पांच अध्यापकों को मिली सहायक प्रॉक्टर की जिम्मेदारी

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पांच अध्यापकों को सहायक प्रॉक्टर के पद पर जिम्मेदारी दी गई है। प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार गर्ग ने डॉ. विद्या कुमारी चंद्रा, डॉ. विजय कुमार शर्मा, डॉ. कुंजबिहारी द्विवेदी, डॉ. विजेंद्र कुमार आर्य और डॉ. मधुसूदन मिश्र को सहायक प्रॉक्टर का भी दायित्व सौंपा है। जिसके लिए इन सभी पांचों अध्यापकों को नियमानुसार भत्ता आदि भी प्रदान किया जाएगा।

### शोध प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन अब 28 तक

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में शोध प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि और आगे बढ़ा दी गई है। कुलपति के आदेश पर शोध प्रवेश के लिए अब 28 जनवरी तक आवेदन पत्र लिया जाएगा। जिसमें शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी शोध प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं।

### चक्रपुष्करिणी कुंड की हुई सफाई

वाराणसी। काशी खंड के अनुसार गंगा अवतरण से पहले अस्तित्व वाले मणिकर्णिका घाट व चक्र पुष्करिणी कुंड की मंगलवार को नमामि गंगे के सदस्यों ने सफाई की। मणिकर्णिका घाट के सामने गंगा किनारे से एवं चक्र पुष्करणी कुंड पर जमा मिट्टी पर पड़ी अनेकों सामग्रियों को बाहर निकाला। कार्यदायी संस्था से चक्र पुष्करिणी कुंड पर जमा मिट्टी को साफ करने का आग्रह किया गया। उपस्थित नागरिकों को कपड़े पूजन सामग्री आदि का विसर्जन करने के लिए मना किया गया। स्वच्छता को संस्कार के रूप में शामिल करने की अपील की गई।' आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, महानगर सह संयोजक बीना गुप्ता, बब्बू महाराज, टुल्लू मांझी शादी शामिल रहे।

### प्रधान संघ ने किया बैठक का बहिष्कार

मिर्जामुराद। आराजीलाइन ग्राम प्रधान संघ ने मंगलवार को सीडीओ के निर्देश पर ब्लॉक मुख्यालय पर होने वाली बैठक का बहिष्कार किया। आराजीलाइन प्रधान संघ अध्यक्ष व आदर्श गांव नागेपुर के प्रधान मुकेश कुमार ने बताया कि सचिवों के साथ जीपीडीपी कार्यक्रम का सेंसीजाइजेशन के लिए बैठक रखी गई थी, जिसका प्रधानों ने पूर्ण बहिष्कार कर दिया। उन्होंने बताया कि जब तक ग्राम पंचायत की 30 फीसदी धनराशि वापस नही हो जाती, गौशाला के लिए राज्य सरकार अलग से धनराशि स्वीकृत नही करती तथा प्रधानों की मांग को पूरा नही करती। तब तक इस तरह की बैठकों का बहिष्कार होता रहेगा।

### शिवपुर सीएचसी पर स्वास्थ्य कार्यक्रम

**वाराणसी।** शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शिवपुर पर मंगलवार को संबन्धित आठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी के निर्देशन में की गई। पीएसआई इंडिया के सहयोग से समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें शहरी पीएचसी शिवपुर, सिकरौल, सदर बाजार, अर्दली बाजार, टाउनहॉल पहड़िया के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं स्टाफ नर्स सहित लमही और लेढुपुर की स्टाफ नर्स ने प्रतिभाग किया। बैठक में सभी एमओआईसी, स्टाफ नर्स और एएनएम को राष्ट्रीय कार्यक्रम में सुधार लाने और आरसीएच, यूएचआरआई व ई-कवच पर समय से डाटा फीडिंग संबंधी दिशा निर्देश दिये। शिवपुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ करण गौतम ने अर्बन हेल्थ इंडेक्स रजिस्टर (यूएचआईआर) पर प्रतिदिन डाटा फीडिंग और उसका मूल्यांकन (असेस्मेंट) प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (एमओआईसी) और एएनएम स्तर से करने के लिए कहा। ई कवच और आरसीएच पोर्टल पर नियत समय पर शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग करने और प्रतिदिन मूल्यांकन करने के लिए निर्देशित किया। लक्ष्य के सापेक्ष प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के लिए सभी चारों जाँच सौ फीसदी रिपोर्ट हों। इसके लिए आशा कार्यकर्ता क्षेत्र में भ्रमण करे। उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) चिन्हित महिलाओं का लगातार फॉलो अप करें और उन्हें प्रसव के लिए सीएचसी भेजने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों के नियमित टीकाकरण से छूटे सभी बच्चों को शत-प्रतिशत टीका लगवाएँ। परिवार कल्याण की सेवाओं को शहरी स्वास्थ्य पोषण स्वच्छता दिवस (यूएचएनडी) सत्र में अधिक से अधिक जोर दिया जाए।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में बनेगा मिनी स्टेडियम व आरओ प्लांट

**अच्छी पहल**

### प्रबंध समिति की बैठक सीडीओ हिमांशु नागपाल ने दिया आश्वासन


जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रबंधन समिति की बैठक करते सीडीओ हिमांशु नागपाल

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सेट लगवाने, मिनी स्टेडियम बनवाने और शुद्ध पेयजल के लिए 500 एलपीएच के आरओ प्लांट लगवाने का आश्वासन दिया। वह रायफल क्लब सभागार में मंगलवार को विद्यालय के प्रबंधन समिति की बैठक कर रहे थे।

अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने विद्यालय के पिछले चार साल के शैक्षणिक प्रगति को जाना तथा विद्यालय कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम की जानकारी भी प्राप्त की। प्राचार्य पीके सिंह ने विद्यालय में चल रहे उत्कृष्टता केंद्र की उपलब्धियों से अवगत कराया और विद्यालय की विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने विद्यालय तक पहुंच रोड का निर्माण कराने एवं छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए हाई मास्क लाइट की व्यवस्था करवाने का भी आश्वासन दिया। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने पहुंच रोड के चौड़ीकरण एवं गड्ढा मुक्त कराने का आग्रह किया। सीडीओ ने तत्काल सीडी अधिशासी अभियंता को उचित कार्यवाही 10 दिनों में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक माह छात्र-छात्राओं के मानसिक तनाव को कम करने के लिए काउंसलर भेजे जाए।

# टैक्स में मिले छूटे तो बढ़े कारोबार और सरकार की आमदनी

**बजट चौपाल**

### वाराणसी नगर उद्योग व्यापार मंडल की बजट पूर्व परिचर्चा



आम बजट के पूर्व परिचर्चा करते व्यापारी

**वाराणसी।** एक फरवरी को आने वाले केंद्रीय बजट को लेकर व्यापारी वर्ग में काफी उत्सुकता है। इसको लेकर वाराणसन नगर उद्योग व्यापार मंडल ने बजट पूर्व परिचर्चा का आयोजन मंगलवार को सिगरा स्थित एक गुरुद्वारा सभागार में किया। व्यापारियों ने सरकार से अपेक्षा की यदि आम बजट में टैक्स में छूट देने की घोषणा हो तो न सिर्फ कारोबार को पंख लगेंगे, बल्कि सरकार की आमदनी में भी वृद्धि होगी।

बजट चौपाल में चर्चा के दौरान वक्ताओं ने हस्तनिर्मित फर्नीचर को लघु उद्योग सेक्टर में शामिल करने, छोटे होटल, धर्मशाला, लॉज आदि पर लगे 12 प्रतिशत टैक्स को को घटाने, सीमेंट पर से जीएसटी समाप्त करने, टॉफी व लेमनचूस को टैक्स फ्री करने, व्यापारियों का भी निःशुल्क चिकित्सा कार्ड बनवाने, ऑनलाइन दवा कारोबार पर प्रतिबंध लगाने आदि मांग केंद्र सरकार से की। कहा कि यदि आम बजट में केंद्र सरकार व्यापारियों की इन बातों को मान लें तो निश्चित रूप से कारोबार को बढ़ावा मिलेगा और सरकार की आमदनी में भी इजाफा होगा। वक्ताओं ने व्यापारी आयोग के गठन और व्यापारियों को पेंशन देने की भी आवाज बुलंद की। अध्यक्षता अध्यक्ष संजीव सिंह बिल्लू ने की। संचालन उपाध्यक्ष राकेश मिड्ढा ने किया। परिचर्चा में यादवेंद्र सिंह, घनश्याम जायसवाल, लकी वर्मा, अशोक अग्रहरि, शरद वर्मा, मनोज रावत, राजेश त्रिवेदी, अभिषेक राय, नंद किशोर अरोड़ा, सिंधु सोनकर, राकेश गुप्ता आदि ने भाग लिया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का जनता को मिले लाभ

**स्थापना दिवस समारोह**

### यूपी में चल रहा विकास का कार्य गर्व का विषय : एस. राजलिंगम

**वाराणसी।** यूपी स्थापना दिवस जिले में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम व सीडीओ हिमांशु नागपाल ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को हरहाल में मिले।

जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस हम लोगों के लिए गौरव व उल्लास का दिवस है। उत्तर प्रदेश अब पहले वाला उत्तर प्रदेश नहीं है, बल्कि यह उत्तम प्रदेश बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यहां विकास की गंगा बह रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं उसका लाभ जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि हम विकास के रास्ते में कितना आगे बढ़ कर आए हैं। हम कहां थे, कहां तक पहुंचे हैं, कहां तक पहुंचना है और एक नागरिक होने के नाते हम सब की क्या-क्या जिम्मेदारी है, इस पर चिंतन करने का अवसर हैं। जिस तरह उत्तर प्रदेश में विकास का कार्य चल रहा है, वास्तव में यह हम लोगों को गर्व महसूस करने का समय है। इस दौरान विभिन्न विभागों के 47 लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। धन्यवाद मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने दिया।

### बेनियाबाग पार्क में लगी प्रदर्शनी देखने को उमड़ी भीड़

क्षेत्रीय अभिलेखागार की तरफ से उत्तर प्रदेश दिवस पर बेनियाबाग पार्क में अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश की संरचना को अभिलेखों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इस प्रदर्शनी में अंग्रेजों के आगमन के पश्चात से वर्तमान उत्तर प्रदेश की स्थापना तक के ऐतिहासिक यात्रा को अभिलेखों की जुबानी रखने का प्रयास किया गया है। प्रदर्शनी को देखने के लिए काफी भीड़ उमड़ी। इस दौरान छात्राओं ने रंगोली और पेंटिंग भी बनाई।

अभिलेख प्रदर्शनी मूलतः तीन भागों में विभाजित है। प्रथम भाग में अंग्रेजों ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों को समय-समय पर अपने अधीन करने और प्रशासनिक नीति के अनुपालन में सीमाओं तथा राजधानी के परिवर्तन को मानचित्रों की सहायता से प्रस्तुत किया। द्वितीय भाग में प्रशासनिक संरचनाओं के विकास, एक सूत्र में बंधने, आधारभूत संरचनाओं के विकास को विभिन्न अभिलेखों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। तृतीय भाग में स्वतंत्रता उपरांत विभिन्न देशी राज्यों के भारत गणराज्य में विलय और उत्तर प्रदेश की स्थापना से संबंधित है। प्रदर्शनी में कुछ महत्वपूर्ण अभिलेखों में अवध में नवाब वजीर का शासन और अवध पर ब्रिटिश सेना का नियंत्रण, हिंदी का न्यायालय की भाषा में प्रयोग, प्रांत के नाम परिवर्तित किये जाने संबंधित अभिलेख, श्यामा प्रसाद मुखर्जी का डॉ. संपूर्णानंद को लिखा पत्र, भारतीय देशी राज्यों के विलय से संबंधित दस्तावेज, उत्तर प्रदेश राजभाषा अधिनियम आदि है। प्रदर्शनी का संयोजन डॉ. हरेन्द्र नारायण ने किया है।


यूपी स्थापना दिवस पर लगी प्रदर्शनी और आयोजन स्थल पर पेंटिंग बनाती छात्राएं

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर में हुई रस्साकशी

जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए काशी के इतिहास में पहली बार ट्रांसजेंडरों एवं दिव्यांग मतदाताओं की रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को सिगरा स्थित डॉ. सम्पूर्णानंद स्टेडियम में हुआ। जिला निर्वाचन कार्यालय, स्वीप वाराणसी क्षेत्रीय खेल कार्यक्रम, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, गुलिस्ता सेवा केंद्र ट्रस्ट स्पेशल एवं फाउंडेशन के संयुक्त बैनर तले तीन सेट में रस्साकशी हुई। दो सेट में दिव्यांगजनों एवं एक सेट में ट्रांसजेंडर ने जीत दर्ज की, लेकिन उदार हृदय का परिचय देते हुए दिव्यांगजनों ने अपनी जीत थर्ड जेंडर को सौंप दी। दिव्यांगजनों को मिले मेडल एवं ट्राफी उन्होंने थर्ड जेंडर को अपने हाथों से दिया। ट्रांसजेंडर का नेतृत्व सलमा चैधरी तथा दिव्यांगजनों का नेतृत्व सुबोध राय ने किया। इस अनूठे कार्यक्रम को देखने के लिए काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह एवं स्वीप आइकन नीलू मिश्रा ने खिलाड़ियों का परिचय कराते हुए कहा गया कि मतदान का अधिकार सभी वयस्कों को प्राप्त है। जो थर्ड जेंडर मतदाता आज तक मतदाता नहीं बन सके हैं, उन्हें मतदाता बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा और शत-प्रतिशत मतदान कराएंगे। प्रतियोगिता में दिव्यांगजनों की ओर से सुबोध राय, पंकज राय, रोहित पाल, वारिस अली अंसारी, हरिवंश चैहान, पवन, जितेंद्र कुमार शाह, धर्मराज यादव, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार सिंह तथा ट्रांसजेंडर की तरफ से सलमा चैधरी, विक्टर अगस्टाइन, रिशु पटेल, दीपक गुप्ता, आदित्य शर्मा, पारो मौर्या, संजू सिंह, सानिया, कोमल, कार्तिक सिंह, आदेश, रागिनी गुप्ता आदि ने प्रतिभाग किया। संचालन आईपीएल खिलाड़ी प्रशांत सिंह ने किया। धन्यवाद डॉ. तुलसीदास ने दिया। इस दौरान डॉ. उत्तम ओझा, नमिता सिंह, इरशाद, कन्हाई महापात्रा, सुधा दीक्षित, अखिल चतुर्वेदी, श्यामलाल पटेल आदि उपस्थित थे।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर होना होगा : प्रो. रेखा

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के शिक्षा शास्त्र विभाग में मंगलवार को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा द्वारा किया गया। प्रो. वंदना सिन्हा ने कहा कि पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को समानता ही नहीं बल्कि उनकी सोच को आगे रखने की जरूरत है। प्रो. रश्मि सिंह ने कहा कि बालिकाओं को शोषण से बचना होगा तो बालिकाओं को बोलना सीखना होगा। प्रो. रेखा ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा हासिल करने और आत्मनिर्भर होने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रो. भावना ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं को मन से जागरूक होना चाहिए। डॉ. रत्ना राय ने कहा कि महिला के लिए समाज में आदर रखना जरूरी है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अभिलाषा जयसवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रो. रमाकांत सिंह, डॉ. रमेश प्रजापति, डॉ. वीणा वादिनी, डॉ. राखी देव, प्रो. रश्मि ,प्रो. हंसा जैन ,प्रो. शैला, प्रो. नंदिनी, प्रो. संगीता घोष, प्रो. अनीता, प्रो. कविता आर्य, डॉ. अनीता, डॉ. प्रतिभा, डॉ. प्रीति जायसवाल, डॉ. अंजना, डॉ. शिल्पी गुप्ता, डॉ. शशि बाला आदि शामिल थे।

## संक्षेप

### प्राण प्रतिष्ठा को निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



**बलिया।** सुखपुरा कस्बे में नवनिर्मित मां आदिशक्ति जगत जननी विद्यावती मंदिर के लोकार्पण एवं मंदिर में विभिन्न देवी-देवताओं के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व मंगलवार को मंदिर प्रांगण से बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में महिला-पुरुष हाथों में गंगा जल से भरे कलश लेकर मां दुर्गा और मां काली का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा कस्बे के विभिन्न मंदिरों यथा संत यतीनाथ मंदिर, मां काली मंदिर, भगवती मंदिर, बुढ़वा शिवजी मंदिर से होते हुए पुनः नवनिर्मित मंदिर परिसर में आकर समाप्त हुआ। इसके पूर्व विद्वान ब्राह्मणों आशीष उपाध्याय, राहुल दुबे, उमाशंकर उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कराया। संतोष कुमार गुप्ता, विद्यावती गुप्ता, कुंजीलाल गुप्ता, अंकिता ने यजमान की भूमिका का निर्वहन किया। मंदिर में मां काली, मां भगवती, मां दुर्गा, हनुमान जी एवं गणेश जी की मूर्ति स्थापित है। 25 से 27 जनवरी तक मंदिर में स्थापित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं 29 जनवरी को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा में राजू, अशोक, मनोज, नेहा, निधि, मंजू, निक्की, अंकित, अरुण कुमार गुप्ता आदि शामिल रहे।

### अजमेर में उर्स मेला के लिये चलेगी स्पेशल ट्रेन

**बलिया।** राजस्थान के अजमेर में लगने वाले उर्स मेला के लिए रेल विभाग की ओर से स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन 26 जनवरी को बरौनी से रवाना होकर बलिया होते हुए अजमेर जाएगी। 31 जनवरी को अजमेर से वापस होगी। इस स्पेशल ट्रेन के संचालन होने से यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। इस संबंध में मंडल रेल जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार के अनुसार गाड़ी संख्या 05285 बरौनी-अजमेर विशेष ट्रेन 26 जनवरी को बरौनी से सुबह 6.30 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, श्छपरा होते हुए दोपहर बाद दो बजकर पांच मिनट पर बलिया पहुंचेगी। यहां से रसड़ा, इंदारा, मऊ, मुहम्मदाबाद, आजमगढ़, सरायमीर, खोरसाना रोड, शाहगंज, फैजाबाद, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर, इटावा, टूंडला, आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, दुर्गापुरा, जयपुर, फुलेरा, किसनगढ़ होते हुए 27 जनवरी की शाम सवा पांच बजे अजमेर पहुंचेंगी। इस ट्रेन के संचालन होने से अजमेर जाने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी।

### समूह की महिलाओं ने तैयार किया सत्तू एवं बेसन

**बलिया।** विकास खण्ड सोहांव के नरहीं गांव में शिव शक्ति महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने घर पर छोटी मशीन लगाकर सत्तू एवं बेसन तैयार कर दुकानों पर बेचने का काम शुरू किया है। इसका उद्घाटन खण्ड विकास अधिकारी शिवांकित वर्मा ने किया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि मेरा पूरा प्रयास है कि महिलाएं गांव में अपना समूह खोल कर कुटीर उद्योग लगाकर रोजगार सृजित कर सकतीं हैं। हाल ही में सरयां गांव में महिलाओं द्वारा गांव में ही आचार बनाने का काम शुरू किया गया है। इसका लाभ महिलाएं उठा रही है। शिवांकित वर्मा ने कहा कि सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह सत्तू और बेसन शुद्ध है। इसमें कोई मिलावट नहीं है।

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**दुखद**

### अपनी बहन की शादी का कार्ड बांटने आ रहा था बेल्थरारोड

**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के उभांव गांव के समीप असंतुलित होकर सड़क पर गिरे बाइक सवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। इससे बाइक सवार का सिर धड़ से कटकर 10 मीटर दूर तक घिसटता चला गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक अपनी बहन की शादी का कार्ड बांटने बेल्थरारोड आ रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि देवरिया जिले के बैतालपुर थाना क्षेत्र के बनकटिया गांव निवासी रमाकांत चौरसिया (38) मंगलवार की दोपहर अभी बहन की शादी का कार्ड बांटने बेल्थरारोड आ रहा था। अभी वह उभांव गांव के समीप पहुंचा था कि अचानक उसकी बाइक असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई। इससे वह सड़क पर गिर गया। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसके सिर को रौंदते हुए आगे निकल गई। इससे बाइक सवार का सिर धड़ से अलग होकर लगभग 10 मीटर तक घसीटता चला गया। घटना की जानकारी मिलते ही उभांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला शव

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के इंग्लिशिया हथौड़ी गांव में सोमवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने पंखे के हुक से लटककर अपनी जान दे दी। इसकी जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची गड़वार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजने के साथ ही आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी। सूत्रों के अनुसार गड़वार थाना क्षेत्र के इंग्लिशिया हथौड़ी निवासी मृत्युंजय सिंह (40) पुत्र स्व. श्रीराम सिंह अपने भाई के साथ घर पर रहते थे। सोमवार की शाम को भाई का बाहन चलाने के बाद मृत्युंजय सिंह ने कमरे का दरवाजा बंद करके पंखे के हुक से फंदे पर लटक गया। इससे उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी रूबी सिंह अपने मायके गई हुई है। मृतक का 10 वर्षीय पुत्र धनु सिंह है। जैसे ही इसकी जानकारी पत्नी को हुई, वह पहुंच गयी। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### रिक्त पांच पदों पर होगी पंचायत सहायकों की नियुक्ति

**बलिया।** दुबहड़ ब्लाक के पांच ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों के पद रिक्तहैं। इन पदों के सापेक्ष ग्राम पंचायत, ब्लाक व जिला मुख्यालय के जरिये आवेदन लिए जाएंगे। रिक्तपंचायत सहायकों के पदों पर आवेदक दो फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे। शासन के निर्देश पर जिले में भर्ती प्रक्रिया को लेकर डीपीआरओ ने सभी एडीओ पंचायत को तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग की ओर से भर्ती प्रक्रिया को लेकर खाका खींचना शुरू कर दिया गया है। विकास खंड दुबहड़ के ग्राम पंचायत बाबू राम तिवारी के छपरा, भुईली, दुबहड़, शिवपुर दियर गंगवार (सेमाली) और सोनपुरकल में पंचायत सहायकों की नियुक्ति की जानी है। विकास खंड दुबहड़ के एडीओ पंचायत संजय सिंह ने कहा है कि ग्राम पंचायतों द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना ग्राम पंचायत में सूचना पट्ट एवं मुनादी करा दी गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खंड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र दो फरवरी तक लिए जाएंगे। बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खंड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को संबंधित ग्राम पंचायत में जमा करने की अवधि तीन फरवरी से आठ फरवरी नियत की गई है। ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की वरिष्ठता सूची नौ से 16 फरवरी तक तैयार की जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा 17 से 24 फरवरी तक परीक्षण कर संस्तुति की जाएगी। ग्राम पंचायत द्वारा 25 से 27 फरवरी तक नियुक्ति पत्र निर्गत की जाएगी।

# अमहर पट्टी उत्तर में होगा स्टेडियम का निर्माण

**बलिया।** खेलो इंडिया योजना के तहत जिले में खेल को बढ़ावा देने की कवायद तेज हो गई है। इसके तहत रसड़ा क्षेत्र के अमहर पट्टी उत्तर गांव में 3.25 एकड़ में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। इसके निर्माण पर करीब 480 लाख खर्च होंगे। युवा कल्याण विभाग की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि जमीन का चिह्नांकन कर लिया गया है। कार्यदायी संस्था की ओर से प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। खेल के प्रति युवा प्रतिभाओं को प्रेरित के लिए सरकार की ओर से खेलो इंडिया योजना को लागू किया गया है। अब इस योजना को धार देने की कवायद की जा रही है। खेलो इंडिया योजना के तहत जनपद में पहला मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। शासन ने इसके लिए युवा कल्याण विभाग को नोडल विभाग नामित करते हुए प्रस्ताव मांगा है। शासन के निर्देश पर युवा कल्याण विभाग की ओर से रसड़ा तहसील के अमहर पट्टी उत्तर गांव में जमीन चिह्नित कर लिया है। करीब 3.25 एकड़ में मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस को प्राक्कलन तैयार करने को निर्देश भी दिया जा चुका है। इसके बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। रसड़ा क्षेत्र के अमहर पट्टी उत्तर में मिनी स्टेडियम बनने से आस-पास के 40 से अधिक गांवों के युवाओं को लाभ मिलेगा। युवा इस स्टेडियम में आकर खेलों की तैयारी कर सकेंगे। इसके अलावा खेलो इंडिया के तहत समय-समय पर आयोजित होनेवाले खेल भी इस स्टेडियम में होंगे।

#### जल्द भेजा जायेगा प्रस्ताव

**बलिया।** युवा कल्याण अधिकारी रामानुज यादव ने बताया कि खेलो इंडिया के तहत रसड़ा क्षेत्र के अमहर पट्टी उत्तर में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था की ओर से प्राक्कलन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# अनुपस्थित मिले 112 शिक्षक शिक्षामित्र व अनुदेशक

### बीएसए ने वेतन कटौती के साथ तलब किया स्पष्टीकरण

**बलिया।** विभाग की सख्ती के बाद भी कुछ शिक्षक मनमानी कर रहे है। प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से हुए निरीक्षण में यह बात सामने आयी है। बिना अवकाश 106 शिक्षक एवं छह चपरासी अनुपस्थित मिले है। इनके खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है। बीएसए ने 22 दिसम्बर के बाद गैर हाजिर रहने वाले शिक्षकों, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों का न सिर्फ एक दिन का वेतन एवं मानदेय काट दिया है, बल्कि संबंधितों से साक्ष्यमय स्पष्टीकरण भी तलब किया है। बीएसए की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा है।

बीएसए मनिराम सिंह ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय लखनऊ द्वारा जारी आदेश के क्रम में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं जिला समन्वयकों द्वारा परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में 10 हेडमास्टर, 45 सहायक अध्यापक, 42 शिक्षामित्र, नौ अनुदेशक एवं छह चपरासी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये है। इनका विवरण प्रेरणा पोर्टल पर अंकित है। बीएसए ने कहा कि विद्यालय समय में बिना सूचना अनुपस्थित पाया जाना संबंधित की अनुशासनहीनता, उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों की अवहेलना तथा सौंपे गये कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में की गई घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। यह किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। इससे विभागीय छवि धूमिल हो रही है। बीएसए ने बताया कि अनुपस्थित शिक्षक-कर्मचारी, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक का एक दिन का वेतन/मानदेय कटौती करते हुए उन्हें निर्देशित किया गया है कि अपनी अनुपस्थिति के संबंध में साक्ष्यमय स्पष्टीकरण सात दिवस के अंदर खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में उनके विरूद्ध विभागीय नियमों के तहत कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही पारित कर दी जायेगी।

#### चौकीदारों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** ग्रामीण चौकीदार वेलफेयर सोसायटी बलिया की बैठक मंगलवार को गंभारी बाबा मंदिर पर हुई। इसमें 28 जनवरी को वेतन वृद्धि संबंधी मांग को लेकर लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा गया। प्रदेश प्रभारी शारदानंद पासवान ने कहा कि उप्र के चौकीदारों का वेतन वृद्धि करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किया जाय। भाजपा सरकार बनने से पहले यह वादा किया गया था कि सरकार बनने पर चौकीदारों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जायेगा। बावजूद इसके अभी तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो सकी है। इस अवसर पर सुरेमन पासवान, रामबाबू मौर्य, अशोक कुमार, अजीत कुमार पासवान, रमेश पासवान, सुनिल यादव आदि मौजूद रहे।
























































# रोवर्स-रेंजर्स के पंच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**आयोजन**

### अतिथियों ने किया विभिन्न टोलियों के कैम्प का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**रेवती।** स्थानीय गोपाल जी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स का पंच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों ने विभिन्न टोलियों द्वारा बनाये गये कैम्प का निरीक्षण किया।

इस दौरान विभिन्न टोलियों के रोवर्स-रेंजर्स कैप्टनों द्वारा अतिथियों का स्वागत भारत स्काउट गाइड की परंपरा के अनुसार करते हुए अपनी-अपनी टोलियों द्वारा लगाये गये कैम्पों का निरीक्षण कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को ध्वज, शिष्टाचार, गांठ बंधन, शिविर एवं पुल, प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी, स्काउट गाइड के नियम एवं प्रतिज्ञा तथा स्काउटिंग-गाइडिंग के उद्देश्यों से परिचित कराते हुए प्रयोगात्मक विधि से परीक्षण कराया गया।


विजेता टोली को शिल्ड देते मुख्य अतिथि

पंच दिवसीय प्रशिक्षण के पश्चात विजेता के रूप में प्रथम स्थान पर चंद्र शेखर आजाद टोली, द्वितीय स्थान पर मीराबाई टोली और तृतीय स्थान पर मदर टेरेसा टोली रही। विजेता चंद्रशेखर आजाद टोली को मुख्य अतिथि जिला भाजपा कार्यसमिति के सदस्य कौशल सिंह ने शील्ड देकर सम्मानित किया। वही, द्वितीय स्थान पर रही मीराबाई टोली को विशिष्ट अतिथि बशुनपुरा ग्राम सभा के प्रधान अर्जुन चौहान ने शील्ड देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्राचार्या डॉ. साधना श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन प्रशिक्षक अभिजीत तिवारी बबलू ने किया।

## तमंचा-कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** नगरा पुलिस द्वारा अवैध तमंचा, कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को उपनिरीक्षक छुन्ना सिंह मय मय फोर्स के साथ वाहन चेकिंग और गश्त कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति निछुहाडीह मोड़ के पास खड़ा है और कहीं भागने की फिराक में है। पुलिस ने तत्काल उस स्थान की घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा। पुलिस ने किसी तरह उसे पकड़कर थाने ले आयी। पुलिस द्वारा तलाशी लिये जाने पर अभियुक्त के पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम आकाश गुप्ता पुत्र चन्द्रिका गुप्ता निवासी सुपापाली, थाना नगरा बताया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

## दबंगों ने मारपीट कर मकान पर किया कब्जा

### पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव में कतिपय दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट किया और महिलाओं को बलपूर्वक घर से बाहर निकाल दिया। सामान सड़क पर फेंक दिया और घर पर कब्जा जमा लिया। पीड़ित परिवार सड़क किनारे तिरपाल लगाकर शरण लिए हुए हैं। पुलिस चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

क्षेत्र के गंगापुर निवासी 60 वर्षीय पीड़ित विश्राम वर्मा ने बताया कि मेरे बेटे से बहला-फुसलाकर औने-पौने मूल्य में मेरा मकान मेरे पड़ोसियों ने बैनामा करवा लिया था। उस बैनामा के खिलाफ हमने दीवानी न्यायालय में मुकदमा दाखिल किया है। मुकदमा विचाराधीन है। हम लोगों के रहने के लिए कोई ठौर ठिकाना नहीं है। मुकदमा में अपने को कमजोर पाकर मेरे सजातीय पड़ोसियों ने 30 लोगों के साथ सोमवार को लाठी-डंडे के साथ घर पर कब्जा जमा लिया। मेरा सामान घर से बाहर निकाल कर फेंक दिया। प्रतिरोध करने पर हमारे परिवार के सभी सदस्यों की पिटाई भी की। इसमें विश्राम वर्मा, शारदा देवी (50) पत्नी मुन्ना वर्मा, मंजू देवी (35) पत्नी श्रीराम वर्मा, मुन्ना वर्मा (50) घायल हो गए हैं। हम लोग इस ठंड में सड़क किनारे तिरपाल लगाकर शरण लिए हुए हैं। इस बाबत पूछने पर एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि मारपीट का मामला मेरे सामने आया था। मैंने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। वही, 151 की भी कार्रवाई की गई है। मकान पर कब्जा की बात मेरे सामने नहीं आई थी। इसे दिखवा रहा हूं। किसी को भी मकान पर कब्जा नहीं करने दिया जाएगा।


## संक्षेप

### सिवान को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची देवरिया की टीम



**नगरा।** सुभाष इण्टर कालेज ताड़ीबड़ागांव के मैदान में सुभाष स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित शिवकुमार सिंह राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को सिवान की टीम को हराकर देवरिया की टीम ने सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर दिया। सिवान की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17. 4 ओभर में महज 96 रन बनाकर आल आउट हो गई। देवरिया की टीम ने 15. 4 ओभर में ही छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंच गयी। मैन आफ दी मैच का पुरस्कार देवरिया के खिलाड़ी शुभम को ग्राम प्रधान रमेश यादव द्वारा प्रदान किया गया। इसके पूर्व मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी उत्कर्ष सिंह विट्टू ने फीता काटने के बाद बल्लेबाजी करके किया। अम्पायर रघुधन प्रसाद एवं राजीव सिंह रहे। कमेंट्री रविराज सिंह एवं शुभम सिंह ने किया। स्कोरर गौरव सिंह एवं विशाल सिंह लक्की रहे। इस अवसर पर अजय सिंह, प्रदीप सिंह, मुकेश, राजेश सिंह, मैनुद्दीन अंसारी, शैलेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

### कल स्कूल में होगा मैजिक शो



**मझौवां।** मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल पचरूखिया में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर देश के जाने-माने जादूगर रामाशंकर जादूगर का बच्चों के बीच मैजिक-शो होगा। इसको लेकर स्कूल में जोर-शोर से तैयारियां चल रही है। मैजिक शो देखने के लिए बच्चों में काफी उत्साह है। स्कूल में होने वाले मैजिक शो को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। यह जानकारी प्रबंधक प्रेम किशोर ने दी है।

### पॉक्सो एक्ट का अभियुक्त गिफ्तार



**सिकंदरपुर।** स्थानीय पुलिस को मंगलवार को कामयाबी मिली। सिकंदरपुर पुलिस ने 24, 23 धारा 363 366 ए आईपीसी व 17, 18 पाक्सो अधिनियम से संबंधित अभियुक्त अखिलेश राजभर उर्फ गोलू पुत्र कैलाश राजभर निवासी ग्राम जमालपुर बंशीबाजार थाना सिकंदरपुर जनपद बलिया को गिरफ्तार करके 14 दिवस न्यायिक अभिरक्षा रिमांड में जेल भेज दिया गया।

### गतात्मा की शांति को की प्रार्थना

**बलिया।** लोहिया संस्थान, लोकतंत्र सेनानी एवं जेपी विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अधिवक्ता नगर स्थित समाजवादी निवास परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें सोबईबांध निवासी लोकतंत्र सेनानी द्विजेन्द्र कुमार मिश्र की भाभी आशा मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके प्रार्थना की गई। इस अवसर पर शुभ्रांशु शेखर पांडेय, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, निर्भय नारायण सिंह, शारदानंद सिंह, जिउत बाबू, गिरिश सिंह, अशोक राय, बासुदेव ठाकुर, शाहिद अली खां, अकमल नईम खां मुन्ना, दीना भाई, रवि मिश्र, संतोष कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शिवशरण तिवारी ने किया।

### काव्य व विचार गोष्ठी कल

**बलिया।** बलिया हिंदी प्रचारिणी सभा एवं चलता पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान में 26 जनवरी को बसंत पंचमी, सरस्वती पूजन एवं निराला जयंती के अवसर पर चलता पुस्तकालय सभागार में अपराह्न एक बजे से काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। यह जानकारी डॉ. रघुवंशमणि पाठक ने दी है।

### पूर्व मंत्री की अमर्यादित टिप्पणी की निंदा

**बलिया।** ब्राह्मण उत्थान समिति की बैठक मंगलवार को कैम्प कार्यालय पर हुई। इसमें पूर्व मंत्री एवं सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरित मानस के विरूद्ध की गई अमर्यादित टिप्पणी की घोर निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने भगवान श्रीराम का अपमान करने के साथ ही करोड़ों हिन्दुओं की आस्था पर चोट पहुंचाया है। सनातन धर्म एवं हिन्दू संस्कृति पर अभद्र टिप्पणी की है। उन्होंने यह कार्य तुष्टिकरण हेतु किया है। वक्ताओं ने उनके विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर परशुराम मिश्र, बलराम मिश्र, आनंद मणि द्विवेदी, देवेन्द्र तिवारी, चन्द्रशेखर उपाध्याय, रमाशंकर पांडेय, ई. दयाशंकर पांडेय, सर्वानंद मिश्र आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ. शत्रुध्न पांडेय ने किया।


### माता पिता व पत्नी को बताया प्रेरणा स्रोत

**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बा निवासी अनिल कुमार के बड़े पुत्र अतुल कुमार का समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन होने की सूचना मिलते ही नगर में हर्ष का माहौल है। विदित हो कि अनिल कुमार जो स्वयं यूपी बैंक ऑफ बड़ोदा के बैंक मैनेजर है उनके बड़े पुत्र अनिल कुमार 2021 यूपी पीसीएस में समीक्षा अधिकारी का चयन हुआ है। अतुल की माता मीना देवी प्राइमरी की अध्यापिका तो वही छोटे भाई अमित कुमार उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड में एसडीओ है तो वही बहन यूनियन बैंक में असिस्टेंट मैनेजर पद पर कार्यरत है। अतुल की शादी 2012 में प्रियंका से हुई जो कि राजकीय बालिका इंटर कालेज बडराव घोसी में प्रवक्ता है। अतुल के दो पुत्र अर्णव सात वर्ष व अनुष्का पांच वर्ष है। अतुल बीटेक कम्प्यूटर साइंस की पढ़ाई किये और शुरू से ही जुझारू व मेहनती रहे। जिन्हीने कभी हार नही मानी 2015 से ही लागातार प्रयासरत रहे। अतुल ने अपनी इस कामयाबी पर पूरा श्रेय व प्रेरणाश्रोत माता पिता व पत्नी को बताया। अतुल की इस कामयाबी पर बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है।पूर्व चैयरमैन गुलाब चंद गुप्त, आचार्य श्याम जी पांडेय, अजय गुप्ता, गोरख साहू, पारस साहू ओमप्रकाश सोनकर, आकाश गुप्ता, आदि लोग ने खुशी जाहिर की।

### सत्संग व भंडारा कल

**बेल्थरारोड।** बसंत पंचमी पर्व के मौके पर पूज्य संत स्वामी शिवनारायण दास मंदिर सदर गादी ससना धाम में विधि-विधान से हर साल की भांति इस साल भी आगामी 26 जनवरी को पूजा पाठ, आरती, सत्संग एवं रात्रि में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इसके ठीक दूसरे दिन 27 जनवरी को मेला आयोजित होगा। महंत लल्लन दास ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### जरूरतमंदों की मदद करना ही क्लब का उद्देश्य



**बलिया।** इनरव्हील क्लब बलिया की ओर से सोमवार को माल गोदाम रोड में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं जागरूकता अभियान का उद्घाटन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक चेयरमैन डा. वर्षा विनय कुमार का आगमन हुआ। इस दौरान डिस्ट्रिक चेयरमैन के नेतृत्व में पौधरोपण भी किया गया। डा. वर्षा ने कहा कि जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करने के लिये यह क्लब हमेशा अग्रसर रहेगा। इसके बाद नगर के सिंघानिया होटल के सभागार में क्लब की वार्षिक बैठक अध्यक्ष सरिता गुप्ता की अध्यक्षत में हुई। कार्यक्रम की शुरूआत इनरव्हील की प्रार्थना से हुई। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित किया गया। संचालन माया गुप्ता ने किया। इस दौरान जरूरतमंदों की मदद करने के उद्देश्य से दो लोगों को साईकिल, दो लोगों को सिलाई मशीन, एजुकेशन के लिये 3500 रूपये और गरीब लड़की की शादी के लिये पांच हजार की आर्थिक मदद दी गयी। अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि क्लब का उद्देश्य सदैव समाज की सहायता करना है। अंत में उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारती सिंह, अनिता सिन्हा, कविता सिंह, अर्चना गुप्ता, जया सिंह, आरती अग्रवाल, अमिता सिंह, रीना सिंह, उषा पांडेय, आंशू सिंह, प्रियंका सिंह, शैल अग्रवाल, नीलिमा सिंह, रेनू सिंह, आशा, रेनू, सुनीता, सुमन, प्रीति, पिंकी, सरिता, संगीता, नीरू, नीलम, प्रिया आदि उपस्थित रही।

### 15 लोगों के आंखों का हुआ आपरेशन

**बलिया।** इनरव्हील क्लब की ओर से शांति नेत्रालय में 15 गरीब लोगों का निःशुल्क आंख का आपरेशन कराया गया। इस दौरान उपस्थित डिस्ट्रिक चेयरमैन डा. वर्षा विनय कुमार ने बताया कि गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना ही इस क्लब का उद्देश्य है। अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि क्लब की ओर से आंख का आपरेशन कराये गये लोगों को एक नया जीवन मिल गया है।

## सहतवार के लोगों को जल भराव से मिलेगी मुक्ति

### दो करोड़ से होगा कार्य, पहली किश्त 50 लाख जारी

**बलिया।** नगर पंचायत सहतवार में लोगों को अब जलभराव की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। इसके लिये नगर पंचायत की ओर से प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। जलनिकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर पंचायत सहतवार में लगभग दो करोड़ से कार्य कराया जाएगा। इससे शासन की ओर से स्वीकृति देते हुए पहली किस्त में 50 लाख की धनराशि जारी कर दी गई है। इसमें वार्ड तीन, सात और 10 में आरसीसी नाले आदि का कार्य कराया जाएगा।

सहतवार नगर पंचायत की ओर से बनाकर भेजे गये प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। नगर विकास विभाग ने राज्य सेक्टर के कार्यक्रम के सीवरेज एवं जल निकासी योजना के तहत 1. 99 करोड़ की कार्ययोजना को स्वीकृति देते हुए पहली किस्त में 50 लाख रुपये की धनराशि भी जारी कर दी गई है। योजना के तहत वार्ड नंबर 10 में नगर पंचायत की सीमा के आगे गड़ही तक, वार्ड तीन में धमकवा डेरा से परमात्मा सिंह के खेत तक, मवेशी अस्पताल की उत्तर तरफ से धमकवा डेरा तक, वार्ड सात में राजेश सिंह के मकान से रेलवे लाइन तक, वार्ड 10 में नागर गोड़ के मकान से योगेंद्र सिंह के मकान तक आरसीसी कवर्ड नाले का निर्माण कराया जाएगा। इन वार्डो में जलभराव की समस्या बनी रहती थी। शासन की ओर से परियोजना को स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर आदि की कवायद शुरू की जा रही है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**जल्द शुरू होगा कार्यः ईओ**

**बलिया।** इस संबंध में नगर पंचायत सहतवार के अधिशासी अधिकारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि शासन को जल निकासी के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इसे स्वीकृति मिल गई है। जल्द कार्य शुरू कराया जाएगा। यहां के लोगों को जलजमाव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जग गयी है।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की अच्छाइयों को शब्दों में बयान करना मुश्किल

**बोले राजमणि शर्मा**

### स्वजातीय बंधुओं को दिखानी होगी एकजुटता

**नगरा।** राष्ट्रीय नाई महासभा ब्लाक इकाई नगरा के तत्वावधान में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 99वीं जयंती मंगलवार को जनता इंटर कालेज के मैदान में मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने जननायक के आदर्शों को आत्मसात कर राजनीति में सक्रियता के साथ समाजसेवा का व्रत लेने की बात कही।

विधायक उमाशंकर सिंह के प्रतिनिधि एवं सीएसआईएल के एमडी रमेश सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजमणि शर्मा ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की अच्छाइयों को शब्दों में बयान करना मुश्किल है। किसानों, गरीबों-शोषित, वंचितों के हकों के लिए जितना संघर्ष कर्पूरी ठाकुर ने किया है, उतना किसी नेता ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि राजनीति से दूर रहकर समाज का विकास नहीं हो सकता। इसलिए स्वजातीय बन्धुओं को एकजुटता दिखानी होगी। विधायक प्रतिनिधि रमेश सिंह ने कहा कि हम सबको जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन से प्रेरणा लेकर आदर्शो को जीवन में आत्मसात करना चहिए। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद नंदवंशी ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का सारा जीवन आजादी के पूर्व तथा आजादी के बाद भी संघर्ष में बीता, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। हमें जननायक कर्पूरी ठाकुर से सीख लेते हुए एकजुट रहकर सक्रिय राजनीति में भाग लेकर समाजसेवा का व्रत लेना चहिए। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष रीता शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष रामू ठाकुर, दिनेश ठाकुर, अनिल ठाकुर, सुदामा ठाकुर, मुखराम, गुलाब चन्द ठाकुर आदि मौजूद रहे। संचालन नंदजी नंदा ने किया। आभार रामू ठाकुर ने व्यक्त किया।


जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

### कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बलिया।** जिला सपा कार्यालय पर मंगलवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गई। सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। वक्ताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को सामाजिक न्याय का महान योद्धा एवं प्रखर समाजवादी चिंतक के साथ ही पिछड़ों, शोषितों एवं वंचितों का मसीहा बताया। इस अवसर पर राजन कन्नौजिया, रामेश्वर पासवान, रविन्द्र नाथ यादव, निषिद्ध श्रीवास्तव नीशू, वंशीधर यादव, अनिल राय, जलालुद्दीन जेडी, दयाशंकर, गनेश, सुबाष यादव, रविन्द्र पाठक, साधु दूबे, पं. नागेश्वर, हरेन्द्र गोंड आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




**दोहरीघाट, मऊ।** नगर पंचायत दोहरीघाट में 24 से 26 जनवरी उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय भाग एक के छात्र-छात्राओं व नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम में नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाई जाएगी जिसमें सभी नगर वासियों के सहभागिता होगी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार लिपिक सुशांत त्रिपाठी, अंकुर, राहुल सोनकर, सफाइनायक मुख्तार आदि रहे।

### विकास कार्यक्रमों के संदर्भ में जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद मऊ को प्रथम स्थान


**मऊ।** विकास कार्यक्रम के संदर्भ में दिसंबर माह के विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद मऊ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद मऊ में लागू कुल 55 विकास कार्यक्रमों में जनपद ने सभी निर्धारित सूचकांकों में ए ग्रेड प्राप्त करते हुए जनपद के लिए निर्धारित अंको का शत प्रतिशत हासिल कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जनपद में कराए जा रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा एवं आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर, विकास कार्यों की प्रगति को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए कार्य कराए जाने के कारण यह संभव हो पाया है।

### यूपी स्थापना दिवस पर नगर पालिका द्वारा गौ-पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मऊ।** आज 24 जनवरी को यू0पी0 स्थापना दिवस के अवसर पर शासन के निर्देश के क्रम में नगर पालिका परिषद, मऊ द्वारा ढेकुलिया घाट स्थित गौशाला में गौशाला का सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई व गौ-पूजन का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर पालिका अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार समेत पालिका के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गाय की पूजा की साथ ही उसे हरा चारा और गुड़ खिलाया और सभी ने गौरक्षा का संकल्प लिया। ज्ञातव्य हो कि प्रदेश सरकार गौ की सुरक्षा और संरक्षा पर लगातार विशेष अभियान चला रही है। इसी को मद्देनजर रखते हुए आज यूपी स्थापना दिवस के मौके पर गौ-पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य् निरीक्षक सत्य प्रकाश, नरेन्द्र कुमार व स्वच्छ भारत मिशन के डीसी मनीष सिंह व डीपीएम पियूष सिंह, कमलेश पाण्डेय सहित पालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थें।

### स्व. कालिका प्रसाद मद्धेशिया की द्वितीय पुण्यतिथि पर कन्या विवाह हेतु 1 लाख 11 हजार व कन्या शिक्षा हेतु खर्च का महादान



**दोहरीघाट, मऊ।** गत वर्ष की भाती इस वर्ष भी 23 जनवरी 2023 को दोहरीघाट निवासी स्व. कालिका प्रसाद मद्धेशिया की द्वितीय पुण्यतिथि का आयोजन हुआ। स्व. कालिका प्रसाद का देहांत 23 जनवरी 2021 को लखनऊ में 75 वर्ष की आयु में हुआ। युवावस्था से ही सामाजिक सेवा में अग्रणी भूमिका रखने वाले स्व. कालिका प्रसाद के जाने के बाद समाज में एक निर्वात की स्तिथि है। समाज के हर वर्ग की मदद को तत्तपर स्व. कालिका प्रसाद अपने जीवनकाल में कई अभूतपूर्व कार्य किये उन्होंने महिला शिक्षा महाविद्यालय एवं मंदिर जैसे सामाजिक स्थलों के लिए करोड़ों की भूमि दान की उसके साथ ही उन्होंने समाज के निचले तबके के कई परिवार की लड़कियों के विवाह का पूरा खर्च उठाया जिसके लिए परिवारीजन आज भी कृतज्ञ है। ज्ञात हो इस वर्ष द्वितीय पुण्यतिथि पर भी एक गरीब कन्या की विवाह हेतु एक लाख ग्यारह हजार रुपये एवं उसकी शिक्षा के खर्च का महादान किया गया। इस वर्ष दान पाने वाले लाभार्थिनी का नाम कीर्ति साहनी माता पुष्पा देवी पिता सोनू साहनी निवासी मल्लाह टोला, दोहरीघाट है। इसके साथ ही गरीबो को 50 कम्बल भी वितरण किया जिससे उन्हें ठंड से राहत मिलेगी। इस दौरान डॉ. पवन मद्धेशिया, लाल विहारी दुबे, त्रिलोकी सोनकर, मोती मद्धेशिया, किशोरी यादव एवं अलगु जायसवाल आदि गणमान्य उपस्थित रहें।

## चोरी की बाइक के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** मंगलवार को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान टड़वा चैबेपुर मोड से स्वामीनाथ भारती पुत्र मूलचन्द्र राम निवासी टेकई थाना मुहम्मदबाद जनपद मऊ के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर तथा चोरी की एक मोटरसाइकिल सूपर स्प्लेण्डर (यूपी 54 एक्यू 5257) काली रंग की नम्बर प्लेट बदला हुआ बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उक्त उक्त मोटरसाइकिल के चेचीस नम्बर को खुरेद कर चला रहा था जिससे मोटरसाइकिल के बारे में किसी को पता न चल सके। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 27/23 धार 41,411,413,419,420 भादवि0 व बरामद अवैध तमंचा व कारतूस के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 28/23 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनिमय का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# जिला पोषण/कन्वर्जेंस समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**बैठक**

### धीमी प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सीडीपीओ मोहम्मदाबाद को कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

**मऊ।** मंगलवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति/कन्वर्जेंस समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया जनपद में कुल 2587 आंगनवाड़ी केंद्र है जिन पर 258 कार्यकत्री एवं 538 सहायिकाओं के पद रिक्त है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत सुविधा की चर्चा के दौरान डीपीओ ने बताया कि जनपद के 373 आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं 520 केंद्रों पर शौचालय की उपलब्धता नहीं है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को पेयजल योजना के तहत सभी केंद्रों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिन केंद्रों पर शौचालय की उपलब्धता नहीं है वहां पर जिला पंचायत राज अधिकारी को इसकी व्यवस्था यथाशीघ्र सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को भी कहा। वाह्य विद्युतीकरण में विभागीय बजट कम पड़ने पर उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायत निधि से इसकी व्यवस्था करने को कहा। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि माह नवंबर में 626 अति कुपोषित बच्चों के सापेक्ष माह दिसंबर में इसमें गिरावट आई है, जिनकी संख्या 520 है। विकासखंड रानीपुर में अति कुपोषित 47 बच्चों के सापेक्ष मात्र 12 बच्चों के गृह भ्रमण पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीपीओ को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एनआरसी में भर्ती हेतु दिसंबर माह में संदर्भित 42 बच्चों के सापेक्ष मात्र 7 भर्ती तथा जनवरी माह में अब तक संदर्भित 15 बच्चों के सापेक्ष मात्र 4 बच्चे भर्ती होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उपलब्ध बेड के अनुसार अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिए।



# विधान परिषद सदस्य ने उप्र स्थापना दिवस कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**कार्यक्रम**

### सीडीओ ने लाभार्थियों को विभिन्न विभागो द्वारा संचालित योजनाओं से किया लाभान्वित

**मऊ।** जिला पर्यटन संस्कृति परिषद एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम शुभारम्भ मा0 विधान परिषद सदस्य विक्रान्त सिंह (रिशु) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विधान परिषद सदस्य द्वारा वहां पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलो का अवलोकन किया गया। मौके पर सोनी धापा इण्टर कालेज की बालिका प्रिती ठाकुर द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके उपरान्त चन्द्रकिशोर पाण्डेय लोकगीत कलाकार द्वारा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर लोकगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रशान्त नागर द्वारा उर्मिला ग्राम लाडनपुर, संगीता देवकली विशुनपुर, रमीता देवी, साधना, सोनी ग्राम पिजड़ा को आवास का स्वीकृति पत्र एवं जनार्दन, कमलेश्वर ग्राम रणवीरपुर को चाभी वितरण, परियोजना विभाग डूडा की तरफ से सरोज देवी, रीता देवी मु0 भीटी, सुनीता अंबेडकर मु0 गालिबपुर, सीमा देवी, मनोरमा देवी सहादतपुरा को शहरी आवास का चाबी वितरण। उपायुक्त स्वरोजगार के तहत शीला यादव ग्राम हरपुर, सुमन यादव ग्राम ठकुरमनपुर, प्रियंका सिंह ग्राम उमापुर, आरती देवी ग्राम परदहां, रीना यादव ग्राम बलराई को साड़ी वितरण। उद्यान विभाग की तरफ से रामदरश, जोखन राम, धीरज राम ग्राम सरसेना, हरिनाथ ग्राम अलीनगर, अरविंद कुमार गौतम ग्राम चोरपाकला, दीपा ग्राम अलीनगर, बरखू ग्राम सरवां, रामबदन पासवान ग्राम इंदरपुर भलायां, रामचंद्र ग्राम नसीरपुर, विश्वनाथ ग्राम हुसैनाबाद को लौकी बीच वितरण। समाज कल्याण विभाग की तरफ से सवरू यादव, हरि, सोम नारायण, बहादुर, रामकरन ग्राम अछार को वृद्धा पेंशन। जिला दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग की तरफ से अहमद ग्राम भदसा मानोपुर, सुरेश चैहान ग्राम धिनचैरा, योगेंद्र कुमार पासवान ग्राम सहजादपुर, दिनेश शर्मा ग्राम काजा, महेंद्र नाथ ग्राम बस्ती बर्सी निधियाव को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहें।



# विमान हादसे के शिकार युवकों का आया शव


हवाई दुर्घटना में मृत अनिल का शव आने पर रोते बिलखते परिजन।


विशाल शर्मा का शव आने के बाद रोती-बिलखती मां-बहन।


अभिषेक कुशवाहा का शव आने के बाद रोती-बिलखती मां।


सोनू जायसवाल का शव आने के बाद बेसुध अवस्था में पत्नी।

जनसंदेश न्यूज

गमगीन माहौल

### गौसपुर घाट पर एक साथ हुआ अंतिम संस्कार

**कासिमाबाद।** नेपाल विमान हादसे में कासिमाबाद तहसील क्षेत्र के चार युवकों का मंगलवार को शव आया है। शव आते ही गांव में कोहराम मच गया। मुहम्मदाबाद क्षेत्र के गौसपुर घाट पर दाह संस्कार किया गया। घाट पर शोक प्रकट करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

बतादें, 15 जनवरी को नेपाल के पोखरा विमान हादसे में कासिमाबाद क्षेत्र के काठमांडू घूमने गए चार दोस्तो की मौत हो गई थी। बरेसर थाना क्षेत्र के चकजैनब गांव निवासी अनिल राजभर, सोनू जायसवाल, अलावलपुर अफगां के विशाल शर्मा और धरवा के अभिषेक कुशवाहा की मौत के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ था।

शव की शिनाख्त के लिए परिजन 16 जनवरी को नेपाल गए थे। जहां शव शिनाख्त के बाद परिजनों को मंगलवार को शव मिला है। शव को एंबुलेंस के माध्यम से गांव लाया गया। परिजनों के आने की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मंगलवार के दिन जैसे ही चार मृतकों का शव घर पर पहुंचा। गांव के लोग गमगीन हो गए और चारों तरफ मातम छा गया। मंगलवार को ही मुहम्मदाबाद क्षेत्र के गौसपुर घाट पर दाह संस्कार किया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा राजनीतिक दलों की ओर से प्रतिनिधिमंडल पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देने में जुटे रहे।

### चार चिता एक साथ जलती देख दहला गांव

दरअसल सुबह करीब 9 बजे चारों युवकों का शव अलग-अलग एंबुलेंस से गाजीपुर लाया गया। शव रक्सौल होते हुए जैसे ही सुबह उनके पैतृक गांव पहुंचा। परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। ताबूत में आए शव को खोला नहीं गया। परिवार के लोग अंतिम क्षण भी अपने लाल का चेहरा नहीं देख पाए। फूल माला चढ़ाकर युवकों को श्रद्धांजलि दी गई। मृतकों की अंतिम यात्रा गौसपुर के लिए रवाना हुई। अलग-अलग चिताओं पर रखकर उनका अंतिम संस्कार किया गया। चार चिता एक साथ जलता देख वहां मौजूद लोगों की आंखें भर आई। इधर, अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। सुरक्षा को लेकर बरेसर, कासिमाबाद, नोनहरा, मुहम्मदाबाद सहित कई थानों की फोर्स तैनात रही।

# चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में हाथापाई

विवाद

### बार एसो.दो भागों में बटा चरम पर तनाव

जनसंदेश न्यूज


सेवराई तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के विवाद के बाद चौकी प्रभारी राजेश गिरि।

**सेवराई।** बार एशोसिएशन सेवराई के चुनाव कराये जाने को लेकर अधिवक्ताओं में तहसील परिसर के सार्वजनिक स्थान पर ही हाथापाई शुरू हो गया। जिसको लेकर बार एसोसिएशन सेवराई दो भागों में बट गया और खेमेबंदी शुरू हो गया। इस बात की जानकारी गहमर थाना को मिलने के बाद चौकी प्रभारी सेवराई राजेश गिरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले को रफा-दफा कराया। बार एसोसिएशन सेवराई के सदस्य अजय राय द्वारा एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी दयाशंकर राय के पास पहुंचकर उनके ऊपर आरोप लगाना शुरू कर दिया कि आप चुनाव कराना नहीं चाहते है। सभी लोगों से सदस्यता शुल्क लेने के बावजूद भी अब तक चुनाव की तिथि घोषित नहीं की गई और ऊपर से आपके द्वारा एक कमरे में बैठकर पूरी कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया। ऐसे में हम सभी सदस्यों के सदस्यता शुल्क को वापस किया जाए और रजिस्टर हमें उपलब्ध कराया जाए। रजिस्टर की मांग को लेकर दोनों लोगों में छीना झपटी शुरू हो गई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मुख्य चुनाव अधिकारी दयाशंकर सिंह व अधिवक्ता अजय राय में हाथापाई भी शुरू हो गई। मुख्य चुनाव अधिकारी दयाशंकर सिंह ने बताया कि मेरे पास किसी भी अधिवक्ता सदस्य का सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया गया था। मेरे सहयोगी सहायक निर्वाचन अधिकारी सुमंत कुशवाहा द्वारा अधिवक्ताओं से सदस्यता शुल्क वसूल कर अपने पास रखा गया है। चुनाव को लेकर उन्होंने बताया कि कई बार अधिवक्ताओं की बैठक बुलाई। लेकिन अधिवक्ता बैठक में शामिल नहीं हो रहे थे। ऐसे में उपस्थित अधिवक्ताओं के बीच में ही एक कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया। उन्होंने अजय राय पर हाथापाई करने का भी आरोप लगाया। इस संदर्भ में चौकी प्रभारी सेवराई राजेश गिरी ने बताया कि विकास खंड कार्यालय से लौटते समय तहसील परिसर में हंगामा देखकर पहुंच गया या दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया गया।

### एसपी सिटी ने पुलिस चौकी का किया लोकार्पण

**मनिहारी।** जंगीपुर थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में मंगलवार को नवनिर्मित पुलिस चौकी का एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी ने फिता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी ने बताया कि यह क्षेत्र नदी किनारे होने के साथ ही संवेदनशील था और यहां थाना कोतवाली गाजीपुर,थाना नन्दगंज, शादियाबाद व जंगीपुर की सीमाएं पड़ती है। जिससे यहां पुलिस चौकी स्थापित होने से अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।उन्होंने पुलिस चौकी बनने में जिन जिन लोगों ने संयोग दिया है उनका धन्यवाद दिया।सीओ सिटी गौरव कुमार सिंह ने बताया कि यहां कोई भी घटनाएं होती थी तो जंगीपुर पुलिस को पहुंचने में समय लगता था। क्योंकि यहां से जंगीपुर थाना 14 किलोमीट दूरी पर स्थित है। इसके साथ ही घटनास्थल पर पहुंचने में बहुत ज्यादा दिक्कतें होती थी। घटनास्थल पर पहुंचने में समय लगता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सभी की मेहनत से नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन हुआ है। अब घटनास्थल पर पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगेगा और पुलिस आपकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। समारोह में जंगीपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष शादियाबाद घनानंद मिश्रा,एसआई रामकुमार दूबे,विनय नायक,ग्राम प्रधान जयप्रकाश यादव, सदानंद यादव, शेषनाथ सिंह, अवधेश यादव, अर्जुन गौड़,आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मालगाड़ी के सामने कूदकर किशोर ने की आत्महत्या


मुहम्मदाबाद कोतवाली परिसर में ग्रामीणों की भीड़।

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ग्राम आसमानी चक उर्फ मालीचक निवासी एक 14 वर्षीय किशोर ने सोमवार की रात्रि में बलिया की ओर जा रही मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। अगली सुबह किशोर की मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर के मौत के बाद कोतवाली परिसर में ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। क्षेत्र के आसमानी चक उर्फ मालीचक निवासी बब्बू पुत्र राधे राम (14) ने रेलवे ट्रैक के पास नव बिघा बगीचे के नजदीक छोटी पुलिया के पास से बलिया की ओर आ रही मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उसे काफी चोट आई जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इसकी सूचना किसी व्यक्ति ने रेलवे गेटमैन को बताई कि अभी-अभी एक लड़का मालगाड़ी के सामने कूदा है । गेटमैन ने इसकी सूचना कोतवाली में दी ।सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी सदल बल मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने स्थिति का जायजा लिया तथा काफी खोजबीन के बाद उसका पता चलने पर उसके परिजनों को सूचित किया। सूचना पाकर उसके परिजन कोतवाली पर उपस्थित हुए। कोतवाली प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षेप

### अधिवक्ताओं ने काली पटटी बांध कर किया विरोध



**गाजीपुर।** सिविल बार संघ गाजीपुर के अधिवक्ताओं ने काली पटटी बांध कर प्रतीकात्मक विरोध किया। सिविल बार काउसिंल के आहवाहन पर छह सूत्रीय मागों को लेकर अधिवक्ताओं ने जुलूस निकाला। जुलूस जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुआ और मांग संबंधित ज्ञापन अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा। पूर्व अध्यक्ष धीरेन्द्र नाथ सिंह व पूर्व महासचिव तारिक सिद्धकी ने अपना-अपना विचार रखे। अध्यक्ष सुधाकर राय नें सभी अधिवक्तागण को 30 जनवरी को धरना प्रदर्शन व न्यायिक कार्य से विरत रहने की भी बात कही। इसके साथ ही आन्दोलन का जारी रखने के लिए सभी अधिवक्ताओं से अपील की। अधिवक्ताओं ने मांग किया कि प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिये 5 लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा और आयुष्मान योजना से उन्हें जोड़ा जाए। लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लम्बित दावों का यथाशीघ्रभुगतान कराया जायें। जिलो में अधिवक्ताओं के चैम्बर का निर्माण कराया जायें। अधिवक्ता व पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धनराशि दिया जायें। 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 40,000 अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना लागू की जायें। एडवोकेटस प्रोटेक्सन एक्ट लागू किया। जुलूस का नेतृत्व अध्यक्ष दशरथ यादव और सिविल बार अध्यक्ष सुधाकर राय ने किया। संचालन की भूमिका में महासचिव रतन श्रीवास्तव रहें।

### गंदगी के लगे ढेर, अफसर बने अनजान

**गाजीपुर।** भाजपा ने जिला मुख्यालय में' रैली' का आयोजन किया। इस रैली में शामिल होने के लिए पूरे जिले से भारी संख्या में नेता और कार्यकर्ता पहुंचे। इस दौरान भाजपा के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया। मगर वहीं भाजपा कार्यकताओं ने आईटीआई पर चारों तरफ कूड़ा फैला दिया। जिला मुख्यालय के आसापास भाजपा कार्यकताओं ने स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ा कर रख दी। कूड़े दान लगे होने के बावजूद मैदान पर गंदगी का अंबार लगा रहा, जबकि कूड़ेदान खाली रहे। कार्यकताओं और रैली के आयोजनकर्ताओं की लापरवाही के चलते परिसर में गंदगी देखने को मिली। रैली में कार्यकर्ताओं के लिए पानी और नेताओं के लिए फूल माला का इंतजाम किया गया था। मगर सफाई की धज्जियां उड़ाते हुए कार्यकताओं ने जहां खाया-पीया, वहीं फेंक दिया। परिसर को कूड़ा घर समझने वाले कार्यकर्ताओं ने रैली खत्म होते ही कूड़ा करकट जमीन पर नजर आया।

### नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय क्षेत्र के मुंसिफ न्यायालय कार्यालय के परिसर में सेंट्रल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कर शपथ ग्रहण कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद न्यायाधीश संजय कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शरद कुमार चौधरी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह में मंच का संचालन अधिवक्ता कृष्णानंद राय तथा अध्यक्षता दयाशंकर दुबे ने किया। इसके पश्चात सभी विजयी अधिवक्ता गणों को शपथ ग्रहण कराया गया। मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश माननीय संजय कुमार ने नवनिर्वाचित अधिवक्ता गणों को शपथ ग्रहण कराया। इसके पश्चात उपस्थित अधिवक्ताओं ने भी अपनी बात रखी। शपथ ग्रहण समारोह के समापन के पश्चात सभाध्यक्ष ने आभार व्यक्त कर समारोह का समापन किया।

### हादसे का सबब बन सकता है जर्जर खंभा

**गाजीपुर।** शहर में कई स्थानों पर विद्युत खंभे गिरासू हालत में हैं। यह खंभे किसी भी वक्त हादसे का सबब बन सकते हैं। शिकायतों के बावजूद विभागीय अधिकारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस क्रम में शहर के मालगोदाम रोड, स्टेशन रोड, बन्धवा, बंसीबाजार में भी खंभे काफी समय से गिरासू हालत में है। इसकी वजह से लोग दहशत में हैं। बता दें कि शहर के तहसील रोड, बाईपास मार्ग, लंका, टैक्सी स्टैंड और भुतहियाटाड आदि मोहल्लों में लगे विद्युत खंभे काफी समय से गिरासू हालत में हैं। यह खंभे हादसों को न्योता दे रहे हैं। गिरासू खंभों से कभी भी हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने कई बार इसे बदलवाने की मांग की है, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला है।

### नहर टूटने से फसल जलमग्न, किसानों में हाहाकार

**मरदह।** स्थानीय गोनिला चौहान बस्ती के पास मरदह राजवाहा के बीती देर रात्रि में टूटने से गोनिला एवं कैथवली गांव के किसानों की सैकड़ों बीघा के आसपास फसल जलमग्न हो गयी। किसानों की सूचना पर नहर विभाग द्वारा पानी बंद कराया गया। फसल डूबने से किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। नहर के किनारे स्थित सौ बीघा के लगभग गेंहू ,सरसो ,चना आदि के खेतों में पानी भरने की जानकारी भोर में होने पर किसान खेतों की तरफ दौड़े। किसानों ने बताया कि नहर की पटरी में पशुओं द्वारा बिल खोदने की वजह से नहर टूटने की घटना हुई है।

### पुरानी रंजिश में मारपीट कर घायल किया

**मरदह।** थाना के बरेंदा गांव निवासी बादल गोड़ (24) वर्ष को पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार की देर शाम को बरेंदा गांव में ही कुछ लोगों ने मारपीट कर गम्भीर रूप घायल कर दिया। घायल बादल का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर कराया गया । बादल की मां चंद्रावती की तहरीर पर मरदह पुलिस ने बरेंदा गांव निवासी हमलावर पिता-पुत्र विनोद गुप्ता ,लक्की गुप्ता के खिलाफ मारपीट एवं एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज किया है ।

# डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने पर आक्रोश


धरने पर बैठे लोग

जनसंदेश न्यूज

धरना

### स्थानीय लोगों ने किया धरना प्रदर्शन, स्थानीय प्रशासन ने नई प्रतिमा लगवाने का दिया आश्वासन

**गाजीपुर।** पहलवानपुर के कटही में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने के विरोध में स्थानयी लोगों ने आक्रोश जताते हुए, प्रशासन से अराजक तत्वों की गिरफ्तारी की मांग की।

क्षेत्र के लोगों ने सुबह देखा तो डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा टूटी हुई थी इसके बाद सभी ने आक्रोश जताते हुए प्रतिमा स्थल पर ही धरना देने लगे, इस बात की खबर स्थानीय प्रदर्शन को लगते ही मौके पर स्थाीय अधिकारी पहुंच गये, धरना दे रहे लोगों को नई मूर्ति लगवाने के आश्वासन पर शांत कराया, धरनारत लोगों ने अराजकतत्वों की गिरफ्तारी की भी मांग की। धरना दे रहे जिला सचिव प्रभारी आदित्य कुशवाहा ने कहा कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, धरना देने वालों में मनोज कुमार विद्रोही पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राम, विधानसभा अध्यक्ष सुबोध राम, सेक्टर प्रभारी सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

### गो आश्रय केंद्र का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

**सेवराई।** तहसील क्षेत्र के भदौरा ब्लाक में गोआश्रय के कमी को पूरा करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद व खंड विकास अधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने पूर्व में बने अमौरा गांव मे अस्थायी गो आश्रय केंद्र का मंगलवार को निरीक्षण किया गया। जिसमें पशुओं के रहने के लिए बनाए गए टीन शेड नहीं पाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए इसके जांच के निर्देश दिए। मंगलवार की दोपहर एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद गो आश्रय केंद्र अमौरा पर निरीक्षण करने पहुंच गए और पशुओं के रहने के लिए पूर्व में बनाए गए टीन शेड के नहीं पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए मौके पर मौजूद बीडीओ भदौरा से जवाब तलब किया एवं गायब हुए टीन शेड के एवं इसे बनाए जाने में जो लापरवाही की गई थी उसके जांच के निर्देश देते हुए कड़ी कार्यवाही करने की बात कही। ज्ञात हो की पूर्व में भदौरा ब्लॉक के लिए अमौरा गांव के पानी टंकी में अस्थाई गो आश्रय केंद्र बनाया गया था लेकिन कुछ वजह से गो आश्रय केंद्र बंद कर दिया गया। वहां पर लगाया गया टीन शेड भी गायब मिला। इस संबंध में एसडीएम राजेश प्रशाद में बताया कि क्षेत्र में गो आश्रय स्थल की कमी को पूरा करने के लिए अमौरा पानी टँकी के जगह को चिन्हित किया गया है। यहां पूर्व निर्माण में जो लापरवाही बरती गई है और जो भी सामान यहा से गायब है उसकी जांच करा कर कार्यवाही की जाएगी। भदौरा ब्लाक में गो आश्रय केंद्र की जरूरत है और इसे तत्काल चालू करा दिया जाएगा।

# वेल्डिंग वर्कर से एक लाख 18 हजार रुपये की ठगी

जनसंदेश न्यूज

**दिलदारनगर।** साइबर क्राइम के झांसे में आकर दिलदारनगर के वेल्डिंग वर्कर संतोष कुमार शर्मा के खाते से एक लाख 18 हजार 156 गायब हो गए। पीड़ित संतोष कुमार शर्मा पुत्र उपेंद्र शर्मा निवासी दिलदारनगर बाजार ने पुलिस अधीक्षक व साइबर सेल मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को लिखित पत्र देकर न्याय की मांग किया है। बताया कि 22 जनवरी को शाम लगभग 7:00 बजे अज्ञात व्यक्ति का फोन आता है और लोहे का गेट बनवाने के लिए ऑर्डर देने का प्रयास करता है।

तब पीड़ित ने उन्हें 8300 प्रति कुंटल रेट बताया और कहा कि आपने जो बताया है उसमें करीब 25000 खर्च होंगे। उसने कहा कि मैं ऑनलाइन बैंक के जरिए तुम्हारे खाते में पैसा भेज दूंगा तो पीड़ित ने कहा कि कम से कम 10000 एडवांस करेंगे तभी माल तैयार होगा। इस पर उसने पीड़ित का अकाउंट नंबर मांगा और पीड़ित ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया दिलदारनगर अपने बैंक अकाउंट 4663 02010 915 692 बताया और इस अकाउंट में 1 मात्र पीड़ित के खाते में पैसा भेजा। तब साइबर क्राइम के व्यक्ति ने पीड़ित को कहा कि अब तुम मेरे अकाउंट में 2 भेजो और फिर पीड़ित ने 2 रुपये उसके खाते में भेज दिया। लेकिन वह साइबर क्राइम वाले व्यक्ति ने पीड़ित संतोष को बेवकूफ बना कर अपने झांसे में लेना शुरू किया और कहा कि तुम्हारा पैसा मेरे खाते में शो नहीं कर रहा है तुम अपना पिन कोड बताओ उसके झांसे में आकर पीड़ित अपना पिन कोड बता दिया। उसके कुछ देर बाद पीड़ित के अकाउंट में तीन बार पहली बार 98156 दूसरी बार 15000 एवं 5000 निकलने का मैसेज आ गया। तब पीड़ित का होश हवास खो गया। पीड़ित ने तत्काल दिलदारनगर थाने में पहुंचकर आपबीती बताई। दिलदारनगर पुलिस ने साइबर क्राइम सेल गाजीपुर में शिकायत दर्ज कराने की बात कहकर मामले को टाल दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक एवं साइबर सेल गाजीपुर को लिखित पत्र सौंपा।

### दो भैस चोरी

**मरदह।** थाना के केलही गांव निवासी हरिकेश यादव के घर के सामने कमरे में बाधी गई दो भैसे पिकप सवार चोरों ने चोरी कर ली । चोरी की जानकारी सुबह होने पर ग्रामीणों की भीड़ हरिकेश के दरवाजे पर जुट गई। पीड़ित हरिकेश यादव ने चोरी की तहरीर मरदह थाने में दी है। पशु चोरी की घटनाओं पर अंकुश न लगने से पशुपालकों में भय व्याप्त है।



































## जनसंपादकीय

# बेटियों का हासिल



**जयप्रकाश पांडेय**

ओलिंपिक, एशियाड ,कामनवेल्थ में भारत का परचम लहराने वाली मादरे हिंद की बेटियां रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के दमनकारी आचरण एवं यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर के पूस -माघ की सर्द में तीन दिन जंतर मंतर पर धरने पर बैठी रहीं। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक सहित 30 से अधिक धरने पर बैठे रेसलरों में रोती हुई विनीश की तस्वीर में वस्तुतः हाथरस की बेटी, अंकिता भंडारी एक बार फिर से मरती है। जंतर मंतर पर विनेश फोगाट के आंसू महज एक लड़की की बेबसी और भावना में निकले आंसू नहीं है।यह पितृसत्तात्मक समाज की मर्दवादी चक्की में पिसती हुई आधी आबादी की साझी पीड़ा की मूक अभिव्यक्ति है। सरकार द्वारा एक जांच समिति के गठन एवं चार सप्ताह में रिपोर्ट आने तक फेडरेशन के अध्यक्ष की शक्तियों की सीज करने के आश्वासन से संतुष्ट होकर भले ही बेटियों ने जंतर मंतर छोड़ दिया लेकिन उन्होंने नारी विमर्श का नया अध्याय जोड़ दिया है। यह हमारे देश की विडंबना है कि आजादी के बाद भी मध्यकालीन मर्दवादी सोच रखने वाली सामंती ताकतों ने ग्रामीण क्षेत्र में हाशिए के समाज की बेटियों का यौन उत्पीड़न बदस्तूर जारी रखा।नागार्जुन की हरिजन गाथा एवं जनसंस्कार वाले अदम गोंडवी की कालजई कविता चमारों की गली में सरजूपार की मोनालिसा(कृष्णा) के शीलहरण के त्रासद दृश्यों में यह सच्चाई देखी जा सकती है। इन रचनाओं एवं ऐतिहासिक दस्तावेजों में बेटियों के यौन उत्पीड़न के गुनहगारों की रक्षा में जाति पंचायतें और समूचा प्रशासन खड़ा हो जाता है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार हाथरस की त्रासदी,कुलदीप सिंह सेंगर, चिन्मयानंद और अब बृजभूषण सहित सभी यौन उत्पीड़न की घटनाओं में बेटियों के साथ चट्टान की तरह खड़े रहने के बजाय गुनहगारों को बचाने की कोशिश करती है। चिन्मयानंद पर बलात्कार से संबंधित मुकदमें सरकार ने वापस ले लिए। न तो फरार घोषित चिन्मयानंद की गिरफ्तारी हो सकी न ही तथाकथित बुलडोजर उनके आलीशान महलों पर खरोंच लगा सके।यदि न्यायालय हस्तक्षेप नहीं करता तो यह सारे केस ठंडे बस्ते में डाल दिए जाते।

नारी घर की चारदीवारी में अपना वजूद मिटाकर हाशिए पर खड़ी होकर भी परिवार के सदस्यों को भावनात्मक सहारा देती है। लेकिन वह चौखट के भीतर भी हिंसात्मक व्यवहार झेलती है और चारदीवारी के बाहर स्कूल, बाजार, कार्यालय हर जगह देह से शोषित है। इतने शोषण में जीते हुए भी जब हमारे देश की बेटियां अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में हमारे लड़कों की तुलना में अधिक मेडल हासिल कर रही हो,ऐसे में रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप से समूचे उत्तर प्रदेश को शर्मिंदा होना पड़ रहा है। दबंग प्रकृति के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का विवादों से चोली दामन का रिश्ता रहा है। 1995- 96 में दाऊद के गुर्गों को शरण देने के लिए इन्हें जेल की हवा खानी पड़ी थी। न्यायालय ने सीबीआई के नरम रवैया के प्रति सख्त टिप्पणी करते हुए रिहाई दी थी। गोंडा जनपद में बलात रूप से जमीन हासिल कर विद्यालय बनवाने, संगठित नकल कराने, अवैध खनन कराने के आरोप उन पर लगते रहे हैं। स्वयं प्रधानमंत्री ने गोंडा में चुनावी सभा में नकल का जिक्र किया था। बाबा रामदेव, राज ठाकरे के विरोध के साथ ही स्वर्गीय पंडित सिंह पर अनर्गल आरोप एवं फैजाबाद के सांसद लल्लू सिंह और योगी सरकार हमला करने से भी उन्होंने गुरेज नहीं किया। दरसल एक महिला का यौन उत्पीड़न किसी सिरफिरे पुरुष की सनक का परिणाम नहीं है, बल्कि बलात्कार स्त्री पर पुरुष के वर्चस्व की धारणा से विकसित पितृसत्ता का ऐतिहासिक शस्त्र है जिसका दंश मिश्र, यूनान,रोम, बेबीलोन की प्राचीन सभ्यताओं से आज तक की आधी आबादी झेल रही है। गुजरात दंगों में बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार तथा परिवार के सदस्यों के कत्ल के गुनहगारों की भाजपा सरकार द्वारा माफी की घोषणा एवं उनकी रिहाई पर भाजपाइयों द्वारा जश्न के आयोजन इसी पितृसतात्मक सोच की आधुनिक मिसाल पेश करते हैं।


आधुनिक भारत के सभी महान चिंतकों एवं सुधारकों - राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, स्वामी दयानंद, भी विवेकानंद, ज्योतिबा फुले, पेरियार महात्मा गांधी, बाबासाहेब आंबेडकर, डॉक्टर लोहिया आदि ने समाज और राष्ट्र के आधुनिकीकरण में आधी आबादी को बराबरी का दर्जा एवं उनके सशक्तिकरण को अनिवार्य बताया है। इन महापुरुषों ने स्त्री पुरुष समानता को केवल नैतिक बंधनों पर आश्रित ना बनाकर उसे वैधानिक स्तर पर स्थापित किया। सती प्रथा अधिनियम 1829, विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856,एज आफ कंसेंट एक्ट 1891 एवं शारदा एक्ट 1928 आदि कानूनों के सहारे महिलाओं को बराबरी देने का प्रयास हुआ। संविधान ने सभी लिंग आधारित वर्जनाओं को खंडित कर दिया। किंतु महिला आजादी का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज हिंदू कोड बिल-1951है। महिलाओं को बहुविवाह से मुक्ति ,उन्हें पुरुषों के समान तलाक एवं संपत्ति के अधिकार देने वाले हिंदू कोड बिल का सर्वाधिक विरोध वर्तमान भाजपा के वैचारिक संरक्षकों ने किया। जनसंघ के सांसदों ने सदन में बिल का विरोध किया तो करपात्री जी की रामराज्य परिषद ने सदन के बाहर हंगामा किया, संघ परिवार ने पूरे देश में इसके खिलाफ प्रदर्शन किया। बाबा साहब के कानून मंत्री के पद से त्यागपत्र के पीछे संघ का विरोध प्रदर्शन काफी हद तक जिम्मेदार था। स्त्री-पुरुष के शारीरिक भेद को सामाजिक विभेद में बदल देने वाली हर संस्था,परंपरा एवं आचरण के विरुद्ध एक तार्किक एवं लोकतांत्रिक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है।

जंतर मंतर पर अपना धरना भले ही मादरे हिंद की बेटियों ने समाप्त कर दिया। बहुत संभव है कि जांच के बाद भी नौकरशाही के भरोसे संचालित मोदी सरकार तकनीकी पेचेदगी के बहाने यथास्थिति कायम रखने में सफल हो।भविष्य में न तो खेल संस्थाएं राजनीतिक नेतृत्व से मुक्त हो सके न ही विश्वस्तरीय खेल ढांचा विकसित हो सके। लेकिन फेडरेशन के अध्यक्ष की निरंकुशता और उनके यौन उत्पीड़न के खिलाफ धरने पर बैठने के बेटियों के साहस ने प्रतिरोध और संघर्ष का राजपथ दिखा दिया है। इस पथ पर चलकर हमारी बहन-बेटियां मर्दवादी सोच और आचरण के खिलाफ अपनी लड़ाई खुद लड़ सकेंगी। खेल की दुनिया में महिला खिलाड़ियों को पुरुषों के बराबर प्रतिष्ठा एवं आर्थिक सुविधा हासिल नहीं होती।यह देश का दुर्भाग्य है कि प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल संस्थानों का नेतृत्व राजनेताओं के पास है। बीसीसीआई के सचिव पद पर गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण धूमल केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के छोटे भाई हैं तो रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का कब्जा बना हुआ है। इनमें किसी के पास राष्ट्रीय स्तर पर खेल का अनुभव नहीं है न ही कोई विजन प्रदर्शित होता है। कुश्ती कबड्डी भारतीय लोक परंपरा के खेल हैं। आज भी भारत के सभी छःलाख गांवों में लोकप्रिय है। क्रिकेट की तुलना में इन खेलों में किसी विशेष बुनियादी संरचना की जरूरत नहीं होती।स्वाभाविक रूप से भारत इन खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में अच्छी सफलता प्राप्त करता है। चीन से अधिक युवा आबादी का देश होने के बावजूद ओलंपिक, एशियाड में उसके प्रदर्शन के सापेक्ष हमारी स्थिति अपमानजनक है। इसलिए सरकार को खेलों का एक पारदर्शी,प्रतिस्पर्धी एवं विश्वस्तरीय ढांचा विकसित करने को प्राथमिकता देनी होगी। खेल संस्थानों में ऐसा लोकतांत्रिक परिवेश सृजित करना होगा, जहां जाति, धर्म, क्षेत्र, लिंग पर आधारित विभेद से किसी खिलाड़ी को मानसिक यंत्रणा से न गुजरना पड़े सभी खिलाड़ी अपना सर्वोच्च प्रदर्शन राष्ट्र को अर्पित कर

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क :7007189758)**

# आक्सफैम रिपोर्ट: भारत में गैर बराबरी की इंतहा

## प्रसंगवश



**विमलशंकर सिंह**

इसी 16 जनवरी को ही ऑक्सफैम इंडिया नें भारत में असमानता की बढ़ती, विकराल रूप लेती स्थिति की जो रिपोर्ट प्रस्तुत की है उसकी तुलना संभवतः लंका में भगवान हनुमान की बढ़ती पूँछ से ही की जा सकती है । इस रिपोर्ट में भारत में असमानता की प्रयलंकारी गंगा बहती दिखाई देती है जो कि समाज, सरकार और उसकी नीतियों को आईना दिखाती प्रतीत होती है ।

रिपोर्ट बताती है कि देश की सबसे धनी एक प्रतिशत जनसँख्या के पास देश की कुल सम्पति का 40.5 प्रतिशत है। देश की 10 प्रतिशत सबसे सम्पत्तिवान वर्ग के पास देश की 72 प्रतिशत सम्पति है ।इसके विपरीत देश की ही 50 प्रतिशत सबसे गरीब आबादी के पास मात्र 3 प्रतिशत सम्पति है। तो क्या यह स्तब्ध कर देने वाली रिपोर्ट नहीं है ? अनेक हैरान कर देने वाले तथ्यों का उद्घाटन करने वाली इस रिपोर्ट का नाम ह्यसर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट-दी इंडियन स्टोरीह्ल है और यह रिपोर्ट बताती प्रतीत होती है कि विश्व में संपन्न वर्ग ही जीवंत जीवन जीने का हकदार होगा और असमानता के कारण, विपन्न वर्ग का नामों निशान बचेगा भी कि नहीं, सदा संशय बना रहेगा । यह रिपोर्ट यह भी उद्घाटित करती है कि हम विश्व विजेता और गुरु बन चुकें हैं जग में, असमानता और गैर बराबरी को बढ़ाने के दंगल में। असमानता की यह आंधी, गाँधी, नेहरू, अम्बेडकर और अमर्त्य सेन के उस देश में बहती दिखाई देती है जहाँ समानता और ट्रस्टीशिप के सिद्धांतों को बुना गया; जहाँ गरीब रहनुमा, गरीब परवर और मसीहा बनने की उद्घोषणा समय समय पर हमने की ।लेकिन प्रश्न तो यह है कि क्या 21 वी शताब्दी का भारत अब, समाजवादी समाज की जगह, सामंतवादी समाज बनने की राह पर तो नहीं चल पड़ा है ? अभी तो आजादी के महज पचहत्तर वर्ष ही बीते हैं; अमृत महोत्सव काल चल रहा है और हम लगता है कि आजादी के पूर्व के काल के सामंतवादी युग में कदम रख भी चुके हैं नव उदारवादी आर्थिक मॉडल चुन कर । आइये देखें कि रिपोर्ट ने क्या खुलासा किया है ?

भारत में केवल दस सबसे धनी व्यक्तिओं को देखें तो उनकी कुल सम्पति सन 2022 में रु. 27.52 लाख करोड़ थी । देश के सबसे समृद्ध 100 धनवानों की सम्मिलित सम्पति इसी समयावधि (सन 2022) में बढ़ कर रु. 54.12 लाख करोड़ हो चुकी थी। यह धनराशि भारत सरकार के डेढ़ वर्ष के सम्पूर्ण बजट के बराबर है या बजट के खर्च को पूरा कर सकती है। जरा सोचिये तो इसी धनराशि की व्यवस्था करने में भारत सरकार को कितना पापड़ बेलना पड़ता है और आम जनता के दिन का चैन और रात का आराम, हराम हो जाता है कर देने की चिंता में । तो क्या कुबेर का खजाना कुबेरपतियों के हाथ, नहीं लग गया है? चौंकाने वाला तथ्य तो यह भी रहा कि इन दस महानुभाओं की सम्पति में सन 2021 में 32.8 प्रतिशत से वृद्धि भी हुई थी । तो जैसे च्युटा-गुड़ की तरफ आकर्षित होता है वैसे ही धन, धनवानों की तरफ आकर्षित होता गया है हिन्दोस्तान में ।

ये आंकड़े तो कुबेरपतियों के सम्पति सम्बन्धी हैं। लेकिन कुबेरपति कितने हैं देश में, आइये जानें । देश में बिलिनायर्स की संख्या सन 2020 में 102 थी । सन 2021 के कोरोना काल में इनकी संख्या बढ़ कर 142 हो गई । तो जैसे जैसे कोरोना बढ़ता गया, वैसे वैसे ही बिलिनायर्स भी बढ़ते गए देश में । तो कोरोना, बड़ा सुखदाई, फलकारी साबित हुआ इन धनवानों के लिए । सन 2022 में इनकी संख्या और बढ़ कर 166 हो गई है । तो रिपोर्ट बताती है कि हाल के वर्षों में बिलिनायर्स के अच्छे दिन आ गए हैं । दूसरी तरफ, देश में गरीबों की फौज बढ़ती जा रही है जिनको की जिन्दा रहने के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी मयस्सर नहीं हैं । भूख से संत्रस्त भारतीयों की यह संख्या सन 2018 में 190 मिलियन (19 करोड़) थी जो सन 2022 में बढ़ कर 350 मिलियन (35 करोड़) हो गई ।सन 2022 में 5 वर्ष से छोटे बच्चों में मृत्यु का 65 प्रतिशत कारण भूख और कुपोषण रहा है।देश में 22.89 करोड़ अत्यंत गरीब भी हैं । भारत में अत्यंत गरीबों की यह संख्या विश्व में सर्वाधिक है । तो क्या हम गरीबी के सम्बन्ध में ही विश्व गुरु नहीं बन गए हैं अब? क्या यह सच नहीं की 80 करोड़ गरीब जनसँख्या के दो जून की रोटी अब उस मुफ़्त के अनाज पर निर्भर है जो उसे सरकार कोरोना काल से दे रही है ? क्या वह इसी अनाज पर जिन्दा नहीं है ? तो एक तरफ 166 बिलिनायर्स हैं, जिनकी सम्पति को सहेज कर रखने में भारत माता की झोली छोटी पड़ती जा रही है तो दूसरी तरफ 142 करोड़ असहाय जनसँख्या है, जो भूख, गरीबी, बेरोजगारी, मंहगाई, स्वास्थ्य आपदा और उधार के भार से संत्रस्त और दबी पड़ी है। तो असमानता की ऐसी आंधी एवं स्थिति न केवल शोचनीय एवम भयावह है अपितु अनेक प्रश्न भी खड़ी करती है। यदि ऐसी गैर बराबरी ही होनी थी तो हमने लोकतंत्र एवं सरकार क्यों चुना ? सरकार मात्र 166 परिवारों के लिए ही चल रही है क्या ? क्या आजादी की जंग इसीलिए लड़ी गई थी कि उंगली पर गिने हुए कुछ पूंजीपति, सामंत बनते नजर आए । ग्रोथ बढ़ाने के संकल्प का परिणाम यदि 142 करोड़ जनसँख्या में से केवल 166 महानुभावों को ही मिलना था तो ऐसे संकल्प का क्या फायदा ? गरीबों और आम जनता के पढ़ाई, दवाई, कमाई के प्रश्न यदि हासिये पर चले जाँय और जनता, सरकारों की कमाईका साधन बन कर रह जाय तो आम इंसान कराह नहीं उठेगा क्या? यही बात ऑक्सफैम की यह रिपोर्ट बताते बताते थक जाती है।

ऑक्सफैम रिपोर्ट बताती है कि एक तरफ आम जनता की नुमाइंदगी करतीं सरकारों ने आम जनता पर करों का बोझ बढ़ाया है तो धनपतियों को अनेक छूट देकर नवाजा भी है । कोरोना आने के पूर्व ही केंद्रीय सरकार ने कॉर्पोरेट टैक्स की दर 30 प्रतिशत से घटा कर 22 प्रतिशत कर दिया था ।नई स्थापित कम्पनियों के लिए यह दर केवल 15 प्रतिशत कर दी गई थी । फलस्वरूप राजस्व में रु.1.8 लाख करोड़ का नुकसान हुआ था। तो प्रश्न तो यह है की इस नुकसान की भरपाई कैसे हो रही है,किसने की? नुकसान की भरपाई करने के लिए गरीब जनता तो थी ही । गरीब जनसँख्या पर जीएसटी लगा कर, बढ़ा कर, विस्तृत करके और साथ ही पेट्रोल और डीजल पर ऊंची कीमत वसूल कर नुकसान की भरपाई की जा रही है । हम-आप आटा, चावल, दाल, दूध, दही, छेना, पनीर, लस्सी, मछली पर जीएसटी नहीं दे रहे हैं क्या ? क्या हम सभी प्रत्यछ और अप्रत्यछ टैक्स की भारी दर नहीं दे और झेल रहे हैं? रिपोर्ट बताती है कि आम जनता, खास जनता (धन कुबेरों) की तुलना में ज्यादा टैक्स देती है। देश की सबसे गरीब 50 प्रतिशत जनसँख्या, सबसे अमीर 10 प्रतिशत आबादी की तुलना में छह गुना ज्यादा अप्रत्यछ कर देती है। इसी तरह भोज्य और गैर भोज्य पदार्थों पर से वसूले जा रहे कर का 64.3 प्रतिशत तो सबसे गरीब 50 प्रतिशत आबादी से ही प्राप्त होता है ।तो पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें बढ़ने और जीएसटी लगने से महंगाई भी तो बढ़नी ही थी। तो जनता की जेब से पैसा निकलता गया है । किन्तु पैसा गया कहाँ ? बढ़ती महंगाई से तो कुबेरपति ही मालदार हुए हैं। तो आम जनता आज दोहरी मार झेल रही है । एक तरफ उनकी नुमाइंदगी करती सरकारों ने करों का बोझ उन पर डाला है तो दूसरी तरफ कुबेरपतिओं ने उन्हें निचोड़ा है । जनता की जेब से पैसा निकालता गया। जेबें खाली होती गईं और खरबपतियों की जेबें भारी होती गईं हैं ।

तो गरीबों पर अप्रत्यछ करों कि वृद्धि की मार गंभीर पड़ी है और कॉर्पोरेट टैक्स में भारी कमी से कंपनी क्षेत्र को विशेष फायदा हुआ है । इससे गैर बराबरी का विकराल रूप तो दिखना ही था। प्रश्न उठता है कि क्या खरबपतियों ने कोई गलत काम किया है? क्या वे देश के नागरिक नहीं हैं? वस्तुतः आय और सम्पत्ति बढ़ाने का अधिकार तो सबको है। उन्होंने बढ़ाया तो गलत क्या किया? जब तक गलत तरीके से कमाई न की जाए वह जायज होती है। तो गैर बराबरी को कौन कम करे? यह काम तो सरकार का है कि आय और सम्पत्ति के वितरण पर ध्यान दे। अरबी घोडा हवा से बात करता ही है यदि लगाम ढीली रहे ।उसी तरह उद्योगपतिओं और व्यापारिओं को बेलगाम छोड़ने पर, पूंजीवाद, सामंतवाद की राह पकड़ लेता है । समाजवाद तो कोसों दूर पीछे छूट ही जाता है । तो इसीलिए यह रिपोर्ट सरकार को सलाह देती दिखती है कि कुबेरपतियों की सम्पति पर सम्पति कर लगाने की आवश्यकता है ।लेकिन क्या होगा इससे? खरबपतियों की सम्पतियों पर एकमुश्त कर लगा कर बहुत बड़ी धनराशि एकत्रित की जा सकती है । दूसरी तरफ, जीएसटी और पेट्रोल पर टैक्स घटा कर आम जनता और अर्थव्यवस्था को भारी राहत दी जा सकती है । रिपोर्ट बताती है विश्व के तीसरे सबसे धनी पूंजीपति अडानी पर एकमुश्त कर से रु. 1.79 लाख करोड़ जुटाया जा सकता है । तो क्या इस धनराशि से अर्थव्यवस्था सुदृढ़ नहीं की जा सकती? क्या अडानी इसका विरोध करेंगे? उनका उत्तर, शायद- हां या शायद नहीं में होगा । किन्तु प्रश्न तो यह है कि सम्पति कर लगाने के पक्ष में क्या सरकार आगे बढ़ेगी, जिससे असमानता घटे और जनता की मुसीबतें कम की जा सकें । वस्तुतः, नव उदारवादी अर्थव्यवस्था के पोषकों को भी समझना होगा कि गैर बराबरी का सबसे बड़ा नुकसान और गुस्सा तो अंततः सरकार पर ही फूटता है ।

**(लेखक डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहे हैं, संपर्क: 9450545510)**

> देश में गरीबों की फौज बढ़ती जा रही है जिनको की जिन्दा रहने के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी मयस्सर नहीं हैं । भूख से संत्रस्त भारतीयों की यह संख्या सन 2018 में 190 मिलियन (19 करोड़) थी जो सन 2022 में बढ़ कर 350 मिलियन (35 करोड़) हो गई ।सन 2022 में 5 वर्ष से छोटे बच्चों में मृत्यु का 65 प्रतिशत कारण भूख और कुपोषण रहा है।देश में 22.89 करोड़ अत्यंत गरीब भी हैं । भारत में अत्यंत गरीबों की यह संख्या विश्व में सर्वाधिक है । तो क्या हम गरीबी के सम्बन्ध में ही विश्व गुरु नहीं बन गए हैं अब? क्या यह सच नहीं की 80 करोड़ गरीब जनसँख्या के दो जून की रोटी अब उस मुफ़्त के अनाज पर निर्भर है जो उसे सरकार कोरोना काल से दे रही है ? क्या वह इसी अनाज पर जिन्दा नहीं है ?

# अरुणाचल जलविद्युत परियोजनाओं पर आशंकित हैं स्थानीय लोग

## सामयिकी



**दिनकर कुमार**

जिस समय जोशी मठ में जमीन खिसकने की घटना ने प्रकृति के साथ कारपोरेट और सरकार के खिलवाड़ को उजागर कर दिया है, उस समय देश के पूर्वोत्तर में भी प्रकृति को नष्ट करने के लिए जो विकास का पाखंड रचा जा रहा है उससे स्थानीय लोग तबाही के खतरे से बुरी तरह आशंकित हो रहे हैं।

अरुणाचल प्रदेश में दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना और प्रस्तावित एटालिन जलविद्युत परियोजना के डाउनस्ट्रीम में रहने वाले स्थानीय समुदायों ने ब्रह्मपुत्र घाटी में दिबांग उप बेसिन के 2016 के एक अध्ययन को लेकर चिंता जताई है, जिसमें कहा गया है कि रिपोर्ट में इन परियोजनाओं के तुरंत नीचे के क्षेत्रों पर प्रभाव के आकलन को छोड़ दिया है।

संचयी प्रभाव और वहन क्षमता अध्ययन, जो जुलाई 2016 में प्रकाशित हुआ था और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा स्वीकार किया गया था, केंद्र को 3,097 मेगावाट एटालिन जलविद्युत परियोजना और क्षेत्र में नियोजित 16 छोटी जलविद्युत परियोजनाओं पर निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन कर रहा है। दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है।

एटालिन परियोजना के निचले हिस्से में रहने वाले समुदायों ने बताया कि अध्ययन ने निचली दिबांग घाटी जिले पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन नहीं किया है। निचली दिबांग घाटी जिले के निवासियों ने 9 दिसंबर को पर्यावरण मंत्रालय की वन सलाहकार समिति को लिखे एक पत्र में कहा कि अध्ययन ने केवल 45 किमी से 490 किमी तक के बहाव पर प्रभाव का आकलन किया।

₹हम आपको अपने जनजातीय भाइयों और बहनों की ओर से लिखते हैं जो प्रस्तावित एटालिन हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (ईएचईपी) से प्रभावित होंगे, विशेष रूप से हमारी आजीविका, सुरक्षा और वन्य जीवन पर प्रभाव जो हम डाउनस्ट्रीम प्रभावित क्षेत्र में संरक्षित करते हैं,₹ पत्र में लिखा गया है।

₹संचयी प्रभाव मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण पहलू संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभाव मूल्यांकन है। दिबांग नदी बेसिन संचयी प्रभाव मूल्यांकन और वहन क्षमता अध्ययन रिपोर्ट असम में गुवाहाटी शहर तक नदी बेसिन में सभी परियोजनाओं का संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभाव मूल्यांकन करने का दावा करती है, लेकिन निचली दिबांग घाटी के भीतर ही डाउनस्ट्रीम प्रभावित क्षेत्रों को पूरी तरह से बाहर कर देती है,₹ पत्र में लिखा गया है।

₹अध्ययन दिबांग नदी बेसिन में सभी परियोजनाओं के संचयी संचालन के कारण 2,880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना (सबसे निचली परियोजना) के डाउनस्ट्रीम रिलीज के कारण प्रवाह सिमुलेशन का मॉडलिंग करता है। हालांकि, मॉडलिंग केवल असम-अरुणाचल सीमा के पास परियोजना के 45 किमी नीचे की ओर शुरू होती है।₹

दिबांग बेसिन में 18 जलविद्युत परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। अधिकांश परियोजनाएं योजना और विकास के विभिन्न चरणों में हैं। अध्ययन में कहा गया है कि इन पनबिजली परियोजनाओं के पीक डिस्चार्ज, जो ब्रह्मपुत्र डिस्चार्ज की तुलना में काफी कम हैं, का शायद ही ब्रह्मपुत्र पर कोई प्रभाव पड़ेगा। ₹इन परियोजनाओं से लीन सीजन पीकिंग के दौरान प्रवाह विनियमन के रूप में कुछ प्रभाव की उम्मीद की जा सकती है।₹

दिबांग-लोहित संगम के ऊपर अरुणाचल प्रदेश-असम सीमा से शुरू होने वाले क्षेत्र के लिए प्रवाह सिमुलेशन भी किया गया था।

अध्ययन में कहा गया है, ₹यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सामान्य तौर पर ब्रह्मपुत्र नदी पर दिबांग बेसिन की जलविद्युत परियोजनाओं के शिखर का प्रभाव बोकाघाट से गुवाहाटी तक जल स्तर में उतार-चढ़ाव के मामले में लगभग शून्य है। यह बहुत व्यापक पहुंच और ब्रह्मपुत्र नदी की बड़ी निर्वहन क्षमता के कारण है। ब्रह्मपुत्र नदी की इस पहुंच में डिस्चार्ज और जल स्तर पैटर्न लगभग प्राकृतिक स्थिति डिस्चार्ज और जल स्तर पैटर्न के करीब होगा।₹

पत्र सेवा उद्योग प्रबंधन, लोअर दिबांग घाटी के अमर मेगा, भानु तातक, समाजशास्त्र के शोधकर्ता और अन्य द्वारा भेजा गया है। पत्र में कहा गया है, ₹यह अविश्वसनीय है कि एफएसी और एमओईएफसीसी ने अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग घाटी जिले के भीतर बिल्कुल संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभाव आकलन की इस स्पष्ट चूक के बावजूद दिबांग नदी बेसिन अध्ययन को स्वीकार कर लिया है। सिर्फ यह स्पष्ट करने के लिए कि दिबांग बेसिन अध्ययन के अनुसार संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभावों को दो श्रेणियों में संबोधित करने की आवश्यकता है: सबसे निचली परियोजना के नीचे संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभाव, साथ ही लगातार दो जलविद्युत परियोजनाओं के बीच संचयी डाउनस्ट्रीम प्रभाव।₹

पर्यावरण मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध 23 अप्रैल, 2020 की एक फैक्टशीट में यह तथ्य है कि वहन क्षमता रिपोर्ट को केंद्र द्वारा अनुमोदित और स्वीकार किया गया था। फैक्टशीट में कहा गया है कि दिबांग नदी बेसिन अध्ययन में 9973 मेगावाट की संचयी स्थापित क्षमता वाले 18 एचईपी पर विचार किया गया है।

इसमें कहा गया है कि दोनों मामलों में अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम परियोजनाओं के साथ पर्याप्त मुक्त प्रवाह नदी खंड बनाए रखा जाएगा और पर्यावरणीय प्रवाह अनुशंसाओं के प्रावधान के साथ निर्जल खंड में कम प्रवाह के प्रभाव को भी कम किया जाएगा। इसलिए, इन दोनों (दिबांग बहुउद्देशीय और एटालिन एचईपी) परियोजनाओं के लिए भी किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

₹यह पूरी घाटी के संचयी प्रभावों के लिए संदर्भ और जनादेश की शर्तें हो सकती हैं। छोटी परियोजना के मामले में तत्काल डाउनस्ट्रीम क्षेत्र के प्रभावों का भी आकलन किया जाता हैह्व अध्ययन करने वाली कंपनी आरएस एनवायरोलिंक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के एक अधिकारी ने कहा है। ₹दिबांग घाटी के मामले में, दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना बहुत बड़ी है जिसका प्रभाव गुवाहाटी तक हो सकता है और इसीलिए असम सीमा पर आकलन शुरू हो सकता है।₹

बांध, नदियों और लोगों पर दक्षिण एशिया नेटवर्क (एसएएनडीआरपी) के समन्वयक, हिमांशु ठक्कर ने कहा कि अध्ययन में बांध और असम सीमा के बीच प्रभावों का आकलन किया जाना चाहिए था। ह्लबांधों का लोगों, जैव विविधता, गाद आदि पर भारी प्रभाव पड़ता है। यह स्पष्ट रूप से एक प्रमुख कमी है। इसके अलावा, दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के प्रभाव का आकलन करना पर्याप्त नहीं है क्योंकि कई अन्य जलविद्युत परियोजनाएं हैं और अध्ययन में संचयी प्रभावों को शामिल किया जाना चाहिए। तत्काल डाउनस्ट्रीम में क्षेत्रों का आकलन करने की आवश्यकता है क्योंकि नदी विसर्प, ढलान में परिवर्तन, बाढ़ के मैदान की स्थिति भी बदलती है जो प्रवाह, जैव विविधता को पूरी तरह से प्रभावित करती है। साथ ही केवल मानसून के लिए ही नहीं, सभी मौसमों के लिए भी आकलन जरूरी है।'


पर्यावरण मंत्रालय ने 20 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर 3097 मेगावाट की एटालिन हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना के लिए स्थानीय समुदायों के प्रतिरोध पर अपना विचार मांगा था, जिसके लिए वन मंजूरी लंबित है। संरक्षणवादी और जनजातीय समूह इस परियोजना के बेहद आलोचक रहे हैं, जिसमें मुख्य रूप से जैव विविधता पर इसके प्रभाव के कारण राज्य की दिबांग घाटी में 1165.66 हेक्टेयर वन भूमि का डायवर्जन शामिल होगा।

21 अप्रैल, 2020 को मंत्रालय की वन सलाहकार समिति (जिसे परियोजना पर हस्ताक्षर करना है) को प्रस्तुत एक तथ्य पत्रक के अनुसार इस परियोजना में घने उपोष्णकटिबंधीय, सदाबहार, चौड़ी पत्ती वाले और उपोष्णकटिबंधीय वर्षा वन में 2.8 लाख से अधिक पेड़ों की कटाई शामिल होगी।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

> "यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सामान्य तौर पर ब्रह्मपुत्र नदी पर दिबांग बेसिन की जलविद्युत परियोजनाओं के शिखर का प्रभाव बोकाघाट से गुवाहाटी तक जल स्तर में उतार-चढ़ाव के मामले में लगभग शून्य है। यह बहुत व्यापक पहुंच और ब्रह्मपुत्र नदी की बड़ी निर्वहन क्षमता के कारण है। ब्रह्मपुत्र नदी की इस पहुंच में डिस्चार्ज और जल स्तर पैटर्न लगभग प्राकृतिक स्थिति डिस्चार्ज और जल स्तर पैटर्न के करीब होगा।"

## व्यंग्य



# लोकतंत्र से टपकता हुआ लोक!

**अरविंद तिवारी**

हमारे देश में लोकतंत्र है।(यदि नहीं है तो संविधान के अनुसार होना चाहिए।)यह सामान्य ज्ञान हमें एक नेताजी ने दिया था।पहले इस लोकतंत्र शब्द को गौर से देखें।यह दो शब्दों से मिलकर बना है,लोक और तंत्र।यह जो लोक है,साहित्य का हिस्सा रहा है।यह संवेदना से भरपूर है।सियासत इस लोक में से वह हिस्सा निकालकर तंत्र में जोड़ लेती है,जिसमें संवेदना नहीं है!संवेदना भले ही साहित्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण चीज हो,सियासत के किसी काम की नहीं।पर लोक से इसका अलगाव कतई आसान नहीं है,रेत में सोने के कण खोजने जैसा है!₹तंत्र₹ पूरी तरह वैज्ञानिक नियमों से चलता है।

बहरहाल जब तब( या जब भी कोई अवसरवादी नेता बताए) ₹लोकतंत्र₹ खतरे में पड़ जाता है।जब कहीं चुनाव आता है तो सबसे पहले लोकतंत्र को खतरा पैदा हो जाता है।इसी खतरे के बरक्स नेता दल बदलते हैं।इससे बड़ा और कोई तार्किक कारण,दल बदल का हो भी नहीं सकता।लोकतंत्र में लोकगीतों का भी महत्व है।ये लोकगीत नेताजी को चुनाव जिता देते हैं।हर चुनावी सभा में गाए जाते हैं।वाद्य वही,ढोलक और हारमोनियम भी वही।लोक में₹अपनी भाषा₹का महत्व किसी से छिपा नहीं है।जाहिर है मतदाता भी इस महत्व को जानता है।नेताजी के जीतते ही लोकतंत्र से खतरा टल जाता है।यहां लोकतंत्र के लोक से फिर लोकगीत निकलता है,जो लोकतंत्र को पांच साल तक और ज़िंदा रहने की मोहलत देता है!

तंत्र मजबूत हो, इसके लिए खूब पैसा चाहिए।लोक कमजोर हो तो चलेगा .....लंबे अरसे से चल ही रहा है!तंत्र कमजोर नहीं होना चाहिए।वह मजबूत होगा तो चुनाव मजबूत होगा।चुनाव मजबूत होगा तो विजय मिलेगी।तंत्र में ईमानदारी के लिए जगह बहुत कम होती है।सियासी दलों में शामिल कुछ गुंडे,तंत्र को कुछ और कद्दावर बनाते हैं।थोड़ा हो हल्ला जरूर होता है।साहित्य वाले जरूर कुछ और ज्यादा मुफलिस हो जाते हैं।चुनाव आयोग एक दो नोटिस और भेज देता है।

दबंग नेता की एक जेब में ₹लोक₹ पड़ा है तो दूसरी जेब में तमंचा!कुछ लोग इस तमंचे को तंत्र बताने लगते हैं।जेब में पड़ा हुआ लोक,दूसरी जेब में पड़े तंत्र,उर्फ. तमंचे को देखकर रोता है।हस्बेमामूल ₹लोक₹ हल्का है,जबकि ₹तंत्र₹ उर्फ.तमंचा बहुत भारी है।आश्चर्य यह कि लोक वाली जेब फट जाती है और लोक टपक जाता है।लोक का टपकना दरअसल आम आदमी का टपकना होता है!तथाकथित तंत्र उर्फ तमंचे वाली जेब कभी नहीं फटती,जबकि तमंचा बहुत भारी माना जाता है।मलमल के कुर्ते की जेब में भी तमंचा सही सलामत हमारे लोकतंत्र का यही कमाल है।यह हमारे देश के लोकतंत्र की बहुत बड़ी विशेषता है।


लोकतंत्र का जो तंत्र है,वह हमेशा सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट की मान्यता में विश्वास रखता है।पैसे के महत्व को चुनाव टिकट न पहचाने,यह हो नहीं सकता।सियासत में लोक के लिए आंसू बहाने वाले नेता को अंत में खुद, अपने लिए रोना पड़ता है।वह लोकतंत्र से लोक के टपकने का चश्मदीद होता है। टी .वी. पर लाइव क्रिकेट की तरह, लाइव रोता है!उसकी पार्टी हंसती है।चक्कर यह है कि हंसने वाले सिर्फ उसी की पार्टी के नहीं थे,दूसरी पार्टियां भी स्माइली फेंक रही थीं।पब्लिक भी इस लाफ्टर शो का पूरा आनंद ले रही थी।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं- <raisubhash953@gmail.com>

# पंचायत में चली गोली एक मृत, दो घायल


ग्रामीण से घटना की जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक


अपने अधिनस्तों को निर्देश देते पुलिस अधीक्षक

**आजमगढ़।** मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के दक्षिण का पूरा में आवास आवंटन में लाभार्थियों के चयन को लेकर पंचायत बुलायी गयी है जिसमें प्रधान व पूर्व प्रधान के साथ उनके समर्थक भी शामिल थे। पंचायत में सूची को लेकर विवाद हो गया और वर्तमान प्रधान शिवशंकर सिंह की तरफ से फायरिंग की गयी जिसमें एक की मौत हो गयी तथा दो गम्भीर रुप से घायल हो गयी। जिले के मेंहनाजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दक्षिणपुरा में आवास आवंटन की बैठक बुलाई गयी थी। आवास आवंटन को लेकर चल रही इस बैठक में पूर्व प्रधान शिवशंकर सिंह उर्फ भूरे सिंह और भीम सिंह जो कि वर्तमान प्रधान के प्रतिनिधि हैं के बीच बैठक चल रही थी। इसी बैठक में दोनों पक्षों के बीच हाथा-पाई होने लगी। देखते ही देखते यह विवाद बढ़ गया और शिवशंकर सिंह उर्फ भूरे सिंह की तरफ से लाइसेंसी हथियारों फायरिंग होने लगी। फायरिंग होने से पंचायत में अफरा तफरी मच गयी। लोग इधर उधर भागने लगे। इस फायरिंग में दीपक सिंह उर्फ भीम सिंह (33) मुन्ना सिंह (37) और हिमांशु सिंह उर्फ बिट्ठू (27) सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल हिमांशु सिंह को इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान हिमांशु सिंह की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस पहुच गयी। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अनुराग आर्य भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस अधीक्षक ने घटना के सम्बंध में स्थानीय लोगों से वार्ता की तथा घटना के खुलासे के लिए निर्देश दिये।

### घटना के खुलासे के लिए चार टीमें गठित-एसपी

आजमगढ़। मेंहनाजपुर थाना क्षेत्र में घटी इस घटना की जानकारी मिलते ही जिले के एसपी अनुराग आर्य और सीओ लालगंज मनोज रघुवंशी के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि आवास आवंटन को लेकर यह विवाद हुआ और शिवशंकर सिंह उर्फ भूरे सिंह की तरफ से फायरिंग की गई। इस फायरिंग में एक व्यक्ति हिमांशु सिंह की मौत हो गई है जबकि मुन्ना सिंह और भीम सिंह के पैर में गोली लगी है जो खतरे से बाहर है। दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। एसपी का कहना है कि इस मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसके साथ ही मुख्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गई है जो दबिश दे रही है। पीड़ितों से इस मामले में तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है और फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और जो भी लोग इसमें शामिल होंगे उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### आवास आवंटन में लाभार्थियों के चयन को लेकर हुआ विवाद

आजमगढ़। जिले के मेंहनाजपुर थाना क्षेत्र के पास ग्राम पंचायत दक्षिण का पूरा में आवास आवांटन को लेकर पंचायत हो रही थी। इस बैठक के दौरान आवास आवंटन की जो सूची गई थी उसको बनाने को लेकर विवाद हो गया। पूर्व प्रधान का कहना था कि जो सूची पहले गई है उसके आधार पर पात्रों का चयन किया जाय जबकि वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि नई सूची के अनुसार लाभार्थियों का चयन करना चाहते थे। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों के बीच विवाद हो गया और यह घटना घट गई।

# पुलिस ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** थाना प्रभारी फूलपुर ने नगर के मुख्य चैक नागाबाबा सरोवर पार्क में क्षेत्र वासियो वाहन चालकों टेम्पो चालको की उपस्थित में यातायात नियमो के प्रति जागरुक किया। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर जिले भर में पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान जारी है इसी क्रम में सोमवार की शाम पुलिस ने बस स्टॉप पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह आटो चालको नगर वासियो के बीच जागरूकता अभियान चलाकर उन्हे जागरूक किया और उन्हे नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस द्वारा नागा बाबा सरोवर पार्क के पास आटो चालको को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। उन्होने मोटर वाहन अधिनियम में संशोधित धाराओं, ई-चालान के विषय में जानकारी दी। कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए चालको की भूमिका महत्वपूर्ण है। वे लोगों को जागरूक करेंगे तो लोगों में इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। थाना प्रभारी ने लोगों को समझाते हुए बताया कि मुड़ते समय इंडीकेटर का प्रयोग करें। सड़क पर वाहन न खड़ी करे, शराब का सेवन कर वाहन न चलाए, यात्रियों से अभद्र व्यवहार न करें। यात्रा के दौरान कहि किसी प्रकार की दुर्घटना होती देखे तो घायलों का सहयोग करें। मानव जीवन मानवता का परिचय दे। वाहन बुकिंग के दौरान बुकिंग करने वाले का माबाईल नम्बर पता नाम नोट कर अपने नजदीकी को अवश्य अवगत करा कर बुकिंग स्थान के लिए प्रस्थान करें।


वाहन चालकों व स्थानीय लोगों को जागरुक करती पुलिस

# अनियंत्रित ट्रक ट्रेलर से टकराकर हुआ क्षतिग्रस्त



**लालगंज (आजमगढ़)।** गम्भीरपुर थाना क्षेत्र के बघरवां उर्फ मोलानापुर ओवर ब्रिज के निकट अनियंत्रित ट्रक टेलर से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गयी। इस दुर्घटना में चालक व परिचाल बाल बाल बच गये।गम्भीरपुर थाना क्षेत्र के बघरवां ओवर ब्रिज के निकट सोमवार की रात डाला से देवरिया जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रेलर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें चालक राकेश कुमार निवासी लोहरा फद्दूपुर सोनभद्र तथा खलासी बाल बाल बच गये। चालक राकेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना के समय ट्रक को खलासी चला रहा था वह उस समय सो रहा था। चालक ने बताया कि ट्रक डाला के एक मालिक का है जिन्हें दुर्घटना की सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना के बाद तेज आवाज होने पर जब वह लोग वहां पहुंचे तो चालक और खलासी ट्रक में ही फंसे हुए थे जिन्हें बाहर निकाला गया लेकिन दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# प्रबंधक को जान से मारने की धमकी

**सुरक्षा की मांग**

**मामला पहुंचा कप्तान दरबार, तीन साल बीतने के बाद भी अभी नहीं उतरा प्रधानी विरोध का खुमार**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** प्रधानी चुनाव में हुए विरोध का खुमार तीन साल बाद भी अभी नहीं उतरा। ऐसा ही एक मामला उस समय सामने आया जब रामपुर निवासी बंशबहादुर सिंह मंगलवार को कप्तान दरबार पहुंच कर न्याय की गुहार लगाते हुए सुरक्षा की मांग कर दी। उक्त मामले की यदि बात करें तो पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र में रामपुर निवासी बंशबहादुर सिंह ने अवगत कराया कि गांव के ही दबंग द्वारा प्रधानी चुनावी रंजिश को लेकर आयेदिन जान से मारने की धमकियां देता रहता है। कभी जरिए मोबाइल तो कभी रास्ते में। हद तो तब हो गयी जब एक दिन गांव का ही दबंग भरत सिंह निवासी किशुनपुर अपने आधा दर्जन समर्थकों के साथ मेरे विद्यालय भगवान आदर्श पीजी कालेज चक्रपाणिपुर कनैला पहुंचा और मेरे प्राइवेट सुरक्षा कर्मियों से उलझते हुए मेरे आवास की तरफ बढ़ने लगा। वह तो संयोग ही अच्छा रहा कि लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया। मामला प्रधानी चुनाव से लेकर अब तक चला आ रहा है। आवेदक की पत्नी इंदिरा सिंह प्रधान पद की चुनाव जीती थी। चुनाव हारने के बाद से ही उक्त व्यक्ति द्वारा लगातार धमकियां मिल रही हैं जो काफी मनबढ़ और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। 21 जनवरी को महाविद्यालय कैंपस में आधा दर्जन लोगों के साथ आकर मेरे निजी आवास की तरफ आने लगे। सुरक्षा कर्मी द्वारा रोका गया तो गाली गलौज करते हुए प्रबंधक व उसके लड़के को जान से मारने की धमकी देते हुए कैंपस से भाग गये जबकि एक व्यक्ति को सुरक्षा कर्मी ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित प्रबंधक ने एसपी से उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुए सुरक्षा प्रदान करते हुए अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

### चुनावी रंजिश को लेकर हो चुकी है एक हत्या

आजमगढ़। चुनावी रंजिश को लेकर उपजे विवाद में उक्त गांव के ही अजीत सिंह पुत्र स्व.रामचेत सिंह की चाकुओं से गोदकर उस समय हत्या कर दी गयी जब पोखरी खोदाई के समय कहासुनीहो गयी थी। जबकि मृतक मेरा समर्थक था। अजीत की हत्या के पश्चात दबंग और आपराधिक किस्म के व्यक्ति के द्वारा मुझे निशाना बनाया जा रहा है। यदि उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। चुनावी रंजिश को लेकर एक माह पूर्व भरत सिंह पुत्र स्व.तेजबहादुर सिंह किशुनपुर द्वारा मेरे कालेज के प्राचार्य के मोबाइल पर उन्हें व मुझे भद्दी-भद्दी गालियां एवं जान से मारने की धमकी दी थी जिसकी वाइस रिकार्डिंग मेरे पास सुरक्षित है। इनके द्वारा कई बार धमकी दी जा चुकी है। भरत सिंह किशुनपुर गांव का एक आपराधिक व्यक्ति है।

## मार्ग दुर्घटना में स्वास्थ्यकर्मी घायल

**रानी की सराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बाढ़ू चैक के पास दो बाइकों की भिडंत में एक बाइक सवार स्वास्थ्य कर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायलावस्था में उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। रानी की सराय थाना क्षेत्र के रुदरी निवासी संतोष सिंह जो स्वास्थ्य विभाग में तैनात है। रानी की सराय बाजार से अपने घर रुदरी जा रहा था कि क्षेत्र के बाढ़ू चैक के पास सामने से आ रहे बाइक से टक्कर हो गयी। घटना में दोनो बाइक सवार गिर गये। दूसरा बाइक सवार जख्मी हालत में ही बाइक लेकर चलता बना जबकि संतोष को गंभीर चोटे आई। नागरिकों ने उसे घायलावस्था में जिला मुख्यालय निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

## संक्षेप

### तमंचा, कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

मुबारकपुर (आजमगढ़)। स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। मुबारकपुर पुलिस अपराधियों की तलाश में रोडवेज चैराहे के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति जो संदिग्ध प्रतीत हो रहा है मोहल्ला पुरारानी स्पोर्टिंग ग्राउण्ड की तरफ से मेन रोड समौधी की तरफ आ रहा है। अगर जल्दी किया जाय तो पकड़ जा सकता है। मुखबिर की बात पर विश्वास कर पुलिस उक्त स्थान पर पहुंच गयी। जहां से एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आजम पुत्र शाह आलम निवासी इस्लामपुरा थाना मुबारकपुर बताया। उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 0.315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

### पुलिस के जवानो ने किया परेड का पूर्वाभ्यास

आजमगढ़। पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में 74वें गणतंत्र दिवस परेड का पुलिस के जवानों ने पूर्वाभ्यास किया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के नेतृत्व में पुलिस लाईन्स परिसर में 74वें गणतंत्र दिवस का पूर्वाभ्यास किया गया। परेड में कुल 8 टोलियां शामिल हुयी। प्रथम परेड कमाण्डर शक्ति मोहन अवस्थी (स.पु.अ.), द्वितीय परेड कमाण्डर गौरव शर्मा क्षेत्राधिकारी नगर, तृतीय परेड कमाण्डर एसआईएपी विजय कुमार सिंह रहे। इन टोलियों में पुरुष कांस्टेबल, नागरिक पुलिस, सीईआर, एईआर, महिला पीएसी, होमगार्डस, सीटीएस के कर्मियों ने प्रतिभाग किया। पुलिस विभाग के अन्य दस्ता जैसे मोटर साईकिल स्क्वायड, वायरलेस, फिल्ड यूनिट, डाग स्क्वायड, डायल 112 मोटर साइकिल, डायल 112 इनोवा, डायल 112 बोलेरो, इगल मोबाइल मोटर साइकलि एन्टी रोमियो, सर्विलांस, क्यूआरटी दस्ता, स्वाट टीम (वज्र), कैम्मो फ्लाइज वाहन (आधुनिक दस्ता) फायर सर्विस सहित अन्य दस्ता द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्र की भूमि पर कब्जा का आरोप

रानी की सराय (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोठिया गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र के बाहरी हिस्से की सुरक्षित भूमि पर दीवार खड़ी कर कब्जा किये जाने से ग्रामीणों में रोष है। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है ।कोठिया गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र बना हुआ है। परती इस भूमि पर बगल का हिस्सा खाली पड़ी हुई है। इसी भूमि पर गांव के ही व्यक्ति द्वारा कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने रोकने का भी प्रयास किया। ग्राम प्रधान बिरजू ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

### यूपी दिवस पर कान्हा गौशाला की हुई सफाई

बिलरियागंज (आजमगढ़)। स्थानीय नगर पालिका परिषद में मंगलवार को यूपी दिवस पर नगर पालिका परिषद में स्थित कान्हा गौशाला की विशेष सफाई कराई गयी। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को बुलाकर उनसे संवाद एवं सम्मान किया गया। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम न्यायिक सगड़ी प्रेमचंद मौर्य, नायब तहसीलदार रामजीत यादव, लिपिक मु. रफी उल्लाह आजमी, चेयरमैन वीरेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा, अजीत कुमार, जय प्रकाश सोनकर सोनू, अजय रावत आदि उपस्थित रहे।

### यूबीआई द्वारा विभिन्न ऋण योजनाओं की दी गयी जानकारी

**आजमगढ़।** मंगलवार को बसही अकबालपुर पंचायत सचिवालय सभागार में यूबीआई देवगांव शाखा की ओर से विभिन्न प्रकार की बैंक द्वारा संचालित स्कीम को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक सत्यम श्रीवास्तव ने विभिन्न प्रकार के लोन जैसे सुकन्या बचत स्कीम, गोल्ड लोन और यूनियन मुस्कान योजना आदि के संबंध में उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि 1 दिन से 18 वर्ष के बच्चों के खाते खोलने पर बैंक बीमा सुविधा भी प्रदान करता है तथा योजना में शामिल होने पर बच्चों को 2 लाख का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इसी प्रकार उन्होंने बच्चियों के लिए सुकन्या बचत स्कीम तथा गोल्ड लोन आदि के संबंध में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मोहम्मद सालेह उर्फ सालेहीन, बैंक मित्र रामचंद्र यादव, जफरूल इस्लाम, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनील कुमार, पंचम, संतोष, प्रेमा, मेवालाल, उदयी, सूबेदार, चंद्रकला, बेचू राम, अशोक आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में उपमहाप्रबंधक राकेश मेश्राम के द्वारा दस किसानो को गोल्ड लोन, कार लोन, बाइक व केसीसी लोन का स्वीकृत पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप महाप्रबंधक राकेश मेश्राम ने कहा कि मैं अकेला नहीं हमारे जैसे कई लोग भारत के हर कोने कोने में जाकर किसानो से जानकारी ले रहे है। जिससे किसानो के दो गुना आय मे आ रही समस्याओ को सुधारा जा सके। ऐसे कार्यक्रमो के माध्यम से बैक अपनी बातो को किसानो तक पहुंचाए व किसानो की जरूरतो को समझे। वही क्षेत्र प्रमुख बी बी सिंह ने किसानो को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानो आय कैसे दो गुना हो बैक के अधिकारी अब चलकर किसानो के घर तक जा रहे है। किसानो के हिसाब से हमे सुधार करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर यूनियन बैक प्रबंधक लालगंज प्रशान्त कुमार त्रिपाठी, फील्ड आफिसर प्रदीप कुमार, किसान आनन्द सिंह टुनटुन, मनोज सिंह, प्रदीप सिंह प्रधान सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

# पुलिस ने खाली कराया छात्रावास

**न्यायालय का आदेश**

**शहर के मातबरगंज मोहल्ले में वर्षों से संचालित हो रहा था दलित छात्रावास**


छात्रावास के सामने भारी फोर्स छात्र व स्थानीय लोग

**आजमगढ़।** शहर के मातबरगंज मोहल्ले में लालडिग्गी मार्ग पर समाज कल्याण विभाग द्वारा कई दशकों से संचालित किया जा रहा राजकीय अंबेडकर छात्रावास को न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को पुलिस बल की भारी मौजूदगी में खाली करा दिया गया। इस दौरान छात्रावास में रहने वाले छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया लेकिन पुलिस व पीएसी के जवानों की मुस्तैदी के कारण मामला दब गया।

जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा पिछले कई सालों से मातबरगंज में किराए के मकान में दलित वर्ग के छात्रों के लिए राजकीय अंबेडकर छात्रावास का संचालन किया जा रहा था। कालांतर में समाज कल्याण विभाग द्वारा नगर के नरौली पुल के समीप पुरुष छात्रावास तथा पुराने जेल के सामने दलित महिला छात्रावास का भवन तैयार कर उसमें बच्चों को शिफ्ट कर दिया गया लेकिन मातबरगंज में स्थित छात्रावास को खाली नहीं कराया जा सका। इसके बाद मकान मालिक ने अपना मकान खाली करने के लिए समाज कल्याण विभाग से पत्राचार किया लेकिन बात नहीं बनी। मजबूर होकर मकान मालिक ने न्यायालय की शरण ली। बताते हैं कि न्यायालय में हुई सुनवाई के बाद वर्ष 1998 में अदालत ने मकान मालिक के पक्ष में फैसला सुनाया कारण कि समाज कल्याण विभाग ने इस मामले में अपने हाथ खड़े करते हुए पल्ला झाड़ लिया था। इसके बाद तो लगभग ढाई दशक तक इस कच्चे मकान में छात्रावास का संचालन किया जा रहा था। वर्ष 2023 में न्यायालय मकान मालिक पक्ष मकान खाली कराने के लिए एक बार फिर न्यायालय में गुहार लगाई। अदालत ने इस मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस बल की मौजूदगी में छात्रावास खाली कराने का आदेश दिया। जिसके अनुपालन में मंगलवार को शहर कोतवाली के साथ ही अन्य थानों की पुलिस तथा एक कंपनी पीएसी के जवानों की मौजूदगी में दलित छात्रावास को खाली कराया गया। इस दौरान छात्रावास में रहने वाले छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया लेकिन पुलिस की भारी मौजूदगी से उनकी हिम्मत जवाब दे गई और दोपहर तक छात्रावास को खाली करा दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर तमाशबीनों की भीड़ जमा थी।

# विद्यालयों के कायाकल्प में प्रधान दें बेहतर योगदान: संतोष यादव

**कार्यक्रम**

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानों को किया गया सम्मानित**

जनसंदेश न्यूज


कोयलसा ब्लॉक सभागार में सम्मानित ग्राम प्रधान

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** विकास खंड कोयलसा के सभागार में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिक विद्यालयों की कायाकल्प होनी है और कुछ विद्यालयों की तो कायाकल्प हो चुकी है। श्री यादव ने सभी ग्राम प्रधानों से की कि वह विद्यालय की कायाकल्प में अपना बेहतर योगदान दें। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प किया जाए जिसमें ग्राम प्रधान की महत्वपूर्ण भूमिका है। बिना ग्राम प्रधान के विद्यालय का कायाकल्प नहीं किया जा सकता है। अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह ने कहा कि कायाकल्प के माध्यम से ही विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के अंदर उत्साह पैदा होगा। वह भी कान्वेंट की तर्ज पर ही अपने भविष्य को संवारने का काम करेंगे। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित भी किया गया जिसमें भैरोपुर के ग्राम प्रधान हरी लाल प्रजापति, अतरैठ के प्रधान प्रदीप सोनी, देऊरपुर सराय के ग्राम प्रधान जंग बहादुर सिंह, कबीरुद्दीनपुर के प्रधान सुरजीत, मोलना पट्टी के ग्राम प्रधान कवलधारी यादव व प्रधान संघ अध्यक्ष अमरनाथ सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रमोद यादव उर्फ मुन्ना, हौसला प्रसाद, प्रदीप, सूर्यकेश, विजय दत्त पांडे, हरिलाल प्रजापति, एडीओ पंचायत अमरजीत सिंह, हरकेश परमार, अभिनव सिंह, विजय प्रताप यादव आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर लगायी गयी प्रदर्शनी

**आयोजन**

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित**

जनसंदेश न्यूज


प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश दिवस पर कलेक्ट्रेट बेसमेन्ट में सूचना विभाग, पर्यटन विभाग, महिला कल्याण विभाग, आईसीडीएस, उद्योग विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, डाक विभाग, समाज कल्याण, खादी ग्रामोद्योग विभाग, उद्यान विभाग, श्रम विभाग, एनआरएलएम द्वारा लगायी गयी। प्रदर्शनी का जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। अधिकारी द्वय ने प्रत्येक स्टाल का अवलोकन किया। साथ ही सूचना एवं पर्यटन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं धार्मिक स्थलों के सम्बन्ध में लगायी गयी स्टैण्डी का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट बेसमेन्ट में विभिन्न विभागों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी लगायी गयी है। उन्होंने आम जनता से प्रदर्शनी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होने बताया कि आज शासन द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, धान, गेहूँ क्रय, छात्रवृत्ति, पेंशन योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में धनराशि प्रेषित की जा रही है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक तभी पहुंच सकता है, जब सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला ने उत्तर प्रदेश दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नेहरू हाल के सभागार में विभिन्न विभागों के लाभार्थियों एवं अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र, साड़ी, लैपटॉप, प्रशंसा पत्र दिया गया। इसी के साथ ही विभिन्न विभागों में अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### राम प्रताप सिंह अध्यक्ष निर्वाचित

**आजमगढ़।** ट्यूबवेल टेक्निकल इम्प्लाईज एसोसिएशन सिंचाई विभाग का द्विवार्षिक चुनाव सोमवार को सर्फुद्दीनपुर स्थित नलकूप कालोनी प्रांगण में संघ के मंडल सचिव अजय कुमार राय की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने अनुशासित एवं संवैधानिक रूप से चुनाव सम्पन्न कराते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर राम प्रताप सिंह, सचिव पद पर सुरेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष पद पर शैलेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर अविनाश श्रीवास्तव व सम्प्रेक्षक पद पर अमित कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया है। इस अवसर पर राजेश यादव, विपिन, मनोज तिवारी, हरेराम, महेंद्र दूबे, कन्हैया सिंह, अजय सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, मिथिलेश, सुबाषचंद्र, कैलाश राम आदि उपस्थित रहे। संचालन मनोज कुमार त्रिपाठी ने किया।

# राजधानी तक पहुंची बनवासियों की आवाज

**निरीक्षण**

**सीमांकन के लिए पहुंचे आलाधिकारी**

**सीमांकन से संतुष्ट नहीं दिखे बनवासी समाज के लोग**

जनसंदेश न्यूज


भूमि का सीमांकन कराते अधिकारी

**फूलपुर (आजमगढ़)।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक बनवासियों की शिकायत पहुंचते ही स्थानीय तहसील के आला अधिकारी हरकत में आ गये और भूमि के सीमांकन को विवादित स्थल पर पहुंच गये।

स्थानीय तहसील क्षेत्र के सुदनीपुर चकनुरी में गाटा सख्या 315 रकबा 2018 हेक्टयर नवीन परती के खाते में सरकारी अभिलेख में अंकित है। पूर्व में इस भूमि का हिस्सा नैयर आलम पुत्र खालिक सहित पांच भाईयो के नाम पौधरोपण के लिए आवंटन हुआ था। वर्ष 2003 में इन सगे भाइयों का आवंटन निरस्त हो कर ग्राम सभा सुदनीपुर निवासी बनवासी मुसहर जाति के नौ व्यक्तियों को पौधरोपण के लिए आवंटन किया गया था जिसके बिरोध में नैयर आलम पुत्र खालिक आदि ने हाईकोर्ट में दावा कर स्थगन आदेश करा दिया। इधर 1018 में बनवासियो का आवंटन भी निरस्त कर दिया गया। उसी भूमि के बगल में मस्जिद का निर्माण नैयर आदि द्वारा कराया जा रहा था जिसे बनवासियो ने अपनी आवंटित भूमि का हिस्सा मानकर शिकायत की। स्थानीय प्रशासन तहसीलदार लेखपाल राजस्व निरीक्षक मौके पर पहुंचकर मस्जिद का निर्माण सही स्थल पर बताया जिस पर बनवासी सन्तुष्ट नहीं हुए और आन लाइन शिकायत मुख्यमंत्री हेल्प लाइन पर कर दिया। बनवासियों का मामला देख सरकार ने संज्ञान में लिया और स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया। निर्देश प्राप्त होते ही एसडीएम फूलपुर नरेन्द्र कुमार गंगवार के साथ लेखपालो की टीम व क्षेत्राधिकारी अनिल वर्मा कोतवाल अनिल सिंह भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मस्जिद निर्माणकर्ता से अनुमति पत्र की मांग की। न होने पर मस्जिद निर्माण कार्य रुकवा दिया। बनवासी सरन ने कहा कि एक तो बिना सूचना के हमारा आवंटन निरस्त कर दिया गया दूसरे मनमाने रूप से सीमांकन किया जा रहा है। जो सड़क नक्शे में अंकित नहीं सड़क मानकर भूमि का सीमांकन किया जा रहा है। सरहद से सीमांकन नहीं किया गया न ही 315 गाटा संख्या का सीमांकन ही किया गया। मात्र मस्जिद निर्माण कर्ता की भूमि का सीमाकंन किया गया जिससे हम सन्तुष्ट नहीं हैं। वही ने बताया कि मस्जिद का निर्माण रुकवा दिया गया है और सीमांकन कराया गया। निर्माणकर्ता निर्माण अपनी भूमि में कर रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ



मंच पर मौजूद विधायकगण, एमएलसी, आयुक्त, डीएम



सीडीओ व प्रधान को सम्मानित करते अतिथि

**मीरजापुर।** यूपी स्थापना दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ सिटी क्लब में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायकगण, विधान परिषद सदस्य, कमिश्नर, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से किया।

डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि आज समाज सेवा, खेलकूद, आपदा और जन सेवा में अनुकरणीय योगदान

**कार्यक्रम**

**जिले की प्रतिभाओं को मिला सम्मान**

के लिए लोगों को सम्मानित किया गया। लोग उत्तर प्रदेश के विकास में अपनी रचनात्मक कार्य से लोगों की प्रेरणा बने इसी लक्ष्य के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। यूपी स्थापना दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ सिटी क्लब में किया गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में आज पहले दिन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से लोगों को आकर्षित करने वाले प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मड़िहान रमा शंकर सिंह पटेल, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू, कमिश्नर डा. मुथू कुमार स्वामी, डीएम दिव्या मित्तल, एडीएम शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वी एस सहित जिले के तमाम अधिकारी और समाज के लोग उपस्थित रहे। डीएम ने कहा कि जिले के प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया है। जिससे कि एक अच्छे समाज के पुनर्निर्माण में अपना सहयोग दें। कहा कि घर पर ही रह कर अपनी प्रतिभा से योगदान दे। जिससे हमारा उत्तर प्रदेश अच्छे पायदान पर पहुंच कर देश में अग्रणी रहे।

# गिट्टी तोड़ने में शामिल आरोपी टीम देखकर हुए फरार



पकड़ा गया ट्रैक्टर

**हलिया।** हलिया वनसेंचुरी क्षेत्र के कुशियरा बीट संख्या दो के भुअरी वनक्षेत्र में जोड़ी गई पत्थर की चहारदीवारी के पत्थरों को निकालकर गिट्टी तुड़वाने व ढुलाई करने में शामिल आरोपी कमलेश गोंड वनविभाग की घेराबंदी देखकर वन सेंचुरी क्षेत्र में ट्रैक्टर छोड़कर मौके से भागने में कामयाब हो गया।

सोमवार की रात जांच अधिकारी डिप्टी रेंजर त्रिभुवन प्रसाद सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि गिट्टी तुड़वाने में शामिल एक आरोपी कमलेश गोंड निवासी बेलाही बगदरा मध्य प्रदेश की तरफ ट्रैक्टर लेकर भागने की फिराक में है। डिप्टी रेंजर त्रिभुवन प्रसाद सिंह के नेतृत्व में वनकर्मी आरोपित को पकड़ने के लिए बगदरा जाने वाले रास्ते पर वाच टावर के पास वनसेंचुरी क्षेत्र में नाकेबंदी की गई लेकिन वनविभाग की टीम को देखकर चालक कमलेश गोंड ट्रैक्टर को वनसेंचुरी क्षेत्र में छोड़कर भाग निकला। वनविभाग की टीम ने आरोपी की तलाश की लेकिन आरोपी कमलेश गोंड भागने में कामयाब रहा। क्षेत्रीय वन अधिकारी राम नारायण ने बताया कि आरोपी ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में कामयाब रहा। ट्रैक्टर को रेंज कार्यालय में खड़ा करवाकर सीज की कार्रवाई की गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## संक्षेप

### 120 शीशी नशीली सीरप के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हलिया।** ड्रमंडगंज पुलिस ने मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 120 शीशी नशीली सिरफ के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल, उपनिरीक्षक उदय नारायण सिंह, हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार प्रजापति कांस्टेबल श्रीनिवास यादव ड्रमंडगंज बाजार में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि चेकिंग के दौरान मीरजापुर से हनुमना की तरफ जा रहे वाहन को रोककर चेकिंग करने लगे तो वाहन के पिछले हिस्से के केबिन में सीट के पीछे एक बैग में चार पैकेटों में अनरेक्स नशीली सिरफ 120 शीशी बरामद किया। नशीली सिरफ ले जा रहे आरोपी भगवती बसोर निवासी भवरहा थाना हनुमना जिला रीवा मध्य प्रदेश को औषधि निरीक्षक की मौजूदगी में बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया इस संबंध में थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने बताया कि संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान ड्रमंडगंज बाजार से एक वाहन से 120 शीशी नशीली सिरफ के साथ आरोपी भगवती बसोर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से नशीली सिरफ रखने व ले जाने के संबंध में अधिकार पत्र मांगा गया। जिसे वह नही दिखा सका। आरोपित के विरुद्ध 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।


### दहेज हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना को.कटरा, मीरजापुर पर रविवार को वादी भुवाल शर्मा निवासी बिरोही थाना विन्ध्याचल मीरजापुर द्वारा नामजद के विरूद्ध बावत की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जान से मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना को.कटरा पर धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/ 4 डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। मंगलवार को उ.नि. विनय राय व उ.नि. सूबेरदार यादव मय टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0कटरा क्षेत्र से नामजद आरोपी वंशी शर्मा पुत्र मोहनलाल, घनश्याम पुत्र मोहनलाल व शीला शर्मा पत्नी घनश्याम निवासीगण ककरहवा नई बस्ती थाना को.कटरा मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।























































# सड़क निर्माण कम्पनी की लापरवाही से युवक की मौत

**घटना**

### पूर्व में भी हो चुकी है कई बड़ी दुर्घटना, लोगों ने की ब्रिज के साइड में जाली लगवाने की मांग



**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बढ़ौली चौराहे पर फ्लाईओवर से युवक के गिरने से हड़कंप मच गया। लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक उसकी जान जा चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। मिली जानकारी के मुताबिक वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर बढ़ौली चौक के ऊपर से एक युवक के अचानक नीचे गिरने से उसकी मौत हो गई। लोगों की माने तो एक बाइक अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर के साइड से टकरा गई और बाइक सवार नीचे गिर पड़ा। हालांकि यह तो जाँच के बाद ही पता चल सकेगा की किस परिस्थितियों में बाइक सवार गिरा। घटना की सूचना के बाद मौके पर सदर कोतवाल बाल मुकुंद मिश्रा फोर्स के साथ घटना स्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। अभी तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

युवक की मौत कैसी हुई या अभी स्पष्ट नहीं हो सका है लेकिन मृतक की बाइक फ्लाईओवर पर ही पड़ी है जबकि युवक की गिरकर मौत हो गई। इस घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की चचाएं हैं। आपको बता दें कि यह कोई पहली घटना नहीं है इसके पूर्व में भी बढ़ौली चौराहे पर फ्लाईओवर से नीचे गिर कर एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इधर लोगों का कहना है कि पूर्व में भी कई दुर्घटना उक्त स्थल पर हो चुकी है। इसके बावजूद भी निर्माण कम्पनी द्वारा साइड में जाली नहीं लगवाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह हादसा सड़क निर्माण कम्पनी की लापरवाही से घटित हुआ है। अगर जाली लगी होती तो शायद युवक की जान बच सकती थी।

## लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों के निस्तारण पर चर्चा

**सोनभद्र।** 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन एवं अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारणार्थ मंगलवार को विशाल सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी, शेषनाथ चौहान डीडीओ/डीसी मनरेगा, आशीष कुमार खनन अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक डीडीओ/डीसी मनरेगा के साथ विचार विमर्श एवं परिचर्चा प्रभारी सचिव पूर्णकलिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ अपर जनपद न्यायाधीश एफटीसी सत्यजीत पाठक के विश्राम कक्ष में हुई। प्रभारी सचिव ने आग्रह किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर उसकी सूची प्राधिकरण के कार्यालय में 27 जनवरी तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें। डीडीओ/डीसी मनरेगा ने विभाग से संबंधित लगभग 10,000 प्रकरणों को निस्तारित किए जाने का आश्वासन दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा भी लगभग 500 प्रकरणों, खनन अधिकारी द्वारा अपने विभाग से संबंधित लगभग 500 प्रकरणों को निस्तारित किए जाने का आश्वासन दिया। यह जानकारी प्रभारी सचिव पूर्ण कालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जनपद न्यायाधीश एफटीसी सत्यजीत पाठक ने दी।

# दुष्कर्म के दोषी संतोष को 20 वर्ष की कैद, 50 हजार जुर्माना

**जनसंदेश न्यूज**

**सजा**

### 11 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला

**सोनभद्र।** साढ़े चार वर्ष पूर्व 11वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी संतोष बैगा को 20 वर्ष की कैद एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बीजापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 12 अगस्त 2018 को बीजपुर थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 11 वर्षीय नाबालिग बेटी जो कक्षा 5 की छात्रा है को गाना सुनाने के बहाने दोपहर दो बजे बीजपुर थाना क्षेत्र के बेलहवा टोला डोड़हर निवासी संतोष बैगा पुत्र बिहारी बैगा ने बेटी को अपने घर ले जाकर घर के कमरे का दरवाजा बंद करके उसकी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। दर्द से चिल्लाने पर उसके मुंह को गमछा से बांध दिया। यह बात बेटी ने अपनी मां से बताई। जब शोरगुल सुनकर वह गया तो पत्नी ने सारी बात बताई। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया।

विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी संतोष बैगा को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## एक वारण्टी गिरफ्तार

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा वारण्टी कल्लू उर्फ शर्मा पुत्र रोपन, निवासी ग्राम करौदिया, रामपुर बरकोनिया निवासी हाल पता- ग्राम सोमा, मांची को उसके गांव से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की गयी।

## मास्टर ब्लॉस्टर में मुगलसराय की जीत

**ओबरा।** स्थानीय स्टेडियम में चल रहे पांच वें मास्टर ब्लास्टर कप 20-20 मैच में मंगलवार को मुगलसराय रेलवे बनाम चंदौली के बीच मैच खेला गया।मुगलसराय रेलवे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाया। सर्वाधिक नवनीत झा ने 3 छक्के व 5 चौका की मदद से 54 रन, योगेश राणा ने 27 रन व सुरेन्द्र शर्मा 26 रन बनाया।चंदौली की ओर से गेंदबाजी करते हुए विजय यादव ने 4 ओवरों में 26 रन देकर 2 विकेट तथा चंदन व अखिलेश ने 2-2 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंदौली की टीम 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर महज 126 रन ही बना सकी। चंदौली के बल्लेबाज आर्यन ने 33 तथा विक्रांत ने 20 व विजय यादव ने 15 रन बनाया। मुगलसराय रेलवे की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अजमत अली ने 3 तथा नवनीत झा ने 2 विकेट लिया। मैच को मुगलसराय रेलवे ने 12 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अमित अग्रवाल की तरफ से नवनीत झा को दिया गया। मैच में निर्णायक रोशन सिंह और शबाब आलम रहे। इस अवसर पर आयोजन सचिव सूर्य प्रकाश चौरसिया, बृजेश कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, संजय यादव अक्षय पटेल, अभय, शौर्यांश, एजाज, आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### निरीक्षण करते ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोड़



सामूहिक विवाह स्थल कार्यक्रम स्थल का करते निरीक्षण

**म्योरपुर।** स्थानीय ब्लॉक अंतर्गत रासपहरी स्थित श्रीराम डिग्री कालेज में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित विवाह कार्यक्रम स्थल का मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोंड़ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने संबंधितों से कहा कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रहे, इसे समय से हर हाल में पूर्ण कर लें। बुधवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 131 जोड़े विवाह बंधन में बंध जाएंगे। इस मौके पर प्रेमचन्द्र यादव, सुधीर कुमार, मानबहादुर यादव, आजाद यादव आदि मौजूद रहे।

### हिण्डाल्को अधिकारियों ने बांटे कम्बल

**रेणुकूट।** सोमवार को देर रात हिण्डाल्को अस्पताल के चीफ मेडिकल ऑफीसर डॉ. भास्कर दत्ता, ई.आर. हेड परनीत सिंह एवं पी.आर. तथा एडमिन हेड यशवंत कुमार ने बस स्टैण्ड एवं आस-पास के राहगीरों, बस के इन्तजार में ठंड से कांपते लोगों को कम्बल ओढ़ाकर उनके चेहरों पर मुस्कान ला दी। देर रात हिण्डाल्को के उक्त अधिकारी अपने घरों से कम्बल लेकर निकले और निर्धन व जरूरतमंद लोगों तथा ठंड से कांप रहे बस के इंतजार में बैठे लगभग 100 राहगीरों को कम्बल वितरित किया। कम्बल पाकर लोगों ने उक्त अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

### हाईमास्क टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप

**दुद्धी।** क्षेत्र में लगने वाले हाईमास्क टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया गया है। भाजपा नेता सुरेंद्र अग्रहरी ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि राज्यसभा सांसद, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी की निधि से इलाके में 6 हाईमास्क लाइट लगना था। क्षेत्र पंचायत द्वारा टेंडर बिकने की अंतिम तिथि मंगलवार तक नियत थी। लेकिन दिन समाप्त होने तक किसी को टेंडर फार्म नहीं मिला। उन्होंने भ्रष्टाचार की आशंका जाहिर करते हुए जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कराये जाने की मांग किया है।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन



**सोनभद्र।** जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आदर्श इन्टर कालेज रावर्टसगंज मे स्माइल बैलून के द्वारा कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा बताया गया बालिकाओं एवं महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए शिक्षा पर विशेष बल देने को प्रेरित करने के साथ ही साथ यह भी कहा गया कि अत्यंत खेद का विषय है जो आजादी के इतने वर्ष बाद भी हमें महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने हेतु अभियान की आवश्यकता पड़ रही है। हमें बालिका की शिक्षा की दिशा में हर संभव प्रयास करना चाहिए जिससे कि समाज में होने वाले बेटा एवं बेटी के भेद भाव को समाप्त किया जा सके। इस मौके पर महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी, साधना मिश्रा जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे, रोमी पाठक, ओआर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, सुधीर कुमार शर्मा, बाल कल्याण समिति के सदस्य अमित सिंह चंदेल एवं विद्यालय के बालक/बालिका अध्यापकगण आदि कार्यक्रम में कुल 80 लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

**सोनभद्र ।** यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने बांह में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। साथ ही अपने 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन सदर एसडीएम को सौंपा। सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक के नेतृत्व में अपने 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन सदर एसडीएम को सौंपा। जिसमें अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने, 5 लाख रुपए स्वास्थ्य बीमा निःशुल्क कराए जाने के लिए आयुष्मान योजना से जोड़े जाने, अधिवक्ताओं को पेंशन की व्यवस्था दिलाए जाने के साथ ही वकीलों के बैठने के लिए चैंबर बनवाए जाने की मांग शामिल रही।

ज्ञापन देने वालों में आनंद मिश्र, रमेश राम पाठक, गोविंद मिश्र, संजय पांडे, अखिलेश मिश्र, मौर्य, दिनेश पाठक, राजेंद्र चौधरी आदि शामिल रहे। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल का छह सूत्रीय मांगों में प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए पांच लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा कराया जाए अथवा आयुष्मान योजना से जोड़ा जाए, अधिवक्ता और पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धन राशि दिया जाए। इसके अलावा 60 वर्ष से ऊपर आयु के लगभग 40 हजार अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना लागू की जाए और प्रदेश में एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए।

विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट ने कहा कि 30 जनवरी को राज्य के सभी जिलों के अधिवक्ता जिला मुख्यालय पर धरना और प्रदर्शन करेंगे। अंतिम चरण में 15 फरवरी को प्रदेश के सभी जिलों के अधिवक्ता लखनऊ में एकत्रित होकर विधानसभा का घेराव करेंगे। विरोध प्रदर्शन में हीरालाल पटेल, राजबली चौबे, राजेश सिंह, दयाराम यादव, अतुल प्रताप पटेल, पवन कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंघल, विरेंद्र कुमार सिंह, फूल सिंह एडवोकेट आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थापित करें लघु उद्योग

**जनसंदेश न्यूज**

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

### उप्र दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर व राजकीय बालिका इण्टर कालेज राबर्ट्सगंज में मंगलवार को उत्तर प्रदेश दिवस पर भाषण, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा निवेश संबंधी रंगोली बनायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने रंगोली का अवलोकन कर यूपी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सीडीओ ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस आयोजन की थीम निवेश एवं रोजगार पर आधारित है, समूह के माध्यम से छोटे-छोटे रोजगार स्थापित कर अपने प्रगति के पथ पर अग्रसर होते रहें।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को आत्मनिर्भर बनने के लिए छोटे-छोटे उद्योग स्थापित किये जाये, जिससे लोगों में आत्मबल मिल सके और अपने आप को सशक्त और मजबूत बनने के साथ ही रोजगार का सृजन करते हुए एक-दूसरे के प्रेरणा के स्रोत बन सके, इसके लिए विभाग भी हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अपने आप में बृहद सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को समेटे हुए है। सभी को व्यक्तिगत रूप से अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन करते हुए अपने स्तर पर ही बेहतर करने का प्रयास करना है तभी हमारा प्रदेश विकास की नई उचाईयों को छूयेगा।

इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज राबर्ट्सगंज में मां सरस्वती के चित्र माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली, भाषण प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुन्दर व मनोहारी प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबन्ध, स्लोगन, भाषण, चित्रकला, रंगोली तथा विभिन्न लोक संस्कृतियों से सम्बन्धित गीत, नृत्य, संगीत आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को अपर जिलाधिकारी ने स्मृतिचिन्त देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक आरपी यादव, राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रधानाचार्या रंजना शुक्ला, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, विद्यालयों के शिक्षकगण व छात्र-छात्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

# परिवहन विभाग ने की स्कूल बसों की जांच

**निरीक्षण**

### सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत लगातार चल रहा अभियान, मानक न पूरा करने वालों को दिया जाएगा नोटिस



सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत स्कूली बसों केफिटनेस की जांच करते परिवहन विभाग के अधिकारी

**सोनभद्र।** जिले में पांच जनवरी से सड़क सुरक्षा माह चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत लगातार परिवहन विभाग के अधिकारी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। इसके तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में मंगलवार को स्कूली वाहनों के फिटनेस का अभियान चलाया गया। परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान का मुख्य मकसद स्कूली वाहनों के प्रबंधकों को जागरूक करना है। जिससे की सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जनपद के अधिकारियों ने मां वैष्णों मार्डन पब्लिक स्कूल सहित कई स्कूलों के बसों और वाहनों के फिटनेस की जांच की। इसके साथ ही जिन स्कूलों की बसों के मानक नहीं पूरे हैं उन वाहनों के प्रबंधकों को नोटिस जारी कर इसे पूरा करने का निर्देश दिया। परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश्वर यादव और संभागीय निरीक्षक आलोक यादव ने बताया कि इस अभियान का मुख्य मकसद इस जागरूकता माह के अन्तर्गत लोगों को जागरूक करना है। जिससे की सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जा सके। एआरटीओ प्रशासन धनवीर यादव ने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत जिले के स्कूलों में पोस्टर और पेंटिग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जाएगा। जिससे लोगों को जागरूक किया जा सके।

## पांच किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़होर मोड़ से वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक समेत तीन अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों से तलाशी के दौरान ट्रक से पांच किलो बरामद किया गया। थाना क्षेत्र के बड़होर मोड़ पर मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन अभियुक्त को मय ट्रक गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान बड़होर मोड़ से पर ट्रक को रोका गया तो ट्रक में सवार भागने ने पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। ट्रक की तलाशी लिया गया, जिसमें पांच किलो गांजा सहित अनवार अहमद पुत्र अफजाल अहमद निवासी भरवारी थाना कोखराज, कौशांबी, फैजान अहमद पुत्र मोहम्मद सेफ निवासी उजिनी थाना पुरामुफ्ती, कौशांबी एवं नियाज पुत्र लल्ले निवासी बड़होर, बभनी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया।

# एसपी ने किया परेड रिहर्सल का निरीक्षण



परेड का निरीक्षण कर सलामी लेते एसपी

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक द्वारा मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स चुर्क ग्राउंड में आगामी गणतन्त्र दिवस की परेड का फूल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान प्रथम परेड कमाण्डर क्षेत्राधिकारी लाइन अमित कुमार व द्वितीय परेड कमाण्डर मनीष द्विवेदी, तृतीय परेड कमाण्डर भूपेन्द्र सिंह व उदघोषक सरोजमा सिंह सहित सम्पूर्ण परेड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एसपी ने वरिष्ठ अधिकारियों से गणतन्त्र दिवस के परेड की तैयारियों पर चर्चा करते हुए परेड को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह, ऑपरेशन विजय शंकर मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक/सीओ शंकर प्रसाद, समस्त क्षेत्राधिकारीगण समेत तमाम अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# अंतरजनपदीय स्थानांतरण की मांग को लेकर शिक्षकों ने निकाला कैंडिल मार्च

**जनसंदेश न्यूज**



कैंडिल मार्च में शामिल शिक्षक

**सोनभद्र।** प्रदेश के आठ आकांक्षी जनपदों में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सेवारत शिक्षक-शिक्षिकाओं का अंतरजनपदीय स्थानांतरण अन्य जनपदों में कार्यरत परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सेवारत शिक्षकों की भांति किये जाने की मांग को लेकर शिक्षकों ने मंगलवार को कैंडिल मार्च निकाला। कैंडिल मार्च चाचा नेहरू पार्क से होकर बढ़ौली चौक पर समाप्त हुई।

प्राथमिक शिक्षक संघ की अध्यक्ष संतोष कुमारी ने कहा कि प्रदेश में सोनभद्र सहित आठ जनपदों के परिषदीय शिक्षकों का अंतरजनपदीय स्थानांतरण न हो पाने के कारण अपने परिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों का भी सम्यक निर्वाह नहीं कर पा रहे हैं। जिससे शिक्षकों में काफी रोष व्याप्त है। योगेश पाण्डेय ने कहा कि पूर्व में किये गए बेसिक शिक्षकों के अंतर जनपदीय स्थानांतरण में सरकार द्वारा 54120 शिक्षकों के अंतर जनपदीय स्थानांतरण के निर्देश दिए गए थे। जिसमें से लगभग 27000 शिक्षकों के अंतर जनपदीय स्थानांतरण किये गए किन्तु आकांक्षी जनपदों में कार्यरत शिक्षकों को प्रक्रिया से वंचित रखा गया है। मांग किया कि 54120 के अवशेष रिक्त पदों में से आकांक्षी जनपदों में कार्यरत शिक्षकों के अंतरजनपदीय स्थानांतरण किया जाय। इस मौके पर रंजना सिंह, बृजबाला सिंह, इंदु सिंह, स्नेह शिखा, गरिमा तोमर, स्वेता गुप्ता, शालिनी यादव, सविता, आकांक्षा यादव, करुणा शर्मा, अखिलेश सिंह गुंजन आदि मौजूद रहे।

# सुधाकर दूबे की मौत की जांच को उच्चस्तरीय समिति गठित

**सोनभद्र।** डीएम ने बताया कि प्रमुख सचिव द्वारा बाकीदार सुधाकर प्रसाद दूबे पुत्र राधेश्याम दूबे प्रो. मे. दूबे इलेक्ट्रानिक्स राबर्ट्सगंज द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया से लिये गये ऋण 10 लाख 21 हजार 35 के रिकवरी हेतु निर्गत आरसी के सापेक्ष संग्रह अमीन एवं तहसीलदार राबर्ट्सगंज द्वारा की गयी कार्यवाही में बाकीदार को गिरफ्तार कर तहसील राजस्व गृह बन्दी में निरूद्ध रखने के उपरान्त बीते 19 मई को उनकी मृत्यु हो जाने के प्रकरण में उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश के अनुपालन हेतु शासन द्वारा प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत उच्चस्तरीय जांच हेतु जांच समिति का गठन किया गया है। डीएम ने बताया कि गठित समिति के आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर अध्यक्ष, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। शासन द्वारा गठित जांच समिति के माध्यम से घटना के समस्त पहलुओं की जांच करते हुए संस्तुति सहित 15 दिवस में जॉच आख्या शासन को प्रेषित किये जाने की अपेक्षा की गयी है। उल्लेखनीय है कि घटना का सम्बन्ध जनपद सोनभद्र से है अथवा उक्त घटना से सम्बन्धित साक्ष्य आदि का संकलन जनपद स्तर पर विभिन्न पक्षों की सुविधा के दृष्टिगत किया गया है, शासन के निर्देश के अनुपालन में उपरोक्त घटना की जांच में सहयोग हेतु जिलाधिकारी स्तर से राजस्व विभाग से आशुतोष कुमार दूबे अपर जिलाधिकारी नमांमि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति एवं पुलिस विभाग स्तर से कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय को नामित किया गया है। जो इससे सम्बन्धित साक्ष्य संकलन एवं बयान आदि की कार्यवाही पूर्ण कराते हुए आख्या उपलब्ध करायेंगे। उक्त के क्रम में जनमानस को घटना के सम्बन्ध में कोई भी साक्ष्य लिखित अथवा मौखिक किसी भी कार्यदिवस में न्यायालय जिलाधिकारी में नामित उपरोक्त अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर 30 जनवरी तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

# धूमधाम से मनी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**जयंती**

### 24 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की उठायी मांग



जयंती के अवसर पर मंचासीन अतिथिगण

**चोपन।** नगर स्थित काली मंदिर परिसर में मंगलवार को कर्पूरी ठाकुर की 99वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नाई समाज के कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर उनके कृतित्वों पर प्रकाश डालते हुए संघर्षों को याद किया।

मुख्य अतिथि ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर हमेशा गरीबों, मजदूरों, दलितों एवं पिछड़े लोगों के लिए सामंतवादी विचारधारा के खिलाफ आवाज बुलंद की। उनकी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जननायक कहा जाता था, वह सदा गरीबों के हक के लिए लड़ते रहे। कहा कि वे पहले ऐसे व्यक्ति रहे जिन्होंने आर्थिक आधार पर आरक्षरण की वकालत की थी। डॉ आर के शर्मा ने कहा कि सरकार कर्पूरी ठाकुर की जयंती 24 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करे, जो उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। युवाओं को उनके विचारों पर चलकर समाजहित में काम करने की जरूरत है। नगर अध्यक्ष चन्दन ठाकुर व मैनेजर शर्मा ने कहा कि वे स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार के मुख्यमंत्री भी रहे। लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाता था। भारत छोड़ो आन्दोलन के समय उन्होंने 26 महीने जेल में बिताए थे। सामाजिक रूप से पिछड़ी किन्तु सेवा भाव के महान लक्ष्य को चरितार्थ करती नाई जाति में जन्म लेने वाले महानायक ने राजनीतिक जीवन को भी जनसेवा की भावना से जिया। इस मौके पर संतोष शर्मा, नंदलाल शर्मा, अनन्त शर्मा, रामचरण शर्मा, राजन शर्मा, मट्टर शर्मा, नंदू ठाकुर, शेर खान, विष्णु शर्मा, दधिबल शर्मा, अनिल शर्मा, कमलेश ठाकुर, विनोद शर्मा, दीपू शर्मा,चंदन शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन झल्लन शर्मा ने किया।

# विद्यालय का जर्जर भवन गिरने से युवक की मौत, दो घायल

हादसा

### दिघवट में वर्ष 1993 स्थापित हुआ था राजकीय इंटरमीडिएट बालिका विद्यालय

**सकलडीहा।** क्षेत्र के दिघवट गांव में मंगलवार को दोपहर में करीब साढ़े बारह बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की जर्जर भवन का अचानक भरभराकर गिर गया। इस दौरान वहां मशीन से धान की कटाई कर रहे तीन युवक मलबा में दब गए। आनन-फानन में ग्रामीणों ने जेसीबी के मदद से तीनों को बाहर निकाला गया।

इलाज के दौरान नीरज राजभर नामक युवक की मौत हो गयी। घटना की जानकारी होते ही डीएम ईशा दुहन, एसपी अंकुर अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव मौके पर पहुंचकर हर संभव मदद और नौकरी दिलाने का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजा। घटना को लेकर डीएम ने जांच के निर्देश दिया है। दिघवट गांव में वर्ष



मृतक नीरज।

1993 में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज संचालित है, जहां पर कुल 151 छात्राएं पढ़ती है। राजकीय विद्यालय की भूमि पर वर्षो पूर्व एक भवन का निर्माण हुआ था, जो गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर विद्यालय को हैंडओवर नहीं हो पाया।

गांव के लोग खाली स्थान होने पर किसानी सहित अन्य कार्य के लिये उपयोग करते थे। कई बार विद्यालय प्रशासन द्वारा जर्जर भवन पर कार्य न करने की हिदायत भी दिया गया था।



घटना के बाद विलाप करते मृतक परिजन।

बावजूद पुआल व धान रखते थे। दोपहर में 20 वर्षीय नीरज राजभर बडे. पिता के लड़के 28 वर्षीय सतेन्द्र और जीजा 32 वर्षीय दिनेश के साथ जर्जर भवन के पास मशीन से धान की कुटाई मशीन से कराने जा रहे थे।

इसी बीच जर्जर भवन में रखी धान की बोरी उठाने नीरज पहुंच गया। बोरी नहीं उठा पाने पर सतेन्द्र और दिनेश मदद के लिये पहुंच गए। इसी भरभराकर जर्जर भवन गिर गया, जिसमें तीनों दब गये। आनन-फानन में ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से तीनों को बाहर निकाला। घायल को सकलडीहा कस्बा के प्राईवेट हास्पीटल में भर्ती कराया।

जहां इलाज के दौरान नीरज की मौत हो गयी। घटना की जानकारी होते ही डीएम एसपी, एएसपी एसडीएम व सीओ मौके पर पहुंच गये। काफी देर



घटना के बाद पीड़ित परिजनों के मदद की मांग करते विधायक प्रभुनारायण

### परिजनों का रोते रोते बुरा हाल

**सकलडीहा।** क्षेत्र के दिघवट गांव के रामनाथ राजभर के दो पुत्र रंजीत राजभर व नीरज दो पुत्री ललीशा और निशा है। नीरज फेसुड़ा राधा कृष्ण इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र था। धान की बोरी जर्जर भवन में रखा था। अपने परिवार के बड़े भाई सतेन्द्र और जीजा दिनेश के साथ धान की कुटाई कराने की तैयारी में जुटा था। अचानक हादसा होने से माता रीता सहित परिजनों का बुरा हाल रहा।

विधायक ने परिजनों से वार्ता करके डीएम द्वारा पांच लाख की आर्थिक सहायता देने व अन्य सहयोग का आश्वासन देने पर परिजन शांत हुए। तब जाकर पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजा। इस मौके पर एएसपी विनय सिंह, एसडीएम मनोज पाठक, सीओ राजेश कुमार राय एसओ सदर राजीव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर राजनेताओं ने बंधाया ढांढस

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के डिघवट गांव की जर्जर राजकीय विद्यालय का छज्जा गिरने से गांव निवासी नीरज की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां पर इसकी जानकारी होने के बाद जनपद के जनप्रतिनिधि व शुभचिंतक पहुंच गए और पीड़ित परिवार को ढांढस बधाया। साथ ही हरसंभव मदद के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव सपा, जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, राम उजागिर गोड, बिजेंदर यादव अर्जुन अग्रहरि मुसाफिर चौहान सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### धूमधाम से मनी जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती

**चहनियां।** क्षेत्र के लक्ष्मणगढ़ स्थित गांव में प्रगतिशील नाई बिकास समिति द्वारा अध्यक्ष बुलबुल सलनानी के देखरेख में जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने जननायक कपूरी ठाकुर के तैल चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित किया। कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ। मुख्य अतिथि विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि कपूरी ठाकुर मुख्यमंत्री ही नही गरीबों के भी मसीहा थे। जो रिक्शा से चलते थे और झोपड़ी में रहकर जीवन गुजारते थे। बिहार में गरीबो के मसीहा कहे जाने वाले कपूरी ठाकुर ने नाई समाज को इस समाज मे जगह दी। कहा कि कपूरी ठाकुर बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री ,दो बार मुख्यमंत्री, दशकों तक बिधायक रहे और विरोधी दल के नेता रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रबिन्द्र यादव, बुलबुल सलमानी, निरहू शर्मा, माधव शर्मा, बसंत शर्मा, धर्मेंद्र यादव, राम अवतार शर्मा, कन्हैया शर्मा, श्रवण कुशवाहा, बिरेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता मोहन शर्मा व संचालन माधव शर्मा ने किया।

## संक्षेप

### चंदौली में जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती मनाई गई



कर्पूरी ठाकुर के जयंती समारोह को संबोधित करते राकेश शर्मा।

**चंदौली।** सदर मे मंगलवार को नगर के शंकर मोड़ इलिया रोड स्थित परमहंस उपवन लान में ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के तत्वाधान में जननायक कपूरी ठाकुर का जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि इंद्रजीत शर्मा कपूरी ठाकुर तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को आगे बढाया। दूरदराज से आए लोगों ने कपूरी ठाकुर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष घनश्याम शर्मा कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा गया। इस मौके पर राकेश शर्मा, प्रेमनाथ शर्मा, रामभोग शर्मा, डा. दिनेश शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, कैलाश मास्टर, मदन मोहन शर्मा, मुनक्का मास्टर आदि मौजूद थे।

### पठान फिल्म: मल्टीप्लेक्स मालिक ने पुलिस से मांगी सुरक्षा

**चंदौली।** फिल्म स्टार शाहरुख खान की फिल्म पठान को लेकर सोशल मीडिया पर घमासान मचा हुआ है। जिसको लेकर डीडीयू नगर के मल्टीप्लेक्स संचालक में दहशत का माहौल है। मंगलवार को आईपी मुगल के मैनेजर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पत्रक सौंपा और 25 जनवरी को फिल्म की रिलीज के पहले सुरक्षा की मांग की है। इस दौरान आईपी माल के मैनेजर विशाल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पठान फिल्म के टिकट की एडवांस बुकिंग रही है। लेकिन इसके बावजूद मल्टीप्लेक्स के मालिक के बीच डर बना हुआ है। फिल्म के विरोध और तोड़फोड़ की आशंका को लेकर पुलिस को सुरक्षा देने की मांग की गयी है। इससे फिल्म के विरोध के बीच कहीं तोड़फोड़ नहीं होने पाए।

### मतदाता दिवस का हुआ आयोजन

**चंदौली।** जनपद में बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान पंडित कमलापति त्रिपाठी कालेज में परिसर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए मंगलवार को विभागीय अधिकारी व कर्मचारी तैयारियों में जुटे रहे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सुबह स्कूली बच्चों, स्काउट गाइड, एनसीसी की ओर से बैंड बाजे के साथ रैली निकाली जाएगी। इसके बाद वाद-विवाद, रंगोली, पोस्टर, क्वीज आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वहीं दोपहर जिलाधिकारी ईशा दुहन रंगोली एवं स्टाल का अवलोकन करेंगी। साथ ही दी प्रज्जवलित किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। वहीं डीएम की ओर से शपथ ग्रहण कराने के साथ ही पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

### तीन माह में दें पशुओं को क्रीमी नाशक दवाएं

**शहाबगंज।** राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर में मंगलवार को पशु चिकित्सक डा.सुजीत कुमार सिंह ने पशुपालकों के साथ पशुओं के उचित देखभाल को लेकर जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि पशुओं को तीन माह पर क्रीमी नाशक दवा अवश्य देना चाहिए। क्योंकि पशुपालक पशुओं को जो चारा खिलाते हैं उनमें 40प्रतिशत कीड़ा विद्यमान रहते हैं ।वह चारे के साथ पशुओं के पेट में चले जाते हैं ।जो पशुओं को नुकसान पहुंचाते हैं। जिनके कारण पशुओं में तरह-तरह की बिमारी पैदा हो जाती है। जहां गर्भधारण की समस्या पैदा होती है। वहीं दूध पर भी असर पड़ता है। गोष्ठी में पशु पालकों में निशुल्क कीड़े की दवा का वितरण किया गया। इस दौरान फार्मासिस्ट दयानंद सिंह, अमित मिश्र,राम जनम, विकास, गोपाल सहित आदि पशुपालक उपस्थित रहे।

## आरपीएफ को डीडीयू जंक्शन पर घूमते हुए मिले बंधुआ मजदूर

**डीडीयू नगर।** आपरेशन आहट अभियान के दौरान सोमवार को की रात डीडीयू जंक्शन पर 21 नाबालिग एवं बालिग बच्चे डीडीयू जंक्शन के फुट ओवरब्रिज पर एक साथ डरे सहमे घूमते हुए संदिग्ध अवस्था में दिखे। आरपीएफ पोस्ट डीडीयू के निरीक्षक संजीव कुमार ने गश्त के दौरान डरे सहमे बच्चों से पूछताछ की तो उनके द्वारा बताया गया कि वे लोग रायगढ़ ओडिशा के रहने वाले है और विगत एक साल से वाराणसी के लोहता स्थित खेमचंद्र कंक्रीट स्लीपर प्राइवेट कंपनी में काम कर रहे हैं। बताया कि उनका सुपरवाइजर द्वारा कई महिनों से पैसा नहीं दिया गया तथा घर जाने के कहने पर धमकाता है इसलिय हमलोग फैक्ट्री से भाग आए और अपने घर ओड़िसा रायगढ़ जाना चाहते है।

बताया कि उनके और भी साथी वहीं सुपरवाइजर के चंगुल में फंसे हैं जिन्हें जबरदस्ती रखे हुए हैं। इस संबंध में बरिय मंडल सुरक्षा आयुक्त डीडीयू



आरपीएफ पोस्ट पर मौजूद बंधुआ मजदूर।

जेथिन बी राज में संज्ञान लेते हेतु सत्यापन करवाने का आदेश दिए जिसके उक्त का सत्यापन करने हेतु रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू के निरीक्षक संजीव कुमार, अवर निरीक्षक मुकेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, आरक्षी अरुण कुमार सिंह, आरक्षी अमित जायसवाल व आरक्षी सदानंद यादव बचपन बचाओ आंदोलन के को-ऑर्डिनेटर देशराज सिंह एवम कृष्ण शर्मा द्वारा संबधित स्थानीय एएचटीयू बनारस तथा श्रम विभाग, वाराणसी के साथ नावालिग बच्चों के द्वारा इंगित स्थान लोहता पर स्थित सलीपर कंक्रीट फैक्ट्री पर छापेमारी की गई, जहां सीमेंट कंक्रीट का रेलवे का स्लीपर एक प्राईट एजेंसी द्वारा ओड़िसा से बालिग व नाबालिक बच्चों को बुलाकर काम करवाया जाता है। नाम, पत्ता और उम्र का सत्यापन करने के उपरांत पाया कि उसमें से कुल 11 बच्चे नाबालिग तथा 10 बालिग बच्चे हैं। उक्त सभी को अग्रिम कार्यवाही हेतु बीबीए संस्था को सुपुर्द किया गया।

### जिला प्रशासन का आश्वासन गांव लौटे गोरारी के ग्रामीण

**चंदौली।** प्रशासन की अनदेखी से आहत क्षेत्र के गोरारी गांव के ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पर डेरा डाल रखा था। इस मामले में मंगलवार को अपर जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी अजय मिश्रा के आश्वासन पर गांव के लोग वापस अपने घर लौटे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता ने बताया कि इसकी बकायदा शिकायत एक सप्ताह पहले डीएम को मार्ग खोलवाने और नाबदान का पानी निकालने के लिए दिया गया था। जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन भी दिया गया। लेकिन अवरुद्ध मार्ग को नही खोला गया। पीड़ित निर्मल चौहान ने कहा कि कुर्सी पर बैठकर घर को जलवाया गया। घरों को तोड़ा गया। दबंग अभी भी धमकियां दे रहा है। जिलाध्यक्ष सतीश सिंह चौहान ने कहा कि प्रशासन ने 26 जनवरी तक का समय लिया है, अगर कोई निवारण नहीं हुआ तो यूनियन कमिश्नर वाराणसी के कार्यालय को घेरने का काम करेंगे। इस धरने में प्रभाकर मौर्या, जीउत मैर्या, खिचड़ू चौहान, निर्मल चौहान, मृत्युंजय चौहान, विक्रम चौहान, मुंशी चौहान, मीरा देवी, सुशीला देवी मौजूद थे।

## प्रतियोगी परीक्षा को लेकर अपना कांसेप्ट क्लियर रखें छात्रः डा.राकेश

जनसंदेश न्यूज

**नियामताबाद।** जेईई मेंस परीक्षा-2023 को लेकर एसएस गुरुकुलम के प्रधानाचार्य एवं गणितज्ञ डा.राकेश शर्मा ने प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि जेईई मेंस की परीक्षाएं 24 जनवरी से प्रारंभ हो रही हैं परीक्षा की तिथि ज्यों ज्यों नजदीक आ रही है अधिकांश बच्चे तनाव में आ जाते हैं। ऐसे बच्चों के लिए मेरी राय यह है कि वह किसी भी तरह का तनाव ना ले और अपने आप को खुश और प्रसन्न रखें। अपने विषय जैसे गणित, भौतिक विज्ञान व रसायन विज्ञान के प्रत्येक टॉपिक को रिवाइज करें।

यदि किसी कारण वश किसी विषय का कोई टापिक छूट गया है तो उसको अध्ययन कर पाए हो तो उसको पढ़ने का बिल्कुल प्रयास ना करें, क्योंकि



डा. राकेश शर्मा।

आपके पास बहुत कम समय बचा है। आप पूरी ताकत और मेहनत से सिर्फ रिवीजन करें जेईई मेंस परीक्षा में पूछे जाने वाले अधिकांश प्रश्न कांसेप्ट पर आधारित होते हैं। यदि आपके पास कांसेप्ट क्लियर है तो घबराने व तनाव लेने की कोई जरूरत नहीं है अपने आप पर पूरा भरोसा व विश्वास रखें।

## कर्पूरी ठाकुर ने शोषित, पीड़ित व वंचितों की लड़ी लड़ाई



शहाबगंज में कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाते लोग।

**शहाबगंज।** कस्बा स्थित इण्टर कालेज के पास जन नायक कपूर्री ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। जहां उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेना समाज के अध्यक्ष मदन ठाकुर ने बताया कि जन नायक कपूर्री ठाकुर जनता के नायक थे। इसलिए इनको जननायक के नाम से पहचान मिली। उन्होंने स्वतंत्रता के आंदोलन में बढ़ चढ़कर आजादी की लड़ाई लड़ें। वहीं आजादी के पश्चात शोषित, पीड़ित व वंचितों की लड़ाई लड़ें। बिहार का मुख्यमंत्री बनने पर जन कल्याण की योजनाएं चलाई। उन्होंने अपनी पूरी संपत्ति राष्ट्र निर्माण के लिए दान कर दिया। निरंजन शर्मा ने कहा कि अपने संघर्षों के बल विधानसभा में पहुंचे और अपने जीवन में कभी भी चुनाव नहीं हारा। इस अवसर पर हौशिला शर्मा, जितेंद्र शर्मा,ब्रम्हदेव शर्मा, अरुण जायसवाल, मुरली रस्तोगी, राजकुमार मोदनवाल, अनिल मिश्र, ऋषि शर्मा,निरंजन शर्मा, हीरालाल, सुबाष शर्मा, राम नरेश, तारकेश्वर शर्मा, कुंदन चौहान, बबलू शर्मा उपस्थित रहे। अध्यक्षता राधेश्याम शर्मा व संचालन महमूद आलम ने किया।

## बार व बेंच न्याय रथ के दो पहिएः जय प्रकाश सिंह

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को सदर कचहरी परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इसके साथ ही अधिवक्ताओं के हित में कार्य करने के अपने संकल्प को दोहराया।

साथ ही जिला मुख्यालय के विकास में अधिवक्ता साथियों के सुझाव व मार्गदर्शन में आगे काम करने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार चतुर्थ द्वारा अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह व महामंत्री राज बहादुर सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश हरिशंकर सिंह ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद तथा पूर्व अध्यक्ष बार

ली शपथ

### डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश अरुण त्रिपाठी ने उपाध्यक्ष अभिनव आनन्द सिंह को शपथ दिलाई। इसके अलावा कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिरूद्ध सिंह, संयुक्त सचिव मोहम्मद अकमल खां, कोषाध्यक्ष महेंद्र पटेल, पुस्तकालय मंत्री फिरोज खान ने शपथ ली।

वहीं सदस्य कार्यकारिणी में विद्याचरण सिंह, पंचानन पांडेय, लालप्यारे श्रीवास्तव, रमाकांत सिंह, शहाबुद्दीन, आनन्द कुमार सिंह, मोहम्मद अकरम, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अनिल कमुर सिंह, झन्मेजय सिंह को जिला जज सुनील कुमार चतुर्थ द्वारा शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह



डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते जिला जज।

ने कहा कि बार व बेंच न्याय रथ के दो पहिए है, जिसकी परिकल्पना संविधान में वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए की गई है। अधिवक्ता साथियों के हित के संरक्षण के साथ-साथ वादकारियों को सरल व सुलभ न्याय दिलाने का काम होगा।

इसके साथ ही चंदौली कचहरी को सुविधाओं से लैस होने को लेकर प्रयास जारी रहेगा। इस मौके पर जिला न्यायालय निर्माण के लिए संघर्ष करने वाले धनंजय सिंह, मुरली सिंह, अनिल सिंह, अजय सिंह, झन्मेजय सिंह को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह व संचालन निवर्तमान महामंत्री शमशुद्दीन ने किया।

## लखनऊ के सम्मेलन को सफल बनाने का किया शंखनाद

बैठक

### प्रदेश महामंत्री ने 20 फरवरी को लखनऊ में जुटने का किया आह्वान

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई की बैठक मंगलवार को हुई। इस दौरान प्रदेश महामंत्री उमेश पांडेय की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों व समस्याओं पर चिंतन-मंथन किया गया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री उमेश पांडेय ने कहा कि 20 फरवरी को रमाबाई अंबेडकर पार्क लखनऊ में शिक्षामित्रों का सम्मेलन का कार्यक्रम निर्धारित है जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर सिंह व बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम शिक्षामित्रों की दशा और दिशा तय करेगा। उन्होंने शिक्षामित्रों से अपील किया कि भारी संख्या में लखनऊ उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाएं। वाराणसी जिलाध्यक्ष अमरेंद्र दुबे ने कहा कि 20 फरवरी को होने वाला सम्मेलन से शिक्षामित्रों को आस जगी है निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षामित्रों के भविष्य पर विचार करेगी। प्रांतिक कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा ने कहा कि सभी शिक्षामित्र एकजुट होकर के 20 फरवरी को होने वाले इस महासम्मेलन में प्रतिभाग करें। मंडल अध्यक्ष वाराणसी विजय श्याम तिवारी ने कहा कि



चंदौली में आयोजित बैठक में उपस्थित शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

इस महासम्मेलन से शिक्षामित्रों मैं आस जगी है निश्चित रूप से लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिक्षामित्रों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करेंगे। नई शिक्षा नीति में प्रदेश सरकार से सभी शिक्षामित्र आशान्वित हैं कि कि सरकार शिक्षामित्रों के लिए कोई ठोस नीति अवश्य बनाएगी। जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर सिंह ने 20 फरवरी को होने वाले महासम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया। कहा कि चंदौली के शिक्षामित्र अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ कूच कर सम्मेलन को सफल बनाएं। बैठक में विजय श्याम तिवारी, श्याम सुंदर सिंह, संतोष कुमार सिंह, उमेश कुमार दुबे, चंद शेखर राय, अशोक कुमार पांडेय, शंकर राम, अशोक कुमार, मुन्ना राम, परमानंद यादव, सफल सिंह, ओपी सिंह, धनंजय सिंह, रेखा देवी, आभा सिंह, भगवान सिंह उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री उमेश पांडेय व संचालन विजय श्याम तिवारी, धन्यवाद ज्ञापन संतोष कुमार सिंह ने किया।

### तीसरी बार लेखपाल संघ के अध्यक्ष बने संदीप सिंह

**चंदौली।** यूपी लेखपाल संघ की ओर से मंगलवार को तहसील सभागार में तहसील क्षेत्र के लेखपालों की बैठक हुई। जिसमें संगठन की मजबूती के लिए चर्चा की गई और पदाधिकारियों का चयन किया गया। यही नहीं चुनाव अधिकारी दिनेश कुमार व प्रदीप कुमार की उपस्थिति में सर्वसम्मति से तीसरी बार सदर तहसील अध्यक्ष पद पर संदीप सिंह को निर्विरोध चुना गया। इसके बाद पदाधिकारियों को घोषणा की गई और सभी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के सदर तहसील इकाई की बैठक मंगलवार को सदर तहसील के सभागार में हुई। जिसमें चुनाव अधिकारी दिनेश व प्रदीप सिंह ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन की घोषणा की। इस दौरान अध्यक्ष पद पर तीसरी बार संदीप सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रामाश्रय सिंह यादव, मंत्री आनंद राव, कोषाध्यक्ष रिशु कुमार संप्रेक्षक राजेश सिंह को घोषित किया गया। जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार यादव और मंत्री सुनील पांडे ने सभी को बधाई दी और सभी लेखपालों ने संगठन की मजबूती के लिए पद और गोपनीयता की शपथ ली।

## शैक्षणिक माहौल का लिया जायजा



स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा को अंग वस्त्र भेंट करते हुए प्रबन्धक आनन्द तिवारी सोनू

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** महुअर बलुआ स्थित राहुल नालेज सीटी में मंगलवार को पहुंचे स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कालेज परिसर में शैक्षणिक माहौल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कालेज परिसर में संचालित पंडित रामाधार जे पॉलिटेक्निक कालेज, रामराजी देवी आईटीआई कालेज, लल्लन आर तिवारी महाविद्यालय व बीएड कालेज, राहुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कैम्पस का दौरा कर छात्र छात्राओं सहित शिक्षकों से बात चीत किया। राहुल नालेज सीटी महुअर में पहुंचकर शैक्षणिक माहौल जानने के बाद एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि आकांक्षी जनपद चन्दौली में नगरीय इलाके से दूर ऐसे क्षेत्र में इतना सुविधा सम्पन्न कालेज परिसर की स्थापना करना अपने आप में काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि इस संस्था के संस्थापक चेयरमैन पंडित लल्लन आर तिवारी व सेक्रेटरी राहुल एल तिवारी प्रशंसा के पात्र है। जिन्होंने दूर रहकर भी अपने मातृभूमि के प्रति अपने फर्ज का निर्वहन किया और क्षेत्र के लोगों के लिए एक सुविधा सम्पन्न शैक्षणिक माहौल देने का पुनीत कार्य किया। इस दौरान प्रबन्धक आनंद तिवारी सोनू ने एम एल सी श्री सिन्हा को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने राहुल नालेज सीटी अन्तर्गत सभी कैम्पस का जायजा लेते हुए छात्र छात्राओं व शिक्षकों से वातालर्प कर शैक्षणिक गतिविधियों की गहनता से जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से परमात्मा वर्मा, प्रिंस सिंह, डाक्टर डीसी पांडेय, विनोद कुमार, नदीश तिवारी, प्रदीप तिवारी, अवधेश तिवारी, संजीव यादव, सुनील यादव सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### क्षेत्र पंचायत प्रमुख ने बनाई विकास की कार्य योजना

**चंदौली।** सदर ब्लाक सभागार में मंगलवार को ब्लाक प्रमुख संजय सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें उनके द्वारा विकास कार्यों का विस्तार से चर्चा किया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने गांव में विकास के लिए कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत किया।

इस दौरान ब्लाक प्रमुख संजय सिंह बबलू ने कहा कि जब से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। तब से गांवों का विकास तेजी से हो रहा है। भाजपा सरकार में स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय बन रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास का निर्माण भी युद्ध स्तर पर हो रहा है। गांवों को भी 18 घंटे बिजली मिल रही है। जल्द ही गांव के अधूरे कामों को पूरा किया जाएगा। इस दौरान बीडीओ शशिकांत पांडेय, एडीओ पंचायत बृजेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव, महेंद्र यादव, तबारक अली, मुमताज अली, हरिश्चंद्र, मालती देवी, मनीष यादव, नन्हे सिंह, विकास सिंह उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## आईसीसी की टेस्ट टीम में शामिल हुए ऋषभ पंत बेन स्टोक्स बने कप्तान, देखें सभी 11 खिलाड़ी

आईसीसी ने साल 2022 की टेस्ट टीम का एलान कर दिया है। इस टीम में दुनिया भर उन खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिन्होंने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में गेंद और बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया। इस टीम की कमाल इंग्लैंड के बेन स्टोक्स को दी गई। इस टीम में सबसे ज्यादा चार खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के हैं, लेकिन इंग्लैंड के बेन स्टोक्स को टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस टीम में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। ऋषभ पंत ने 2022 में भारत के लिए कुल 12 टेस्ट पारियों में 680 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 61.81 और स्ट्राइक रेट 90.90 का रहा। इस दौरान उनके बल्ले से दो शतक और चार अर्धशतक निकले। पिछले साल उन्होंने टेस्ट में 21 छक्के लगाए। इसके साथ ही विकेट के पीछे 29 शिकार किए, जिसमें छह स्टंपिंग और 23 कैच शामिल हैं।



# भारत ने न्यूजीलैंड को 90 रन से हराया, तीन मैच की वनडे सीरीज में कीवी टीम का सूपड़ा साफ

## भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के सामने 386 रन का लक्ष्य रखा, कीवी टीम 295 रन ही बना पाई और मैच हार गई

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। भारत ने यह मैच 90 रन से अपना किया और सीरीज भी 3-0 के अंतर से जीत ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के सामने 386 रन का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में कीवी टीम 295 रन ही बना पाई और मैच हार गई। भारत ने न्यूजीलैंड को 90 रन से हरा दिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैच की वनडे सीरीज में कीवी टीम का सूपड़ा साफ कर दिया। युजवेन्द्र चहल की गेंद पर विराट कोहली ने सेंटनर का कैच पकड़कर न्यूजीलैंड की पारी समाप्त की। सैंटनर ने 29 गेंद में 34 रन बनाए। इस मैच में जीत के साथ ही भारतीय टीम वनडे में



दुनिया की नंबर एक टीम बन गई है। अब भारत और न्यूजीलैंड की टीम तीन मैच की टी20 सीरीज में भिड़ेंगी, जिसकी शुरूआत 27 जनवरी को रांची में होगी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 385 रन बनाए। रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने शतकीय पारियां खेली। हार्दिक पांड्या ने अर्धशतक लगाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे ने शतकीय पारी खेली, लेकिन उन्हें किसी बल्लेबाज का साथ नहीं मिला। हेनरी निकोलस और सेंटनर ने कोशिश की, लेकिन दोनों अर्धशतक भी नहीं लगा सके। अंत में भारत ने यह मैच 90 रन से जीत लिया। 268 रन के स्कोर पर न्यूजीलैंड का सातवां विकेट गिरा है। कुलदीप यादव ने माइकल ब्रेसवेल को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई है। ब्रेसवेल आग बढ़कर बड़ा शॉट खेलना चाह रहे थे, लेकिन कुलदीप ने वाइड गेंद कर दी। ऐसे में विकेटकीपर ईशान किशन ने स्टंपिंग कर ब्रेसवेल की पारी खत्म कर दी। अब मैच में भारत की पकड़ मजबूत हो गई है। कीवी टीम को अभी भी 100 से ज्यादा रन बनाने हैं और उसके सिर्फ तीन विकेट बचे हैं। वहीं, भारत के लिए अच्छी बात यह है कि एक छोर पर फर्ग्यूसन बल्लेबाजी के लिए आ गए हैं और उन्हें आउट कर भारत कीवी टीम की पारी भी खत्म कर सकता है, क्योंकि उनके बाद जैकब डफी और ब्लेयर टिकनर को बल्लेबाजी के लिए आना है। 38 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर सात विकेट पर 277 रन है।

## गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा



भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज में शुभमन गिल शानदार लय में थे। उन्होंने इस सीरीज के तीन मैचों में कुल 360 रन बना दिए। इसमें एक दोहरा शतक और एक शतक शामिल है। सीरीज के पहले मैच में 208 रन बनाने वाले गिल ने दूसरे मैच में नाबाद 40 और तीसरे मैच में 112 रन बनाए। इस तरह उन्होंने सीरीज में कुल मिलाकर 360 रन बना दिए। वह तीन मैच की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। गिल ने इस मामले में पाकिस्तान के बाबर आजम की बराबरी की। बाबर आजम ने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 360 रन बनाए थे। इस सीरीज में शुभमन गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। अब शुभमन गिल भारत के लिए तीन मैच की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। गिल ने विराट कोहली को पीछे छोड़ा, जिन्होंने तीन मैच की एक सीरीज में 283 रन बनाए थे।

## विकासपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**डीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेश दिवस का शुभारंभ मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के ऑडिटोरियम हाल में विधायक चकिया कैलाश आचार्य एवं जिलाधिकारी ईशा दुहन ने किया। इस दौरान स्कूली बालिकाओं द्वारा गर्ल्स चाइल्ड-डे के अवसर पर रैली निकाली गई, जिसको जिलाधिकारी एवं विधायक चकिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा जन सामान्य की जानकारी दी तथा उन्हें लाभान्वित किए जाने के दृष्टिगत विभिन्न विकास परक व जनकल्याणकारी योजनाओं का स्टाल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बालिकाओं की कबड्डी आदि खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में गीत, नृत्य लोकसंगीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, दिव्यांग जन, सोशल सेक्टर, खाद्य एवं रसद, प्रधानमंत्री आवास योजना, उद्योग विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन आदि विभिन्न विभागों के चिन्हित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद के अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। टीवी मरीजों की देखभाल करने के लिए स्वामी कबीर मेमोरियल ट्रस्ट को भी सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषक, चिकित्सक, लोक कलाकार, होटल व्यवसायी, पर्यावरणप्रेमी, उद्यमियों आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम का राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक चकिया कैलाश आचाय ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सर्वेश कुशवाहा, संजय कन्नौजिया, मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र मौर्य, राजेश नायर, राहुल सागर, मनोज श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, दिशा वेताल उपस्थित रहे।

# आईसीसी की महिला वनडे टीम का ऐलान, तीन भारतीय को मिली जगह... हरमनप्रीत बनीं कप्तान

## महिला टी20 त्रिकोणीय शृंखला के पहले मैच में नाबाद 74 रन बनाने वाली मंधाना ने 2022 में एक शतक और छह अर्धशतक बनाये

**दुबई।** भारत की स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को आईसीसी वर्ष की महिला एक दिवसीय क्रिकेट टीम में चुना गया है । वेस्टइंडीज के खिलाफ महिला टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में नाबाद 74 रन बनाने वाली मंधाना ने 2022 में एक शतक और छह अर्धशतक बनाये । उन्होंने न्यूजीलैंड में विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 123 रन की पारी खेली।

इसके बाद सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ होव में 91 रन बनाये और फिर 40 तथा 50 रन की पारियां खेली । भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने दो शतक और पांच अर्धशतक बनाये । तेज गेंदबाज रेणुका ने 2022 में सात मैचों में



18 विकेट लिये । उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पल्लेकेले में 28 रन पर चार विकेट चटकाये । दक्षिण अफ्रीका की तीन क्रिकेटरों को भी आईसीसी वनडे टीम में जगह मिली है । इनमें बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ट , तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका और शबनम इस्माइल शामिल हैं।

***आईसीसी वर्ष की महिला वनडे टीम :***

एलिसा हीली (विकेटकीपर), बेथ मूनी (आस्ट्रेलिया), स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, रेणुका सिंह (भारत), लौरा वोल्वार्ट, अयाबोंगा खाका, शबनम इस्माइल (दक्षिण अफ्रीका), नेट स्किवेर , सोफी एक्सेलेटोन (इंग्लैंड), अमेलिया केर (न्यूजीलैंड) ।

## बॉलीवुड न्यूज

### अपने अनूठे अंदाज के लिए जाने जाते हैं लव रंजन



**मुंबई।** लव रंजन जो मॉडर्न समय में प्यार और रिश्तों पर अपने अनूठे अंदाज के लिए जाने जाते हैं, की एक हिडेन हॉबी भी है जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। लव को आज के समय में बेस्ट फिल्म निर्देशकों में शुमार हैं लेकिन हर कोई इस बात से अंजान है कि वह एक बेहतरीन कुक भी है। लंव के इसी शौक के चलते उनकी टीम को उनके हाथों का स्वाद चखने का मौका मिला। फिल्म मेकर लव रंजन ने फिल्म की शूटिंग के आखिरी दिन अपनी पूरी कास्ट और क्रू के लिए खाना बनाने का फैसला किया, ताकि टीम के प्रति आभार व्यक्त किया जा सके।

### मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने की सड़क सुरक्षा सप्ताह के लिये साझेदारी



**मुंबई।** सड़क सुरक्षा के उपायों और नियमों पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये हर साल सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इस साल मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने 11 से 17 जनवरी, 2023 तक हो रहे जागरूकता अभियान के लिये एण्डटीवी के साथ साझेदारी की है। एण्डटीवी की बेहद लोकप्रिय और चहेती भाबियाँ अंगूरी (शुभांगी अत्रे) और अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, आदि जैसे सड़क सुरक्षा के विभिन्न उपायों पर जोर देंगी। दोनों भाबियों ने अपनी ऑन-स्क्रीन शख्सियतों के मुताबिक अपने अनोखे अंदाज में मुंबईकरों से ट्रैफिक के नियमों का पालन करने का आग्रह करते हुए सार्वजनिक जागरूकता के इस अभियान की शुरूआत की है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा राष्ट्रीय मतदाता व गणतंत्र दिवस

**बोलीं डीएम**

### गणतंत्र दिवस मनाये जाने की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

**मीरजापुर।** तेरहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाये जाने के संबंध में की जाने वाली तैयारियों की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, स्कूलों के प्रधानाचार्यो व स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठककर तैयारियों की समीक्षा की गयी तथा उपरोक्त दोनों दिवसों को जनपद में भव्य रूप से मनाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। डीएम ने 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में कहा कि सभी विधानसभा में मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया जाय।

इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर तथा



बैठक को संबोधित करतीं डीएम

विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने आये मतदाताओं द्वारा शपथ दिलायी जाये। उन्होने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले में स्थित कालेजों, महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाय।

25 जनवरी, को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में नये मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाय। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाये जाने के तैयारियों के सम्बन्ध में डीएम ने कहा कि इस वर्ष भारत अपना 74वां गणतंत्र मनाने जा रहा हैं। सभी कार्यालयाध्यक्षों, शिक्षण संस्थाओं, स्वंय सेवी संगठनों, जनपद के बुद्धजीवी नागरिको के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करते हुये पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया जाय।

उन्होने बिनानी कालेज से कलेक्ट्रेट तक आयोजित होने वाले मैराथन दौड़ के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग तथा नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि सड़कों का समतलीकरण किया जाय तथा यातायात व्यवस्था के लिये क्षेत्राधिकारी यातायात को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुये अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि 26 जनवरी को पूर्वान्ह मन्दिरों, मस्जिदों, गुरूद्वारा, चर्च आदि धार्मिक स्थलों पर पूजा पाठ, धार्मिक गुरूओं के द्वारा किया जायेगा तथा बिनानी कालेज से कलेक्ट्रेट तक खेल विभाग द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन तदुपरान्त विजयी प्रतिभागियों को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। शहीद उद्यान पार्क में स्थापित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के मूर्तियों पर माल्यार्पण के पश्चात निर्धारित समयान्तर्गत सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों में ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी द्वारा ध्वजारोहण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में 26 जनवरी 2023 के सम्बन्ध में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी चुनार नीरज पटेल, मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ यादव, जिला पंचायज राज अधिकारी अरविन्द कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द्र सहित सभी जनपदीय अधिकारी व स्कूलों के प्रधानाचार्य, स्वंय सेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### उत्कृष्ट कार्य हेतु शिक्षिका हुई सम्मानित

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को सिटी क्लब के सभागार में शिक्षा के क्षेत्र में निपुण भारत मिशन, आपरेशन कायाकल्प, प्रेरक कार्य हेतु कम्पोजिट स्कूल रानीकर्णावती उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधुरिमा तिवारी को मंडलायुक्त मुथूकुमार स्वामी बी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी वीएस के द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

## 20 फरवरी को लखनऊ जायेंगे शिक्षामित्र

**मीरजापुर।** आम शिक्षक एंव शिक्षामित्र एसोशिएशन की एक आवश्यक बैठक जिला मुख्यालय बरियाघाट पर सम्पन्न हुई। बैठक में शिक्षामित्रों के समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए संघ जिलाध्यक्ष डा0 भारती ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय संगठन के निदेर्शानुसार यह निर्णय लिया गया है कि विगत 20 फरवरी, 2023 को शिक्षामित्र मान-सम्मान व स्वाभीमान बचाव की रैली लखनऊ के रमाबाई अम्बेडकर पार्क में आयोजन किया गया है। जिसमें सभी शिक्षामित्र भाई-बहनों से अपील है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के हेतु अधिक से अधिक संख्या पहुचें जिससे आपका मान-सम्मान सुरक्षित हो सके। बैठक में शिवशंकर, अनिल सिंह, रामबली यादव, संदीप सिंह दरोगा भारती, शिव, रामचन्दर, जगदीश, शिव पूजन, लल्लन, त्रिलोकी, मिश्रीलाल, रविशंकर, असलम, मानिक चन्द्र, विश्वनाथ, दिनेश, विनोद व रामदयाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### श्रीरामजानकी व श्रीराधाकृष्ण प्रतिमा स्थापना को लेकर निकली कलश यात्रा

**अदलहाट।** बैकंठपुर स्थित शिवमंदिर परिसर में नव निर्मित श्रीरामजानकी मंदिर व श्रीराधाकृष्ण मंदिर मे प्रतिमा स्थापना को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में कलश व ध्वजा लेकर चल रहे महिला पुरुष बच्चे जै श्रीराम का नारा लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्री रैपुरिया स्थित स्वामी विवेकानन्द गंगा घाट से अभिमंत्रित जल लेकर बैकुंठपुर स्थित शिव मंदिर परिसर के कार्यक्रम स्थल पर कलश यात्रा का समापन किया। यात्रा में एसडीपी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं नारा लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रियों को जगह जगह पेयजल की ब्यवस्था के साथ पुष्प वर्षा की गयी। इस दौरान संयोजक संजय जायसवाल, राजेश चौधरी, कन्हैयालाल सेठ, डा.दिलीप श्रीवास्तव, सुमित जायसवाल, जेई धर्मेन्द्र जायसवाल, शिव जायसवाल, कन्हैया लाल यादव, दिनेश चौरसिया, मुन्हे सरदार, लालता प्रसाद यादव, अरविंद जायसवाल, अशोक केशरी, दीपक प्रजापति आदि लोग साथ चल रहे थे।



### सास बहू सम्मेलन में स्वास्थ्य विभाग ने किया जागरूक

**कछवां।** क्षेत्र के बजहां गांव में स्वास्थ्य विभाग की ओर से उप स्वास्थ्य केन्द्र पर सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र पर गांव की महिलाओं के अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से एनम शालिनी एवं शशिकला तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी विकास उपस्थित रहे। उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव की महिलाओं को एक स्वास्थ्य संदेश देते हुए बताया कि घर की लड़कियों की शादी के विषय में 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विचार करना चाहिए। क्योकि 18 वर्ष बाद ही लड़कियां गर्भ धारण योग्य होती हैं। घर के बहुओं को चाहिए कि प्रत्येक दशा में एक बच्चे के पैदा होने के बाद दुसरा बच्चा कम से कम तीन वर्ष बाद पैदा हो। इस अवसर पर उपस्वास्थ्य केंद्र पर आशा बहुएं जैसे प्रेमकिला, अंजू, अनीता राय, नीता, बबिता, लालदेइ भी उपस्थित रहीं।

### 35 दिव्यांगों का चिकित्सकों ने किया परीक्षण

**हलिया।** ब्लाक मुख्यालय परिसर में मंगलवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कैंप लगाकर दिव्यांगों का चिकित्सकों द्वारा परीक्षण करवाने के बाद उपकरण एवं सहायक अंगों के लिए आवेदन फार्म भरवाया गया। मंडलीय चिकित्सालय से आए नेत्र सर्जन डा0 राम विनय सिंह, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डा0 एल एस मिश्र, हड्डी रोग विशेषज्ञ अमित श्रीवास्तव ने 35 दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से आए अनुराग मिश्र व कृष्ण कुमार पाण्डेय ने सहायक अंगों व उपकरण हेतु आवेदन पत्र भरवाया। कैंप में 22 दिव्यांगों ने दिव्यांग पेंशन हेतु आवेदन किया। इस संबंध में एडीओ समाज कल्याण रणजीत ने बताया कि उपकरण तथा सहायक अंगों के लिए आवेदन करने वाले दिव्यांगों को जल्द ही दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा उपकरण आदि उपलब्ध कराया जायेगा।

### ग्राम प्रधान शिव बाबू को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मानित

**हलिया।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर हलिया ग्राम पंचायत प्रधान संघ अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान हलिया शिव बाबू सेठ के उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सिटी क्लब में विधायक रत्नाकर मिश्र, रामाशंकर सिंह, एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, मंडलायुक्त जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी बीएस, स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत निर्माण कार्य में उत्कृष्ट कार्य एवं प्रेरक योगदान के लिए उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित किए जाने पर हलिया विकासखंड के ग्राम प्रधानों ने प्रधान संघ अध्यक्ष के आवास पर शिव बाबू सेठ को बधाई दी है।

# 20 वर्ष पहले बनी थी नाली व खड़ंजा

**चील्ह।** विकास खंड कोन ब्लॉक मुख्यालय पर मंगलवार को चील्ह गाँव के ग्रामीणों द्वारा नाली खडन्जा निर्माण के लिए प्रदर्शन किया गया। जानकारी के अनुसार चील्ह गांव के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बस्ती में आधा अधूरा नाली खड़ंजा का निर्माण कराया गया है जो विगत दो दशक हो गया। वर्तमान समय में नाली व खड़ंजा पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके कारण निषाद बस्ती में ग्रामीणों को आने जाने का मार्ग व जल निकासी का साधन बंद हो गया है। नाली निर्माण ना होने के कारण बरसात एवं घरों का गंदा पानी पूरे गांव में फैला हुआ है। कीचड़ युक्त मार्ग हो गया है। जिससे आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बस्ती के लोगों द्वारा ग्राम प्रधान व अन्य अधिकारियों को कई बार लिखित व मौखिक नाली खड़ंजा बनाने का



प्रदर्शन करते ग्रामीण

अनुरोध किया गया लेकिन समस्या जस का तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने अविलंब नाली निर्माण व जल निकासी का प्रबंध करने के लिए खंड विकास कार्यालय में पत्रक सौंप कर ब्लॉक मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से सुलेमा, गुड्डी, मुन्नी, प्रीति निषाद, सरिता निषाद, अंकिता निषाद, अमरावती, सविता, माला, संगीता, राम प्रसाद चौधरी, कविता, निशा सहित भारी संख्या में महिला व पुरुष एकत्रित रहे।

## बसंत पंचमी पर नगर में निकाली जाएगी विशाल प्रभात फेरी

**कछवां।** क्षेत्र में आगामी गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा को लेकर चारों ओर धूम मची हुई है। विद्या की देवी माता सरस्वती के पूजन अर्चन हेतु सामग्री और सजावट के सामान की खरीदारी के लिए भी सभी दुकानें सज गई हैं। वहीं गणतंत्र दिवस के लिए राष्ट्रीय झंडा और अन्य सामग्री की बिक्री भी जमकर हो रही है। इसी क्रम में क्षेत्र में स्थित श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी व गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी, संगोष्ठी, ध्वजारोहण व विशाल सहभोज समेत तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रबंधक हर्रिमोहन सिंह उर्फ टप्पू बाबू ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के अवसर पर गुरुवार को सुबह सात बजे से नगर प्रभात फेरी का कार्यक्रम विद्यालय परिसर से शुरू होकर पूरा कछवां नगर भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय परिसर में ही समापन किया जाएगा।

# 50 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ताओं को मिले पेंशन

**मांग**

### नायब तहसीलदार को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**लालगंज।** बार कौसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा प्रेषित पत्र के आधार पर विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के सचिव राजेंद्र प्रसाद मौर्या के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र द्वारा नायब तहसीलदार राम नारायण वर्मा को 6 सूत्रीय पत्रक सौंपा गया। नायब तहसीलदार ने पत्रक लेते हुए जिला अधिकारी के यहां प्रेषित करने का आश्वासन दिया।

विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के सचिव राजेंद्र प्रसाद मौर्य के साथ दर्जनों अधिवक्ताओं के नेतृत्व में मंगलवार को नायब तहसील दार राम नारायण वर्मा को पत्रक सौंपते हुए पत्र में उल्लेख



तहसीलदार को ज्ञापन देते अधिवक्ता

किया गया है कि प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए 5 लाख तक मुआवजा दिया जाए और आयुष्मान योजना से जोड़ा जाए। उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता कल्याण निधि एवं अधिवक्ताओं के लंबित दावों का यथाशीघ्र कराया जाए। जिले में सभी अधिवक्ताओं के चेंबर का निर्माण कराया जाए। अधिवक्ता की मृत्यु पर एक समान धनराशि दिया जाए। 50 वर्ष से अधिक आयु के सभी अधिवक्ताओं को पेंशन योजना लागू की जाए। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। पत्रक लेते हुए नायब तहसीलदार राम नारायण वर्मा ने पत्रक जिलाधिकारी के यहां भेजने का आश्वासन दिया।

# बालिकाएं होंगी समृद्ध, तो देश का बढ़ेगा गौरव

**राष्ट्रीय बालिका दिवस**

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं ने साझा किए अपने विचार


आयुषी गुप्ता


प्रतिज्ञा साहू


वेदिका गुप्ता


फलक केसरी

**मुंगराबादशाहपुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस का मुख्य उद्देश्य एक बालिका के अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। लड़कियों को समाज में बराबरी का अवसर देना है इसके साथ ही देश की बालिकाओं का समर्थन करना और लिंग आधारित पूर्वाग्रहों को दूर करना है।

सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बालिका समृद्धि योजना, सीबीएसई उड़ान स्कीम, धनलक्ष्मी योजना सहित कई योजनाएं संचालित है। कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर रोक, बालिकाओं की शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार, उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला होगा। आज भी कई स्थानों पर लड़के और लड़की में भेदभाव और अन्याय के मामले कम नहीं हुए है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता जरूरी है साथ ही लड़कियों को समान अवसर और उनका आत्मनिर्भर होना भी आवश्यक है। जब एक लड़की सामाजिक आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगी तो परिवर्तन स्वतः नजर आएंगे। आज के लिए ये संकल्प लेने का दिन है कि हम न तो अपने घर में लड़कियों के साथ किसी तरह का भेदभाव करेंगे, न ही अपने आसपास किसी को ऐसा करने देंगे। उक्त संबंध में क्षेत्र में पढ़ने लिखने वाली बालिकाओं ने अपने विचारों को व्यक्त किया।

कक्षा 10 की बालिका आयुषी गुप्ता ने बालक और बालिका के बिगड़े लिंगानुपात पर चिंता जताई और कहा इसे अनुपात को समान लाने पर बल दिया जाए। कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए आगे आएं अगर कोई अल्ट्रासाउंड सेंटर लिंग बताने का जुर्म चोरी छुपे कर रहा हो तो इसकी सूचना दें। सिटी पब्लिक स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा प्रतिज्ञा साहू ने कहाकि बालिकाओं के खिलाफ हिंसा न केवल उनके जीवन और स्वास्थ्य को, बल्कि उनके भावात्मक कल्याण और भविष्य को भी खतरे में डालती है। भारत में बालिका के खिलाफ हिंसा अत्यधिक है और लाखों बालिकाओं के लिए या कठोर वास्तविकता है। कक्षा 11 की छात्रा वेदिका गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में जिस तरीके से बालिकाओं के साथ अपराध हो रहे हैं, इसके लिए प्रदेश व जिले के हर सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों तथा अन्य संस्थाओं में अन्य एक्टिविटी के साथ एक क्लास बालिकाओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी जाए जिससे संकट के समय बालिका आत्मरक्षा स्वयं कर सके। उन्हें जूडो कराटे सहित अन्य सुरक्षा संबंधित ट्रेनिंग दी जाए। इससे बालिकाओं को आत्मसम्मान व सुरक्षा में मील का पत्थर साबित होगा। कक्षा 10 की छात्रा पलक केसरी ने कहा कि आज के जमाने में जहां शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए हर दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं किसी ना किसी कारण से बालिकाओं को शिक्षा से वंचित रहने की घटनाएं भी सामने आती हैं। अशिक्षा के कारण ऐसे बच्चों का मानसिक विकास नहीं हो पाता इसलिए उन्हें उचित और अनुचित का निर्णय लेने की क्षमता नहीं होती। अशिक्षित बालिका में आत्मविश्वास की कमी होती है इसलिए उन्हें अधिकतर दूसरों की सलाह से काम करना पड़ता है अतः उन्हें धोखेबाजी का शिकार होना पड़ता है।

# न्यायाधिकारी ने खुटहन थानेदार को लगाई फटकार

**शाहगंज।** ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने मारपीट के मामले में अभियुक्त को गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी गिरफ्तार नहीं किए जाने के लिए खुटहन थानाध्यक्ष किशोर कुमार चौबे को फटकार लगाई है। न्यायालय ने पूछा है कि कोई अपराधी अगर थाने की सीमा से बाहर चला जाए तो क्या पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं करेगी। अदालत ने 30 जनवरी तक अपने जवाब के साथ थानाध्यक्ष को उपस्थित रहने का आदेश दिया है।

मारपीट के एक मुकदमे में अभियुक्त बनुआडीह गांव निवासी मोनू सिंह पुत्र दत्ता सिंह के खिलाफ शाहगंज ग्राम न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। इस पर थानाध्यक्ष ने ग्राम न्यायालय को दी गई आख्या में बताया कि अभियुक्त घर पर नही है। इस पर अदालत ने कहा कि ऐसा लग रहा कि थानाध्यक्ष अपने कर्तव्यों के प्रति सजग नहीं हैं और जिम्मेदारी से बचना चाहते हैं। अदालत ने खुटहन थानाध्यक्ष किशोर कुमार चौबे को नोटिस जारी करते हुए पूछा कि अगर हत्या के मामले का कोई अभियुक्त भागकर दिल्ली या थाना क्षेत्र की सीमा से बाहर चला गया हो तो क्या उसे गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। न्यायाधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने कड़े शब्दों में कहा कि थानाध्यक्ष ने न्यायालय को गुमराह किया है। अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं किया। न्यायाधिकारी ने पूछा कि इसके चलते थानाध्यक्ष पर कार्रवाई क्यों न की जाए।

# पीयू के एम्बेसडरों ने जी 20 में किया प्रतिभाग



**जौनपुर।** लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को आयोजित जी-20 कान्क्लेव में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की तरफ से नोडल अधिकारी डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय और मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार ने एम्बेसडर के रूप में प्रतिभाग किया। यह कान्क्लेव उत्तर प्रदेश सरकार और लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित किया गया है।

संगोष्ठी में कहा गया कि भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। इससे यह साबित होता है कि दुनिया में भारत आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से ताकतवर हुआ है। इसे जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। जी-20 का उद्देश्य एक भारत श्रेष्ठ भारत है। आनेवाले अतिथियों को हम अपने अच्छे होने का परिचय दें। इसके लिए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर और अपने से संबंधित महाविद्यालयों में कार्यक्रम कराकर शिक्षकों और विद्यार्थियों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुधीर बोबड़े, विशेष सचिव अखिलेश मिश्र, डॉ स्वास्ति राव, संजय मेथावी समेत उप्र के विश्वविद्यालयों के एम्बेसडरों ने प्रतिभाग किया।

# लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर मनाया गया उप्र स्थापना दिवस

## अधिशासी अधिकारी ने तीन दर्जन लाभार्थियों को दिया प्रमाण पत्र


लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते ईओ

**खेतासराय।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में नगर पंचायत कार्यालय पर मंगलवार की सुबह अधिशाषी अधिकारी डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा इसके पात्र लाभार्थियों तक ज्यादा से ज्यादा पहुँचाने का जोर दिया गया। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में तीन दर्जन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना व पीएम निधि के तहत लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही साथ जन सरोकार से जुड़ी महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से कविता श्रीवास्तव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, अजय सिंह, राहुल मथुरिया, दिनेश, रमेश, जावेद आदि लोग उपस्थित रहे।

# पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा उत्सव : डीएम

**उत्तर प्रदेश दिवस**

## स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन, संचालित योजनाओं की दी गयी जानकारी



**जौनपुर।** जनपद में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन मा. काशीराम सामुदायिक भवन में किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग, पंचायत विभाग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, सेवायोजन कार्यालय, एनआरएलएम, दुग्ध विभाग, सहित अन्य विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाकर लगाकर अपने-अपने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव मनाया जा रहा है, उ.प्र. का देश की आजादी एवं गौरवशाली ऐतिहासिक एव धार्मिक पृष्टभूमि, सांस्कृतिक धरोहर आदि में विशेष स्थान है। जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं के सम्बधित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं विभाग की योजनाओ की जानकारी एवं लाभ दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि लोगो को अपने विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को लाभान्वित किया जाये। उन्होने कहा कि छात्राओं को प्रोत्साहन धनराशि इसलिए दी जा रही है कि इन छात्राओं को देखकर जनपद की अन्य बच्चियां भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगी। राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत लिंग असमानता को समाप्त करने एवं बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन के उद्देश्य से जनपद में 2022 में यूपी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की चार-चार छात्राओं व सी.बी.एस.ई बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 3-3 छात्राओं एवं आई.सी.आई.सी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 3-3 छात्राओं को जनपद में सर्वोच्च रैंकिंग लाने पर 5000 की प्रोत्साहन राशि एवं सम्मान पत्र देकर मुख्य विकास अधिकारी साई सीलम तेजा ने सम्मानित किया। आर.टी.जी.एस के माध्यम से उनके खाते में पांच 5000 की धनराशि जिला प्रशासन द्वारा प्रेषित की गई साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा अपने काउंटर से कार्यक्रम में आए हुए समस्त प्रतिभागियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत तैयार कराया गया कैलेंडर वितरित किया गया। इस अवसर जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बीडीसी के लिए एक ने भरा पर्चा

**सुइथाकला।** क्षेत्र के डीह असरफाबाद ग्राम पंचायत से वार्ड नंबर 34 के लिए खाली पड़े क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर मंगलवार को एक पर्चा भरा गया। बता दें कि सोमवार को उक्त पंचायत से उम्मीदवार के रूप में अंजुम बानो पत्नी अब्दुल हफीज ने एक सेट में पर्चा खरीदा था जिसे मंगलवार को भरा गया। सूत्रों की मानें तो यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो अंजुम बानो का निर्विरोध चुना जाना तय है।

## संक्षेप

### अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में युवक ने एक नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी आफताब पुत्र इम्तियाज ने रविवार को बगल के गांव से एक किशोरी का अपहरण कर लिया। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित युवक को किशोरी के साथ भागने की फिराक में था जिसे नगर के रेलवे क्रासिंग के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया।

### नाबालिग से छेड़खानी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में 16 जनवरी की शाम करीब सात बजे एक नाबालिक लड़की (14) खेत की तरफ जा रही थी तभी गांव का ही जय प्रकाश पाल उर्फ पंडित पाल रास्ता रोककर उसका हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगा और मना करने पर गाली-गलौज करने लगा। सोमवार को नाबालिक लड़की की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी, गाली-गलौज व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी थी। मंगलवार की दोपहर मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक अंजनी सिंह ने का. आशीष यादव के साथ अभियुक्त जय प्रकाश पाल उर्फ पंडित पाल को नहर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन


उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया को ज्ञापन सौंपने जाते अधिवक्ता

**मछलीशहर।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने हाथ में काली पट्टी बांधकर शासन की अहितकर नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने तहसील में नारेबाजी करते हुये जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री को संदर्भित ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया को सौंपा। अधिवक्ताओं की मांग थी कि यदि ज्ञापन देने के बाद भी अधिवक्तागण की रक्षा व कल्याणकारी कार्य हेतु शासन द्वारा कोई हितकारी कदम नहीं उठाया गया तो विरोध स्वरुप चार चरणों में 24 व 30 जनवरी एवं 7 व 15 फरवरी को हड़ताल व धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, महामंत्री बनवारी राम मौर्य, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा, जगदंबा प्रसाद मिश्र, आरपी सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, सरजू प्रसाद विन्द, सुरेन्द्र मणि शुक्ला, अजय कुमार सिंह, कमलेश कुमार, रमेश चंद्र यादव, जय शंकर यादव सहित भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

### नीलगाय से टकराकर राजस्व निरीक्षक की मौत

**बदलापुर।** स्थानीय तहसील परिसर में स्थित आरके दफ्तर में सम्बंध राजस्व निरीक्षक बाबुल अली की बाइक एक नीलगाय से टकरा गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से बक्शा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। खबर लगते ही तहसील अधिकारी तथा कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मंगलवार को तहसील सभागार में तहसीलदार राकेश कुमार और उपजिलाधिकारी रिषभ पुंडीर की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर मृतक आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। बताते चलें कि सोमवार की शाम बदलापुर तहसील से अपने घर बक्शा थाना क्षेत्र में वापस जा रहे राजस्व निरीक्षक बाबुल अली के चलती बाइक से नीलगाय की टक्कर हो गयी। वह बाइक लेकर मार्ग पर गिर पड़े और अस्पताल पहुंचते उनकी मृत्यु हो गई।

# पढ़ाई व खेलकूद के सही तालमेल से ही मिलेगी मंजिल : धनंजय

**वार्षिक खेलकूद**

## खेलकूद प्रतियोगिता में माउंट लिट्रा जी स्कूल ओवरआल चैंपियन

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



विजेता खिलाड़ियों के साथ पूर्व सांसद धनंजय सिंह

**सिंकरारा।** फतेहगंज स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल पर आयोजित चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शानदार ढंग से समाप्त हुआ। खोखो, कबड्डी, दौड़ सहित तमाम खेलों में मेजबान माउंट लिट्रा जी स्कूल के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराते हुए ओवरआल चैंपियन हुई तो डा. रिजवी लर्नर्स स्कूल दूसरे स्थान पर रही। स्कूल के ग्रीन हाउस की टीम ने बाजी मारी। खोखो प्रीतियोगिता के बालक व बालिकाओं के फाइनल मुकाबला माउंट लिट्रा जी स्कूल ने जीतकर ट्राफी अपने नाम किया। जबकि बालीबाल व क्रिकेट प्रतियोगिता में डा. लर्नर्स रिजवी स्कूल के खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबला जीतकर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। मेजबान स्कूल के अनूप राज सिंह ने दो सौ मीटर दौड़, चार सौ मीटर दौड़ में आदर्श पांडेय, दीक्षा सिंह ने सबको पीछे छोड़ा।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करने के साथ विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी, मेडल व प्रमाण पत्र वितरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पढ़ाई और खेलकूद में सही तालमेल से ही मंजिल मिलेगी। खेल के समय खेलकूद और पढ़ाई के समय सिर्फ पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसा खेल खेलना चाहिए जिससे शारिरिक श्रम हो। शरीर स्वस्थ होगा तो पढ़ाई में भी मन लगेगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। भविष्य की नींव ऐसे ही शिक्षा मंदिरों में पड़ती है। स्कूल के डायरेक्टर अरविंद सिंह व विख्यात सिंह, प्रधानाचार्य शिखा शर्मा व नूपुर सिंह ने चार दिन से चल रहे प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। वक्ताओं में मुख्य रूप से ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, जिलाध्यक्ष डा. अरुण सिंह, प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश सिंह, डा. रूबी सिंह, धीरू सिंह, विनय सिंह, सर्वेश सिंह, टाईगर सिंह, रोहित सिंह, श्याम सिंह, बृजेश सिंह, राजीव सिंह आदि प्रमुख रहे। निर्णायकों में शिवसन्त सिंह व अखिलेश निषाद रहे। संचालन दिनेश सिंह, अबुजर हसन व मौलश्री ने संयुक्त रूप से किया।

# राम सहारे मौर्य ने संभाली जिलाध्यक्ष की कमान

## समाचार पत्र विक्रेता संघ की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन


नवनिर्वाचित अध्यक्ष राम सहारे मौर्य

**जौनपुर।** समाचार पत्र विक्रेता संघ की एक समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष रामप्यारे प्रजापति की अध्यक्षता में संघ भवन धरनीधरपुर मीरपुर में रविवार को संपन्न हुई।

बैठक में सभी समाचार पत्र विक्रेताओं ने संपन्न हुए वार्षिक समारोह की समीक्षा किया तथा आगे की कार्यकारिणी के लिए विचार विमर्श करते हुए सभी समाचार पत्र विक्रेताओं ने सर्वसम्मति से राम सहारे मौर्य को 10 वर्ष बाद फिर एक बार जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी और यह आशा की कि नई कार्यकारिणी सुचारू रूप से कार्य करेगी और समाचार पत्र विक्रेताओं के हित का ध्यान रखेगी।

इस अवसर पर भरत लाल मौर्य, कुलदीप साहू, राजेश कुमार मौर्य, मोहम्मद रफी, विनोद शर्मा, पवन साहू, नरेंद्र कुमार मौर्य, सुनील मौर्य, पंकज मौर्य, मंगरू राम मौर्य, रमेशचंद्र मौर्य, बबलू मौर्य, सूरज मौर्य, तरुण कुमार मौर्य, सर्वेश मौर्य, नीरज मौर्य, अवधेश मौर्य, लालचंद मौर्य, विजय शर्मा, रामस्वरूप मौर्या आदि मौजूद रहे।

# आने वाला कल कांग्रेस का है : बृजेंद्र मिश्रा

**बैठक**

## हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित


कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते प्रदेश सचिव

**जौनपुर।** जिला/शहर कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव जिला प्रभारी बृजेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहाकि भारत जोड़ो यात्रा में जिस तरीके से पूरा देश हमारे नेता राहुल गाँधी के साथ बीजेपी सरकार के खिलाफ उठ खड़ा हुआ है निश्चित तौर पर आने वाला कल कांग्रेस का है। भारत जोड़ो यात्रा अभियान को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर पूरे देश में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 26 जनवरी से शुरू किया जा रहा, जिसका उद्देश्य राहुल के विचारों को और बीजेपी की जन विरोधी नीतियों को हर घर हर दरवाजे पर पहुंचना है। उन्होंने जिला, शहर और सभी फ्रंटलो को ये निर्देशित किया कि जौनपुर में ये अभियान हर घर हर बूथ तक पहुंचे। नगर पालिका एवं नगर पंचायत के चुनाव में आवेदन किये सभी आवेदकों को कहाकि इस अभियान में उनके कार्यों की समीक्षा प्रदेश मुख्यालय द्वारा की जाएगी और उस आधार पर टिकट वितरण मे प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि जनता देश और प्रदेश की बीजेपी सरकार की नीतियों से त्रस्त है और कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने एवं संचालन शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने किया। कार्यक्रम के अंत में बिहार के मुख्यमंत्री रहे जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उनको पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र त्रिपाठी और कृषि वैज्ञानिक प्रो. कीर्ति सिंह के असामायिक निधन पर 2 मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर तिलकधारी निषाद, राकेश उपाध्याय, देवराज पाण्डेय, मुफ़्ती मेहंदी, इश्तियाक अहमद, सीमा चौहान, रेखा सिंह, राकेश मिश्रा, नीरज राय, राम सिंह बाकूंरे, सन्दीप निषाद, रमेश पाल, अजय सोनकर, अमित मिश्रा, अमन सिन्हा, अली हैदर, आजम जैदी आदि लोग उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर प्रशंसा पत्र व पदक से नवाजे जाएंगे जेल अधीक्षक


जेल अधीक्षक एसके पाण्डेय

**जौनपुर।** गणतन्त्र दिवस के अवसर पर अपने सराहनीय सेवाओं के लिए जेल अधीक्षक को महानिदेशक कारागार प्रशंसा-पत्र व पदक से सम्मानित करेगें। प्रदेश के मात्र चार जेल अधीक्षकों को इनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सराहते हुए प्रशंसा-पत्र व पदक से नवाजा जा रहा है। जौनपुर के जेल अधीक्षक एसके पाण्डेय भी इनमें से एक हैं। जिला कारागार प्रदेश की अति संवेदनशील कारागार है। जेल अधीक्षक श्री पाण्डेय ने अथक परिश्रम एवं मनोयोग से बन्दियों का मानसिक, नैतिक आध्यात्मिक विकास किया है। उच्च गुणवत्ता के मानक के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराते हुए उन्हें ध्यान, योग, प्राणायाम व क्रीड़ा हेतु सदैव प्रोत्साहित किया है।

# सभी को सहकारिता के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत : मुरली पाल

**समारोह**

## 45वें स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन



**जौनपुर।** सहकार भारती जौनपुर के तत्वाधान में रविवार को 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का कार्यक्रम जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुरली पाल प्रांत कार्यवाह काशी प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण कुमार सिंह प्रदेश संगठन प्रमुख सहकार भारती उत्तर प्रदेश एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा सहकार भारती के संस्थापक श्रद्धेय लक्ष्मण राव इनामदार व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि श्री पाल ने कहा कि समाज के सभी लोगों को सहकारिता के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है। जो कार्य आज सहकार भारती कर रही है, वह काफी महत्वपूर्ण है। हमें सभी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए सहकारिता को संस्कार आधारित करना ही होगा। पारिवारिक भावना का विस्तार करते हुए पूरा समाज अपना परिवार है, इस भावना से कार्य करना होगा यही सहकारिता है। हमें सहकारी शब्द को पुनः स्थापित करना है इस संकल्प को लेकर चलना होगा। सहकार का कार्य समर्पण भाव से करना है। निरंतर करना है, इस भाव से चलते रहना है। कार्य की पहचान बनानी है। सहकारिता का कार्य अकेले नहीं हो सकता, इस कार्य को मिलजुल कर परस्पर सहयोग से करना है। सहकार भारती की यह विशेषता है कि हम कार्य को अकेले नहीं समूह में करते हैं और समूह तभी स्वस्थ होता है जब उसमें परस्पर विश्वास होता है।

विशिष्ट अतिथि डा. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सहकारिता अपने उद्देश्य से भटक रही है, सहकारी संस्थाओं में गिरावट आ रही है जिसके कारण लक्ष्य की परती सम्भव नहीं हो सकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए सहकारी क्षेत्र मे शुद्धि, बुद्धि और स्मृद्धि लाने के लिये स्वर्गीय लक्ष्मण राव ईनामदार ने सहकार भारती की स्थापना 11 जनवरी 1979 को की। कार्यक्रम मे स्वागत उद्बोधन जिला संगठन प्रमुख विवेक सिंह ने किया।

जनपद के सहकारिता क्षेत्र के मर्मज्ञ राम समुझ जो कई बार जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन रहे। उन्होंने भी कार्यक्रम में अपने संबोधन में सहकारी समितियों में वर्तमान में आई गिरावट की ओर इंगित करते हुए आवाहन किया की सहकारिता आम जन की सहभागिता से संचालित होनी चाहिए इसमें राजनैतिक और प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। सुभाष सिंह प्रधानाचार्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सुरेन्द्र जायसवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनन्त कुमार मिश्र, विश्वनाथ दूबे, डा. सत्यदेव सिंह, प्रीति गुप्ता अन्त में राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई।

# सारथी वाहन को चिकित्साधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जागरूकता

### परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करेगा सारथी वाहन

जनसंदेश न्यूज



सारथी वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते चिकित्साधिकारी

**खेतासराय।** परिवार नियोजन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पर मंगलवार की सुबह प्रभारी चिकित्सा प्रभारी के निर्देशन में चिकित्साधिकारी डॉक्टर मसूद खान ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जो चार दिन तक क्षेत्र में परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करेगा।

जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रमेश चंद्रा के निर्देशन में देश मे तेजी से बढ़ रही जनसंख्या को नियंत्रित व लोगों को जागरूक कर परिवार नियोजन के लिये सारथी वाहन को चिकित्साधिकारी डॉक्टर मसूद अहमद खान व डॉक्टर सुधाकर चौहान ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान श्री खान ने बताया कि सारथी वाहन लगातार चार दिनों तक क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करेगा ताकि परिवार नियोजन हो सके। वहीं डॉक्टर श्री चौहान ने बताया कि दो बच्चों का लक्ष्य महान, लड़का-लड़की एक समान, छोटा परिवार सुखी परिवार के थीम को साकार करने के लिये शासन द्वारा सारथी वाहन भ्रमण कर लोगों को जानकारी देगा।

साथ ही साथ परिवार नियोजन के लिए अन्य साधन जैसे कंडोम माला डी, अंतरा इंजेक्शन, पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी की भी जानकारी दी जाएगी। इस दौरान मुख्य रूप से शिक्षा स्वास्थ्य अधिकारी अजय सिंह, डा. हीरालाल, बीपीएम सुजीत कुमार मौर्य, प्रशिक्षण अधिकारी राहुल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता लोकतंत्र के सजग प्रहरी : तूफानी सरोज

आयोजन

### बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जनसंदेश न्यूज



शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते विधायक

**केराकत।** अधिवक्ता लोकतंत्र के एक सजग प्रहरी है। देश के लोकतंत्र व संविधान को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने हमेशा संघर्ष किया है। सोमवार को तहसील बार के सभागार में आयोजित बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक तूफानी सरोज ने उक्त बातें कही।

उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों से अधिवक्ता जैसे देश के सबसे बुद्धिजीवी मानने वाले से रूबरू कराते हुए उसकी गरिमा को बनाए रखते हुए संविधान के अनुसार सबको न्याय सुलभ कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहाकि कुछ ताकतें पिछले कुछ सालों से लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने की साजिश कर रही है। अधिवक्ता संघ ही उन जड़ो को मजबूती प्रदान करने का साहस दिखाती है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सिविल कोर्ट बार के अध्यक्ष एवं कलेक्ट्रेड बार के अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने अधिवक्ताओं को उनके पद की गरिमा को समझाकर समाज के लिए आगे आने की नसीहत दी। तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी ने अधिवक्ताओं के हितों के लिए समर्पित रहने की बात कही। विधायक ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव व महामंत्री उदयराज कन्नौजिया सहित अन्य नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर नमःनाथ शर्मा, शारदा प्रसाद यादव, दिनेश शुक्ला, हिरेन्द्र यादव, अनिल सोनकर, गांगुली आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद व संचालन महेन्द्र शंकर पाण्डेय ने किया।


## संक्षेप

### भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री बने शैलेंद्र



**जौनपुर।** शिक्षक नेता शैलेंद्र यादव को भारतीय किसान संगठन का राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया। भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने लखनऊ कार्यालय में एक बैठक कर पदाधिकारियों से विचार विमर्श करते हुए सबकी सहमति से मनोनयन किया। शैलेंद्र यादव विकासखंड महाराजगंज के ग्राम रमदेईया पोस्ट कोल्हुआ के निवासी हैं और शिक्षा सेवा में भी जुडे है। इस मनोनयन पर शैलेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसकी पूरी तन्मयता कर्तव्य निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा और किसानों व मजदूरों समस्याओं का निदान करते हुए उनके हक की लड़ाई ईमानदारी और निष्ठा से लड़ी जाएगी। शैलेंद्र यादव के मनोनयन पर किसान नेताओ ने उनसे मिलकर बधाई दिया।

### धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस



**जौनपुर।** सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी द्वारा विविध कार्यक्रम कम्पोजिट विद्यालय आदमपुर बरसठी पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक सुबाष सरोज ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन लड़कियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है ताकि लड़कियां समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बराबर की सहभागिता कर सकें। किसी भी तरह की लैंगिक असमानता व भेदभाव न हो सके। समाज के विकास में बालिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है जो परिवार समाज और देश को स्वस्थ रखने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेश प्रजापति ने कहा कि हमारा समाज बालिकाओं को लेकर पूर्णरूपेण सचेष्ट और जागरूक रहे यही उद्देश्य है इस कार्यक्रम का। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, बालिका शिक्षा, बालिका लिंगानुपात, बाल विवाह और उसके कानूनी अधिकार, बालिकाओं की देखभाल चिकित्सा और सम्मान, कन्या भ्रूण हत्या पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। विविध प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार पाने वाली छात्रा रिया यादव व साक्षी यादव को मुख्य मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद यादव ने किया। प्रधानध्यापक प्रमोद कुमार प्रजापति ने कहा कि बालिका के बगैर स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। बालिका का विकास देश और राष्ट्र का विकास है। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से संदीप सिंह, मनोज राय, राम सजीवन यादव, त्रिभुवन राम, संजय यादव, कंचन, नीलम, शालिनी इत्यादि ने अपने विचार रखे। पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मास्टर ट्रेनर बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान संजय उपाध्याय ने बताया कि बालिका जागरूकता अभियान संस्था द्वारा शत प्रतिशत चलाया जाएगा।

### विधायक ने मृतक के घर पहुंच व्यक्त की शोक संवेदना

**जफराबाद ।** थाना क्षेत्र के फरीदपुर निवासी अमिताभ मिश्रा की कुछ दिन पहले गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। केराकत विधायक तुफानी सरोज ने मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहाकि आपकी हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ प्रशासन से कड़ी कार्रवाई करवाने में आपकी पूरी मदद की जाएगी। इसके बाद नाथुपुर निवासी अनिल सिंह की मौत होने पर उनके परिजनों से मिलकर उन्हें भी सांत्वना देते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर सपा के वरिष्ठ नेता इंदू सिंह पम पम, सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डाक्टर सरफराज खान, सपा यूथ बिग्रेड के जिला अध्यक्ष रजनीश मिश्रा, राजेंद्र यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### किशोरी ने खाया विषाक्त पदार्थ

**शाहगंज।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत डेहरी गांव में परिजनों की डांट से झुब्ध किशोरी ने घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इलाज हेतु निजी नर्सिंग होम भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि सरपतहां थाना क्षेत्र के कटका डेहरी गांव निवासी 15 वर्षीय प्रिंसी पुत्री हरिश्चंद्र ने मंगलवार को परिजनों की डांट से झुब्ध होकर घर में रखे विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर हालत गंभीर देख परिजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### जिला कारगार में बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण

**ज्ञानपुर।** जिला कारागार ज्ञानपुर में बंदियों को स्वस्थ्य रखने व संक्रामक बीमारियों के रोकथाम हेतु सुभिक्षा प्लस कार्यक्रम व जिला अस्पताल के सहयोग से एचआईवी, टीवी जाँच का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 45 बन्दियों की जाँच की गयी। जांच में सभी बन्दी निगेटिव पाये गये। उक्त कार्यक्रम में सुभिक्षा प्लस कार्यक्रम के संजीत पाण्डेय व जिला अस्पताल से परामर्शदाता फैजुल असरफ मौजूद रहें।

# खेल शारीरिक व मानसिक दोनों रूपों से स्वस्थ रखता है : डॉ. अब्दुल कादिर

प्रतियोगिता

### वुशू प्रतियोगिता में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज का रहा दबदबा

### प्रतियोगिता में 9 स्वर्ण पदक, 2 कांस्य, 1 रजत पदक हासिल



**जौनपुर।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजन श्री महंत राम आसरे दास पीजी कॉलेज भुखूरा गाजीपुर में हुआ। वुशू महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों की 11 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज का दबदबा रहा। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज को नौ स्वर्ण पदक, दो कांस्य पदक, एक रजत पदक प्राप्त हुए। प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

इस प्रतियोगिता में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सिकन्दर यादव ने 48 किलो भार उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किए एवं पुरुष वर्ग में शान्डा प्रतियोगिता में अवनीश कुमार, मनोज, अरविंद, सुशील ने प्रतिभाग कर के पदक हासिल किए एवं महिला वर्ग में शान्डा प्रतियोगिता में कौशल्या, किरन, अर्पिता यादव, अंजली ने पदक प्राप्त किए वहीं पाऊलू तावडू में मीका सिंह और खुशबू ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। खुशी जाहिर करते हुए प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है। खेल हमेशा हमें शारीरिक एवं मानसिक दोनों रूपों से स्वस्थ रखता है और हमें एक जीवन में एक नए आयाम की तरफ ले जाने में अग्रसर होता है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहाकि जिले के साथ-साथ कॉलेज का भी नाम रौशन किया है। कालेज खेल कोच मोहम्मद शफीक उर्फ किरमानी ने यह सूचना अवगत करायी। इस सूचना के प्राप्त होते ही महाविद्यालय में खुशी देखी गई।

### पूर्व कुलपति के निधन पर अधिवक्ताओं ने की शोकसभा

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ प्रांगण में जनपद के गौरव स्व. डॉक्टर कीर्ति सिंह पूर्व वाइस चांसलर के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल देव सिंह की अध्यक्षता में हुई। शोक सभा में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र श्रीवास्तव, महेंद्र प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह, जगत नारायण तिवारी आदि वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उपस्थित सभी सम्मानित अधिवक्ताओं ने स्व. सिंह को जनपद का गौरव बताते हुए कहा कि श्री सिंह तीन बार कुलपति के रूप में विश्वविद्यालय को चलाने में अपना योगदान दिए। मुख्य रूप से डॉक्टर फैजाबाद से कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना कराने में कुलपति के रूप में उनके विकास में अपना योगदान प्रदान किया। स्वर्गीय सिंह प्रतिभा के धनी व कार्य मुक्त होने पर जिस तरीके से जनहित का कार्य किया। उसके लिए वह सदैव भी याद किए जाएंगे। उनके निधन से समस्त शैक्षणिक बौद्धिक संस्थाएं स्तब्ध हैं, उसकी पूर्ति किया जाना संभव नहीं है। अंत में सभी अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर कि उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। श्री सिंह अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिए सदैव याद किए जाएंगे।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर किया नमन



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर सपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव समेत अन्य नेताओं ने उन्हें नमन कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

जिला अध्यक्ष श्री यादव ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को नमन करते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी का जन्म ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के पितौझिया गांव में 24 जनवरी 1924 को हुआ था, जिसे अब कपूरीग्राम कहा जाता है। कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन के समय उन्होंने 26 महीने जेल में बिताए थे। वह शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे। वह बहुत ही उदार व सरस ह्रदय के नेता माने जाते थे। पिछड़ों की सेवा भाव ही उनके चरित्र में विद्यमान रहती थी जिसके चलते समाज में उन्हें जननायक के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने पिछड़ों की लड़ाई लड़ते हुए 27 फीसदी का आरक्षण दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह हमारे समाज के लिए किसी एक अभिन्न आदर्श से कम नहीं है। जंयती के अवसर पर मुख्य रूप यशवंता यादव, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, रुक्सार अहमद, दीपचन्द राम, श्रवण जयसवाल, पूनम मौर्या, राजेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल ने किया।

## संक्षेप

### हजारों बच्चियां करती रहीं इंतजार, प्रोटोकॉल आने के बाद भी नहीं आयीं राज्य मंत्री



**भदोही।** नगर के प्रेम बहादुर सिंह भदोही पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय भदोही चैंपियनशिप कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम मिशन शक्ति के अंतर्गत मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के चेयरमैन डीएम सिंह गहरवार के नेतृत्व में हजारों बच्चियों को आत्म रक्षा का प्रशिक्षण दिया गया था जिसका संयुक्त प्रदर्शन नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ।जिसमे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की ग्राम विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम का आगमन सरकारी प्रोटोकॉल के अनुरूप होना था, जिसकी भव्य तैयारी हजारों छात्राओं की उपस्थिति में हुआ था किंतु भदोही आकार भी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई। उनकी अनुपस्थिति में वीर शहीद सुलभ उपाध्याय के पिता अशोक उपाध्याय मुख्य अतिथि और वाराणसी विकास प्राधिकरण के सदस्य अंब्रिश सिंह द्वारा कार्यक्रम में झंडा रोहण करके और दीप प्रज्जवलित करके किया गया। जिसमे सैकड़ों भदोही के प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। भदोही विधायक जाहिद बेग सहित तमाम मानिंद लोग उपस्थित रहे। दूसरे दिन कराटे चैंपियनशिप में सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। जिसमे तीन साल के सरवरे असहाय ने गोल्ड जीता और श्रृष्टि, श्रीजन आदि ने भी गोल्ड जीता। डॉ. ए के गुप्ता, डॉ. राजेंद्र, सलाम अंसारी, सर्वेश राय, शीतला पटेल, डॉ. मुकेश पाल ने विजेता कराटे के बच्चो को मेडल पहना कर सम्मानित किया। कार्यक्रम आयोजक डीएम सिंह गहरवार ने सबका आभार व्यक्त किया।

### युवती को ब्लैकमेल कर अस्मत लूटने का आरोपी गिरफ्तार

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गोपीगंज निवासी एक युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसके अंतरंग वीडियो बनाकर कई माह से ब्लैकमेलिंग करता रहा, साथ ही उसको अपने अन्य दोस्तो के साथ के लिए ब्लैकमेल किया, पर युवती राजी नहीं हुई तो उसका वीडियो वायरल कर उसे मानसिक और सामाजिक स्तर पर प्रताड़ित करते हुए, उससे रुपए और जेवर की मांग करने लगा। युवती के उसे सब कुछ देने के बाद भी उसे बराबर प्रताड़ित करता रहा, आखिर में परेशान होकर उसने थाना गोपीगंज मे तहरीर देकर छह के विरुद्ध मुकदमा कायम कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि युवती का पिक्चर और वीडियो बनाकर उसे बराबर मारता पीटता साथ ही मानसिक, इमोशनली, सेक्सुअली, टॉर्चर करता रहा, युवती के मुताबिक उसने डेढ़ लाख रुपए वीडियो डिलीट करने के लिए लिया। उसके बावजूद भी यह अस्मत लूटने को कहता रहा। इसकी शिकायत हमने उसके घर वालो माता पिता बहन बहनोई से किया तो उन लोगो ने मुझे बुलाकर धमकी दिया और एक कमरे में बंद कर चले गए। जहा पर अमित कुमार मिश्रा पुत्र विजय कुमार मिश्रा निवासी सरई मिश्रानी थाना गोपीगंज ने जबरदस्ती हमारा यौन शौषण किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अमित कुमार मिश्रा पुत्र विजय कुमार मिश्रा , प्राची कुमार उमरवैश्य पुत्र दिलीप कुमार उमरवैश्य निवासी फूलबाग गोपीगंज सहित चार अन्य के विरुद्ध धारा 376, 384, 452, 323, 504, 506, 66ए, आइ टी एक्ट के तहत एक को गिरफ्तार कर बाकी पांच की गिरफ़्तारी के प्रयास में जुटी है।

### जूता लेने के बहाने दुकान में घुसकर लैपटॉप ले उड़े चोर

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जी टी रोड चौराहे पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई, पता कराने पर मालूम हुआ कि तीन युवक ज्ञानपुर बाजार में फिरोज अंसारी पुत्र हन्नान अंसारी की दुकान पर जूता खरीदने को आए और जूता देखने के बहाने दुकानदार के दुकान में रखा लैपटॉप लेकर चंपत हुए। इस दौरान जब दुकानदार को पता चला कि दुकान से लैपटॉप गायब है तो उनका पीछा करते हुए गोपीगंज के बड़े चौराहे पर लैपटॉप सहित दो युवकों पकड़कर पुलिस के हवाले किया जब की एक युवक भागने में सफल रहा। युवकों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मियों का बीएसए ने रोका वेतन



प्राथमिक विद्यालय सम्हाई के बंद गेट पर खड़े बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

जनसंदेश न्यूज

भदोही। नगर क्षेत्र के यूआरसी कार्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को लगातार शिकायते मिल रही थी। शिकायतों का संज्ञान लेकर बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने मंगलवार को दोपहर बाद तीन बजकर तीस मिनट पर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

बीएसए के निरीक्षण में कनिष्ठ सहायक निर्मला देवी, अम्ब्रेष कुमार श्रीवास्तव सहायक लेखाकार व नूसरत जहाँ कार्यालय सहायक हस्ताक्षर करके अनुपथित पाये गये। निरीक्षण के दौरान बीएसए ने समस्त अनुपस्थित समस्त कर्मियों का वेतन मानदेय भुगतान माह जनवरी, 2023 का अग्रिम आदेष तक प्रतिबन्धित कर दिया। इससे पहले बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय सम्हाई विकासखंड ज्ञानपुर का 3:10 पर निरीक्षण किया गया। जहां विद्यालय बंद पाया गया।

नाराज बीएसए ने समस्त अध्यापकों का वेतन भुगतान प्रतिबंधित करने हेतु निर्देश दिया गया है। तीन बजे के बाद बीएसए की कार्यवाही से शिक्षकों में चर्चा का विषय बना रहा।

### शिक्षा विभाग ने नुक्कड़ नाटक द्वारा चलाया जन जागरूकता अभियान

**सुरियावां।** खंड शिक्षा अधिकारी सुमन केसरवानी के नेतृत्व में बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण के मुद्दे पर जन जागरूकता अभियान हेतु नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन पूर्वान्ह में पुरानी बाजार सुरियावां में व अपरान्ह में महजूदा बाजार में आयोजित किया गया। बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण विशेष महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ के कार्यालय के अंतर्गत जेंडर इक्विटी अथवा जन जागरूकता जिसके द्वारा भारत सरकार प्राप्त स्वीकृति के क्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से पूरे प्रदेश में नुक्कड़ नाटक को द्वारा निपुण भारत मिशन जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रदर्शन के उपरांत क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी सुमन केशरवानी द्वारा नामित नोडल शिक्षक अरुण कुमार पांडेय व महजूदा में अनिल कुमार मिश्र व अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने गाजियाबाद को 90 रनों से हराकर किया प्रतियोगिता से बाहर

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में दसवें दिन मंगलवार को दो मैच खेले गये। पहले मुकाबले में किंग्स इलेवन सुरियावां की टीम ने चंडीगढ़ को हराया जबकि दूसरे मैच में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने गाजियाबाद को नब्बे रनों हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया।

पहले मुकाबले में किंग्स इलेवन सुरियावा के कैप्टन आशीष सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित बीस ओवरों में 129 रन बनाकर किंग्स इलेवन सुरियावां की पूरी टीम ऑल आउट हो गई, जिसमें सबसे ज्यादा दीपांकर सिंह ने 32 रनों का योगदान किया। चंडीगढ़ की ओर से गेदबाजी करते हुए प्रिंस ने सबसे अधिक तीन विकेट लिए। 20 ओवरों में 130 रन बनाने का लक्ष्य लेकर उतरी चंडीगढ़ की टीम के बल्लेबाजों को सिंह एवं सुरियावा की टीम ने खुलकर खेलने के लिए ललचाया। किंग्स इलेवन की सधी गेंदबाजी व चुस्त क्षेत्ररक्षण की वजह से चंडीगढ़ की पूरी टीम 97 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार किंग्स इलेवन की टीम ने चंडीगढ़ को 32 रनों से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। दूसरा महत्वपूर्ण मुकाबला आजाद स्पोर्टस क्लब मेढ़ी व गाजियाबाद के बीच खेला गया जिसमें आजाद स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गाजियाबाद को 85 रनों से हराकर करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आजाद स्पोर्ट्स के बल्लेबाजों ने निर्धारित पन्द्रह ओवरों के मैच में सात विकेट की कीमत पर 125 रन बनाए। 126 रनों के विजय लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी गाजियाबाद की टीम को आजाद स्पोर्ट्स क्लब के बल्लेबाजों ने जमने का मौका ही नही दिया।दस ओवरों में ही पूरी टीम को 35 रनों पर आल आउट करके पवेलियन भेज दिया। मैच के दौरान लगभग पन्द्रह हजार की संख्या में दर्शक मौजूद रहें।तीस हजार की संख्या में दर्शको ने बेवसाइट के माध्यम से ऑनलाइन मैच का आनन्द लिया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं की लगाई गई प्रदर्शनी

स्थापना दिवस

### उत्तर प्रदेश दिवस पर त्रिदिवसीय कार्यक्रम का केएनपीजी कालेज में हुआ शुभारम्भ



**भदोही।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम उत्तर प्रदेश दिवस-2023ह्ण का भव्य शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने केएनपीजी कालेज सभागार में द्वीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर ह्यराष्ट्रीय बालिका दिवसह्ण पर महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आयोजित कठपुतली नृत्य द्वारा सभी को प्रेरित किया गया। सभी अतिथियों को सूचना विभाग द्वारा उत्तर प्रदेशः कहानी बदलाव की एवं उद्यमिता की उड़ान पुस्तकें भेंट कर उत्तर प्रदेश के प्रगति पर बल दिया गया। ह्यउत्तर प्रदेश दिवस-2023ह्ण पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने देश के प्रगति पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए शासन व प्रशासन की अन्त्योदय आधारित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, डॉ. कमाल अहमद सिद्की और संचालक प्रोफेसर रिचा यादव ने ह्यउत्तर प्रदेश दिवस-2023ह्ण के विविध घटको से सबको रूबरू कराया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य शुभा श्रीवास्तव, उपायुक्त स्वतः रोजगार श्यामजी, जिला पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, जिला प्रोवेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया, जिला विद्यालय निरीक्षक नन्दलाल गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह, उपायुक्त कृषि डॉ. अश्वनी सिंह, रामेश्वर सिंह, जनप्रतिनिधिगण, जनमानस एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाइक खड़ी कर टवेरा ले उड़ा अज्ञात

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गिराई स्थित एक लान के सामने से सोमवार की रात्रि को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपनी बाईक छोड़कर टवेरा कार ले उड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि जीटी रोड गिराई स्थित एक लान में किसी का कार्यक्रम चला रहा था। उसी कार्यक्रम में आगंतुओ को दूध पिलाने को एक व्यक्ति अपनी गाड़ी में दूध उबालने सहित अन्य उपकरण लेकर आया था। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद जब वह अपनी गाड़ी में सामान रखने गया तो अपनी टवेरा न देखकर हैरान हो गया। जिसकी शिकायत थाना गोपीगंज को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी को देखकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

# गणतंत्र दिवस व सुरक्षा, कानून व्यवस्था को लेकर एसपी ने मातहतों के कसे पेंच

बैठक

### पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन ज्ञानपुर सभागार कक्ष में अपराध समीक्षा के सम्बंध में की गई मासिक गोष्ठी



पुलिस लाइन सभागार में अपराध समीक्षा के सम्बंध में बैठक करते एसपी डॉ. अनिल कुमार

**भदोही।** डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी भदोही, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, एआरटीओ भदोही तथा समस्त थाना व शाखा प्रभारियों के साथ पुलिस लाईन ज्ञानपुर सभागार कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी किया गया।

अपराध गोष्ठी से पूर्व सैनिक सम्मेलन कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं से अवगत होकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। गोष्ठी के दौरान अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही, आगामी गणतंत्र दिवस की संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दिया गया। लुटेरे व पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी सतत निगरानी व सत्यापन करने, यातायात नियमों का पालन न करने पर प्रवर्तन की कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देश दिए गए। लम्बित विवेचनाओं व प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा महिला संबंधित अपराधों में गम्भीरता से कार्यवाही करते हुए अपहृता की सकुशल बरामदगी के लिए कड़े निर्देश दिए गए। सम्भ्रांत व्यक्तियों के बीच में आपसी सौहार्द बनाये रखने के सम्बन्ध में बैठक करके समन्वय स्थापित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



2001 में सिविल सेवा में चयन के बाद भारतीय डाक सेवा के बने अधिकारी

वित्तीय समावेशन व डिजिटल इंडिया में भी डाक विभाग निभा रहा अहम भूमिका

डाकघर में अधिकारी बन कर किया तमाम जनोन्मुखी कार्य

# जन सरोकारों से डाक विभाग का पुराना नाता

राधेश्याम कमल

डाक विभाग देश के सबसे पुराने विभागों में से एक है। जो कि देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह एक ऐसा संगठन है जो न केवल देश के भीतर बल्कि देश की सीमाओं से बाहर अन्य देशों तक पहुंचने में भी हमारी मदद करता है। 1 अक्टूबर, 1854 को एक विभाग के रूप में स्थापित भारतीय डाक विभाग सिर्फ पत्र ही नहीं पहुंचा रहा, बल्कि सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुंचा रहा है। वित्तीय समावेशन और अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका है। एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुउद्देशीय बनाया गया है। बचत, बीमा, मनी ट्रांसफर, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, श्री काशी विश्वनाथ प्रसाद और गंगाजल बिक्री, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं। 'डाकिया डाक लाया' से 'डाकिया बैंक लाया' तक के सफर में इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से लोगों को घर बैठे बैंकिंग, डीबीटी सहित तमाम सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। आमजन में अटूट विश्वास, जन सेवा, विश्वसनीयता का प्रतीक डाक विभाग नवीन सेवाओं और नई टेक्नोलॉजी के साथ अपनी सेवाओं का निरंतर विस्तार करते हुए नित्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कोरोना महामारी के दौर में चुनौतियों को स्वीकार करते हुए डाककर्मियों ने कोरोना वॉरियर्स के रूप में नई भूमिका निभाई, वहीं आजादी का अमृत महोत्सव से लेकर हर घर तिरंगा अभियान में डाकघरों की महती भूमिका रही है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव से जनसंदेश टाइम्स की खास मुलाकात हुई। प्रस्तुत है उनसे बातचीत के प्रमुख अंश।

### सोशल मीडिया के इस दौर में भी पत्रों की है अहमियत

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि मोबाइल, ई-मेल और सोशल मीडिया के इस दौर में भी पत्रों की अपनी अहमियत है। आज भी व्यक्तिगत और बिजनेस डाक के अलावा तमाम महत्वपूर्ण दस्तावेज - सरकारी व कोर्ट संबंधी पत्रों के साथ आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आई कार्ड, पैन कार्ड, विभिन्न बैंकों की चेक बुक व एटीएम कार्ड डाकघरों से ही भेजे जाते हैं।

### रेल पोस्ट गति शक्ति एक्सप्रेस सेवा

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि भारतीय डाक विभाग और रेलवे के संयुक्त तत्त्वावधान में आरम्भ इस सेवा को सर्वप्रथम वाराणसी से सूरत के बीच 31 मार्च, 2022 को आरम्भ किया गया। इसमें सामान को भेजने और प्राप्त करने के लिए कहीं भी जाने की जरुरत नहीं है। इसमें पार्सल की बुकिंग एवं डोर-टू-डोर डिलीवरी डाकघरों के माध्यम से की जाती है।

### डाकघर बचत योजना

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि आमजन में डाकघर की बचत योजनाएँ बेहद लोकप्रिय हैं और इनमें लोग पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित निवेश करते आ रहे हैं। वाराणसी परिक्षेत्र में लगभग 30 लाख खाते संचालित हैं। इनमें बचत बैंक,आरडी, टीडी, एमआईएस, पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और एनएससी व केवीपी शामिल हैं। लघु बचत योजनाओं में जमा करके आयकर छूट का लाभ भी लिया जा सकता है।

### सुकन्या समृद्धि योजना

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के तहत आरंभ सुकन्या समृद्धि योजना बालिकाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभा रही है। 10 साल तक की बालिकाओं का मात्र 250 रुपए में सुकन्या समृद्धि खाता किसी भी डाकघर में खुलवाया जा सकता है। 7.6 फीसदी आकर्षक ब्याज दर वाली इस योजना में एक वर्ष में अधिकतम डेढ़ लाख जमा किये जा सकते हैं।

### इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। किसानों सहित अन्य तमाम लाभार्थियों के बैंक खातों में आने वाली डीबीटी राशि की निकासी के लिए अब किसी को भी बैंक या एटीएम जाने की जरूरत नहीं, बल्कि घर बैठे ही सभी अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते से डाकिया के माध्यम से निकासी कर सकते हैं।

### डाक जीवन बीमा

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि डाक जीवन बीमा देश की सबसे पुरानी जीवन बीमा योजना है, जिसकी शुरूआत 1884 में हुई थी। सरकारी/अर्द्ध सरकारी कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा के कवच के रूप में आरंभ डाक जीवन बीमा का दायरा भारत सरकार ने अब बढ़ा दिया है। अब केंद्र व राज्य सरकारों से मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय/संस्था के सभी स्नातक/डिप्लोमा धारक भी डाक जीवन बीमा का लाभ उठा सकते हैं। 20 हजार से 50 लाख रुपए तक का बीमा करवाने की सुविधा उपलब्ध है।

### कॉमन सर्विस सेंटर

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि आमजन को विभिन्न सेवाओं के लिए भटकना न पड़े और सारी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकें, इसके लिए अब डाकघरों में भी कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना की गई है। यहाँ एक साथ केंद्र व विभिन्न राज्य सरकारों की 73 सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं। वाराणसी परिक्षेत्र में 40 हजार से ज्यादा लोग डाकघरों के कॉमन सर्विस सेंटर से लाभ उठा चुके हैं।

### आधार नामांकन और अद्यतनीकरण

स्कूल में बच्चों के एडमिशन से लेकर सामाजिक सुरक्षा डीबीटी योजनाओं का लाभ लेने हेतु तक आज आधार अनिवार्य है। डाकघरों के माध्यम से लोगों के आधार मुफ्त में बनाये जाते हैं, वहीं निर्धारित राशि लेकर अपडेशन किया जाता है। वाराणसी परिक्षेत्र में इस वित्तीय वर्ष में 6.5 लाख लोग डाकघरों/आईपीपीबी के माध्यम से आधार नामांकन और अपडेशन करवा चुके हैं।

# प्रशासनिक सेवा में रह कर साहित्यिक लेखन में जुड़े हैं कृष्ण कुमार यादव

राजकीय सेवा के दायित्वों का निर्वहन के साथ कृतियों की भी सृर्जना

अब तक कुल सात पुस्तकें हो चुकी है प्रकाशित

प्रशासनिक सेवा में रहकर चिन्तन मनन करना एवं साहित्यिक लेखन करना अपने आप में एक विशिष्ट उपलब्धि है। राजकीय सेवा के दायित्वों का निर्वहन और श्रेष्ठ कृतियों की सर्जना का यह मणि-कांचन योग विरले ही मिलता है।



पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव

समकालीन साहित्यकारों में चर्चित कवि, लेखक, ब्लॉगर व चिन्तक एवं भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, सम्प्रति वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव इस विरल योग के ही प्रतीक हैं। विभिन्न विधाओं में अब तक कुल 7 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं-'अभिलाषा' (काव्य-संग्रह), 'अभिव्यक्तियों के बहाने', 'अनुभूतियाँ और विमर्श', '16 आने 16 लोग'(निबंध-संग्रह), 'जंगल में क्रिकेट' (बाल-गीत संग्रह), 'क्रांति-यज्ञ : 1857-1947 की गाथा', 'इंडिया पोस्ट : ग्लोरियस इयर। शब्द सृजन की ओर (केके यादव ब्लाग पोस्ट. इन) और डाकिया डाक लाया (डाक बाबू.ब्लाग पोस्ट.इन) आपके चर्चित ब्लॉग हैं । दशक के श्रेष्ठ हिन्दी ब्लॉगर दम्पति और परिकल्पना ब्लॉगिंग सार्क शिखर सम्मान सहित नेपाल, भूटान और श्रीलंका सहित तमाम देशों में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ब्लॉगर्स सम्मेलन में आप सम्मानित हो चुके हैं। 10 अगस्त 1977 को तहबरपुर, आजमगढ़ (उ.प्र.) में जन्मे कृष्ण कुमार यादव ने जवाहर नवोदय विद्यालय, जीयनपुर, आजमगढ़ एवं तत्पश्चात इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 1999 में राजनीति शास्त्र में एम.ए. किया। वर्ष 2001 में प्रथम प्रयास में ही भारत की प्रतिष्ठित सिविल सेवा में चयन पश्चात आप भारतीय डाक सेवा के अधिकारी बने। सम्प्रति 18 सितंबर, 2020 से वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल पद पर कार्यरत हैं।

## देश-विदेश के तमाम प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त किया



डाक सेवाओं के विभिन्न आयामों को लेकर देश-विदेश के तमाम प्रतिष्ठित संस्थानों में आपने प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। इनमें भारतीय प्रबंध संस्थान लखनऊ और शिलांग, राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान, फरीदाबाद, भारतीय राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, बंगलौर, इंफोसिस कैंपस, मैसूर, बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान, लखनऊ प्रमुख हैं। भारत सरकार द्वारा 'एक्जीक्यूटिव डेवेलपमेंट प्रोग्राम' के तहत वर्ष 2009 में दक्षिण कोरिया और 'मैनेजमेंट डेवेलपमेंट प्रोग्राम' के तहत वर्ष 2009 में लंदन, फ्रांस, जर्मनी व नीदरलैंड में आपने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी 'मिशन कर्मयोगी' पहल के तहत लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में अक्टूबर-नवंबर, 2021 में आयोजित 'कॉमन मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम - लीडिंग टू लर्न' में आप शामिल हुए। इसी क्रम में आपने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन और मेसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कैम्ब्रिज में भी ऑनलाइन ट्रेनिंग ली। साहित्य जगत में यह गौरव प्राप्त कि परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ हिंदी साहित्य, लेखन और ब्लॉगिंग में सक्रिय हैं। पिता श्रीराम शिवमूर्ति यादव के साथ-साथ जीवन-संगिनी आकांक्षा यादव और पुत्री अक्षिता (पाखी) भी लेखन और ब्लॉगिंग में सक्रिय हैं। कृष्ण कुमार यादव को देश-विदेश में विभिन्न प्रतिष्ठित सामाजिक-साहित्यिक संस्थाओं द्वारा विशिष्ट कृतित्व, रचनाधर्मिता और प्रशासन के साथ-साथ सतत साहित्य सृजनशीलता हेतु शताधिक सम्मान और मानद उपाधियाँ प्राप्त हैं।

### फिलेटली

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि डाक टिकटों के संग्रह और अध्ययन की अभिरुचि को विकसित करने हेतु डाक विभाग तमाम कदम उठा रहा है। वाराणसी से जुड़े तमाम महान विभूतियों और महत्वपूर्ण स्थलों पर डाक टिकट जारी किये जा चुके हैं। डाक टिकटों और पत्र लेखन से युवाओं को जोड़ने के लिए माई स्टैम्प, फिलेटली डिपॉजिट एकाउंट, ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता, स्टाम्प डिजाइनिंग और दीनदयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना जैसी तमाम अभिनव पहल की गई हैं। मात्र 200 रुपए में वाराणसी प्रधान डाकघर स्थित फिलेटलिक ब्यूरो में फिलेटलिक डिपॉजिट एकाउंट खोलने की सुविधा है, जहाँ से घर बैठे नई डाक टिकटें और अन्य सामग्री प्राप्त होती रहेंगी। 'माई स्टैम्प' सेवा के तहत अब डाक टिकटों पर लोग अपनी तस्वीर भी छपवा सकते हैं।

### आजादी का अमृत महोत्सव' और 'हर घर तिरंगा'

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि 'आजादी का महोत्सव' के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान में डाक विभाग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डाकघरों के माध्यम से शहरों के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण अंचलों में तिरंगे की मात्र 25 रुपए में बिक्री की गई। इस अभियान के तहत डाककर्मियों ने विभिन्न प्रभात फेरी, रैलियाँ निकालकर देशभक्ति की सामूहिक चेतना को घर-घर पहुँचाने का कार्य किया। गंगा तट के नमो घाट (खिड़किया घाट) पर डाक विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने जनमानस के साथ मिलकर विशाल तिरंगा रैली निकाली। डाक बाँटते समय डाकिया ने भी लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया, वहीं सोशल मीडिया पर भी डाक विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

### श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पर विशेष मुहर

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का नव्य, भव्य व दिव्य रूप में 13 दिसंबर को लोकार्पण किया गया। इस दिन को यादगार बनाने हेतु डाक विभाग ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी पर एक स्थाई चित्रात्मक मुहर जारी किया, जिसे वाराणसी प्रधान डाकघर से देश-दुनिया को आने-जाने वाले पत्रों पर अंकित किया जाता है। इस मुहर के मध्य में मंदिर के शिखर और उस पर अंकित धर्म ध्वजा को उकेरा गया है एवं किनारे गोलाई में हिंदी व अंग्रेजी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी अंकित किया गया है।

### ऑनलाइन मॉनिटरिंग तंत्र व शिकायत निवारण प्रणाली

डाक विभाग विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। ऐसे में सेवाओं में गुणवत्ता व समयबद्ध तरीके से कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु ऑनलाइन डैशबोर्ड बनाए गए हैं। डैशबोर्ड पर उपलब्ध विभिन्न रिपोर्ट्स के माध्यम से डाकघरों के कार्यों की निगरानी हर स्तर पर की जा रही है।

### प्रधान डाकघरों में पार्सल पैकिंग यूनिट की स्थापना

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि ई-कामर्स और पार्सल को बढ़ावा देने हेतु कैश ऑन डिलीवरी, वाराणसी सिटी डाकघर कैम्पस में नोडल मेकेनाइज्ड डिलीवरी, विशेश्वरगंज स्थित वाराणसी प्रधान डाकघर और वाराणसी कैण्ट प्रधान डाकघर में पार्सल पैकिंग यूनिट की स्थापना की गयी है।



# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से पीएम ने की बातचीत

## 11 बच्चों को मिला है अवार्ड, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से बातचीत की। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई भी मौजूद रहे। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को विज्ञान भवन में 11 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वाले बच्चों में 6 लड़के हैं और 5 लड़कियां हैं। ये बच्चे देश के अलग-अलग क्षेत्रों से इनोवेशन, समाज सेवा, शैक्षिक, खेल, कला-संस्कृति और वीरता की कैटेगरी के लिए चुने गए हैं।

**6 अलग-अलग कैटेगरी में दिया गया है पुरस्कार:** हर साल केंद्र सरकार बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए ये पुरस्कार देती है। ये पुरस्कार 5 से 18 साल की उम्र के बच्चों को 6 अलग-अलग कैटेगरी दिया जाता है, जो राष्ट्रीय मान्यता के पात्र हैं। सभी पुरस्कार विजेता को एक मेडल, 1 लाख रुपए और सर्टिफिकेट दिया जाता है। बाल पुरस्कार विजेता हर साल गणतंत्र दिवस परेड में भी हिस्सा लेते हैं। इस साल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देश के सभी क्षेत्रों से चुने गए 11 बच्चों को कला और संस्कृति में 4, वीरता के लिए 1, इनोवेशन के लिए 2, समाज सेवा के लिए 1 और खेल के लिए 3 पुरस्कार दिए गए हैं।

### 27 जनवरी को परीक्षा पर चर्चा करेंगे पीएम मोदी

गणतंत्र दिवस के अगले दिन यानी 27 जनवरी को ढट मोदी बच्चों के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री बच्चों से बोर्ड परीक्षा के संबंध में बातचीत करेंगे, साथ ही उन्हें परीक्षा तैयारियों को लेकर टिप्स देंगे। कार्यक्रम दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होगा। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का यह छठा संस्करण है।

### पिछले साल 29 बच्चों को मोदी ने वर्चुअली सम्मानित किया था

पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का वितरण किया था। उन्होंने बच्चों को डिजिटल सर्टिफिकेट और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के जरिए पुरस्कार राशि सौंपी दी थी। इन पुरस्कारों के लिए देशभर से 61 बच्चों को चुना गया था। इस दौरान मोदी ने पुरस्कार पाने वालों बच्चों को बधाई भी दी थी।

# रेसलर्स को ओवरसाइट कमेटी पर नहीं है भरोसा



भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विरोध में शुरू हुआ भारतीय पहलवानों के विरोध का मामला अभी थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। दिग्गज पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया ने मंगलवार को खेल मंत्रालय द्वारा कुश्ती संघ का कामकाज देखने के लिए एमसी मैरी कॉम की अगुआई में बनाई गयी ओवरसाइट कमेटी को लेकर अपनी निराशा जताई है। पहलवानों ने ट्विटर पर पोस्ट करते हुए लिखा हमें आश्वासन दिया गया था कि ओवरसाइट कमेटी के गठन से पहले हमसे सलाह ली जाएगी। यह बहुत दुख की बात है कि इस समिति के गठन से पहले हमसे सलाह तक नहीं ली गई

**कुश्ती संघ में दंगल**

### बजरंग-साक्षी और विनेश ने जताई नाराजगी

### अनुराग ठाकुर ने दिए थे कमेटी के नाम

सोमवार (23 जनवरी) को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अगले एक महीने के लिए भारतीय कुश्ती संघ के कामकाज को चलाने के लिए पांच सदस्यीय समिति का नाम दिया था। उन्होने कहा था कि डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करेंगे और डब्ल्यूएफआई के कामकाज से दूर रहेंगे। डब्ल्यूएफआई के दिन-प्रतिदिन के कामकाज को ओवरसाइट कमेटी द्वारा उनकी अनिवार्य अवधि तक देखा जाएगा। उन्होने कहा था कि यह कमेटी डब्ल्यूएफआई और उसके प्रमुख के खिलाफ गंभीर आरोपों की भी जांच करेगी।

खेल मंत्रालय ने कहा था कि निगरानी समिति विश्व चैंपियन मैरी कॉम की अध्यक्षता में होगी। उनके साथ पहलवान योगेश्वर दत्त, तृप्ती मुरगुंडे, राधिका श्रीमन और राजेश राजगोपालन को भी समिति में शामिल किया गया है। अगले एक महीने में यह कमेटी सभी पक्षों से बात कर यौन आरोपों और अन्य आरोपों की जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। तब तक डब्ल्यूएफआई के सभी दिन-प्रतिदिन के फैसले और कामकाज इस समिति द्वारा देखे जाएंगे।

### साक्षी मलिक ने किया ट्वीट हमसे सलाह तक नहीं ली गयी

ओलंपियन पहलवान साक्षी मलिक ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, हमें आश्वासन दिया गया था कि ओवरसाइट कमेटी के गठन से पहले हमसे सलाह ली जाएगी। बहुत दुख की बात है कि इस समिति के गठन से पहले हमसे सलाह तक नहीं ली गई। साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को टैग भी किया है।

# गौ हत्या का मामला बताकर मारी थी गोली

## अब 12 पुलिसकर्मियों पर हुई एफआईआर

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इन पुलिसकर्मियों में तीन सब-इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। इन सभी पर एक पचास वर्षीय किसान की हत्या का आरोप है। मृतक पर पुलिस ने गौ हत्या का आरोप लगाया था। मृतक की पत्नी ने एक बातचीत में कहा कि वो सभी आरोपियों की गिरफ्तारी तक चैन से नहीं बैठेंगी। जीशान हैदर नकवी की मौत सितंबर 2021 में हुई थी। उनकी पत्नी अफरोज नकवी ने इंडियन एक्सप्रेस कहा, हमें इस लड़ाई में जीत मिली है लेकिन जब तक मेरे पति को इंसाफ नहीं मिल जाता है तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इन



पुलिसकर्मियों ने मेरे तीन बच्चों को अनाथ किया है। इन्हें सलाखों के पीछे होना चाहिए। जबतक इन सभी को गिरफ्तार नहीं किया जाता मैं चैन से नहीं बैठूंगी। सहारनपुर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार द्वारा केस दर्ज करने के आदेश दिए जाने के दो दिन बाद 12 पुलिसकर्मियों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि इन पुलिसकर्मियों पर हत्या और आपराधिक साजिश से संबंधित आईपीसी की धाराएं लगाई गई हैं।जीशान के परिवार का कहना है कि उन्हें घर से ले जाकर मारा गया था जबकि पुलिस का कहना है कि वो थेटकी गांव के पास जंगल में गौ हत्या की गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर रही थी । जीशान हैदर नकवी घटना स्थल पर मौजूद थे। उनके पास एक देशी कट्टा था, वहां से भागते समय उन्होंने गलती से खुद को गोली मार ली। तब पुलिस ने दावा किया कि उन्हें घटना स्थल से मरी हुई गाय और जानवर को काटने वाले उपकरण भी बरामद किए थे। नकवी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई जबकि 5 अन्य आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

### 5 सितंबर 2021 को हुई थी जीशान की हत्या!

जीशान सहारनपुर के थेटकी गांव में 40 बीघा जमीन के मालिक थे। वह समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सैय्यद इसा रजा के चचेरे भाई थे। 5 सितंबर 2021 को पुलिस रेड में उनके पैर में गोली लगी थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी।

### 7 सितंबर 2021 को हुई शिकायत

जीशान हैदर की हत्या के बाद उनकी पत्नी अफरोज ने 7 सितंबर 2021 को ररढ ऑफिस में शिकायत दर्ज करवाई। अफरोज ने शिकायत में कहा, मेरे पति घर पर थे जब पुलिस उन्हें पास के एक खेत में ले गई और उन्हें मार डाला। मैं अपने पति के हत्यारों के लिए न्याय चाहती हूं। जब अफरोज की शिकायत पर कोई एक्शन नहीं लिया गया तो उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सहित कई जगह शिकायत की। 22 फरवरी को अफरोज ने आखिरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद लखनऊ बेंच ने सहारनपुर अदालत को मामले को जल्दी निपटाने का निर्देश दिया।

### ब्रेन हैमरेज के शिकार हुए सुखपाल सिंह

सहारनपुर अदालत द्वारा केस दर्ज करने का आदेश दिए जाने के कुछ ही घंटों बाद गोपाली पुलिस चौकी में तैनात 53 वर्षीय हेड कांस्टेबल सुखपाल सिंह को ब्रेन हैमरेज हो गया। उन्हें एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। देवबंद कोतवाली के इंचार्ज हृदय नारायण सिंह ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिन पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर हुई है, जब हम उनकी वर्तमान पोस्टिंग की जानकारी जमा कर लेंगे तो हम कार्रवाई शुरू कर पाएंगे।